महानगर नई दिल्ली बुधवार 1 जनवरी, 2020, रु. 5.00 (12 पेज) दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित

जनसत्ता

jansatta.com epaper.jansatta.com facebook.com/jansatta twitter.com/jansatta

केरल विस में सीएए विरोधी प्रस्ताव पारित

तिरुवनंतपुरम, 31 दिसंबर (भाषा)।

राज्य में सत्तारुढ़ माकपा नीत एलडीएफ और विपक्षी कांग्रेस नीत यूडीएफ ने सीएए के खिलाफ पेश प्रस्ताव का समर्थन किया, वहीं, भाजपा के एकमात्र विधायक एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री ओ राजगोपाल ने इसका विरोध किया। यह विधानसभा का एक दिन का विशेष सत्र था। यह प्रस्ताव मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने पेश किया था।

विशेष एक दिवसीय सत्र में प्रस्ताव मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने पेश किया

इससे पहले प्रस्ताव पेश करते हुए विजयन ने कहा कि सीएए धर्मनिरपेक्ष नजरिए और देश के तानेबाने के खिलाफ है तथा इसमें नागरिकता देने में धर्म के आधार पर भेदभाव होगा। उन्होंने कहा, 'यह कानून संविधान के आधारभूत मूल्यों और सिद्धांतों के विरोधाभासी है।' विजयन ने कहा, 'देश के लोगों के बीच चिंता को देखते हुए केंद्र को सीएए को वापस लेने के कदम उठाने चाहिए और संविधान के धर्मनिरपेक्ष नजरिए को बरकरार रखना चाहिए।' विजयन ने विधानसभा को यह भी आश्वासन दिया कि इस दक्षिणी राज्य में कोई निरोध केंद्र नहीं खोला जाएगा।

सत्र शुरू होते हुए विधानसभा में भाजपा के इकलौते विधायक ओ राजगोपाल ने प्रस्ताव पर आपत्ति जताते हुए कहा कि यह गैरकानूनी है क्योंकि संसद के दोनों सदनों ने सीएए कानून को पारित कर दिया है।

विधानसभाओं के पास सीएए पर कोई शक्ति नहीं : रविशंकर

तिरुवनंतपुरम, 31 दिसंबर (भाषा)।

केंद्रीय कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने मंगलवार को कहा कि नागरिकता पर कोई कानून पारित करने की शक्तियां सिर्फ संसद के पास है और केरल विधानसभा सहित किसी राज्य विधानसभा को यह अधिकार प्राप्त नहीं है। नागरिकता (संशोधन) अधिनियम रद्द करने की मांग करने वाला एक प्रस्ताव केरल विधानसभा द्वारा पारित किए जाने के कुछ ही घंटों बाद उनका यह बयान आया है। बाकी पेज 8 पर

बांग्लादेश ने भारतीय सीमा पर मोबाइल सेवा पर लगाई रोक

ढाका, 31 दिसंबर (भाषा)।

बांग्लादेश सरकार ने भारत के साथ लगे सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए मौजूदा परिस्थितियों में मोबाइल नेटवर्क पर अस्थायी रोक लगा दी है। खबरों के अनुसार इस कदम से क्षेत्र में करीब एक करोड़ लोग प्रभावित होंगे। बाकी पेज 8 पर

जनरल रावत और जनरल नरवणे ने संभाला कामकाज

'सीमा पर हर चुनौती से निपटने को सेना तैयार'

"सेना पाक और चीन से लगी सीमा पर बेहतर तरीके से चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हुई है।'

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 31 दिसंबर।

थल सेना प्रमुख के पद से विदा होने के कुछ घंटे पहले जनरल बिपिन रावत ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान, चीन से लगी भारत की सीमा पर पैदा होने वाली किसी बाकी पेज 8 पर

जनरल नरवणे कामकाज संभालने के बाद जनरल रावत से हाथ मिलाते हुए

'पाक आतंकी अड्डे बंद करे, वर्ना हमले का अधिकार'

"पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद के किसी भी कृत्य का जवाब देने के लिए कई सारे विकल्प हैं।'

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 31 दिसंबर।

जनरल मनोज मुकुंद नरवणे ने मंगलवार को भारत के 28वें सेना प्रमुख का कार्यभार संभाल लिया। वह 13 लाख सैनिकों वाले बल का नेतृत्व करेंगे। कार्यभार संभालते बाकी पेज 8 पर

कश्मीर में नए साल में एसएमएस सेवा बहाल

जम्मू कश्मीर के प्रमुख सचिव रोहित कंसल ने जानकारी देते हुए कहा कि सरकारी स्कूलों और अस्पतालों में ब्रॉडबैंड सेवाएं भी शुरू की गई हैं। उन्होंने कहा कि 31 दिसंबर की मध्यरात्रि से पूरे कश्मीर में सेवाएं पूरी तरह बहाल करने का फैसला लिया गया है।

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 31 दिसंबर।

नए साल के साथ ही कश्मीर घाटी में करीब पांच महीने से बंद मोबाइल एसएमएस सेवा आधी रात से बहाल कर दी गई है। सरकारी स्कूलों और अस्पतालों में ब्रॉडबैंड सेवाएं भी शुरू की गई हैं। जम्मू कश्मीर के प्रमुख सचिव रोहित कंसल ने इस बात की जानकारी दी। इससे पहले छात्रों, छात्रवृत्ति आवेदकों, कारोबारियों और अन्य की सुविधा के लिए दस दिसंबर को मोबाइल फोन पर एसएमएस सेवा शुरू की गई थी। कंसल ने कहा कि 31 दिसंबर की मध्यरात्रि से पूरे कश्मीर में सेवाएं पूरी तरह बहाल करने का फैसला लिया गया है।

सरकार ने कुल 149 दिन तक एसएमएस सेवाओं पर प्रतिबंध रखा

कंसल ने कहा, 'एसएमएस सेवाएं व अस्पतालों में इंटरनेट को 31 दिसंबर की आधी रात से शुरू किया जा रहा है। हालात सामान्य करने के सरकार के प्रयासों का यह नतीजा है।' उन्होंने कहा कि इंटरनेट पर रोक के कारण अस्पतालों में बीमारों की तीमारदारी प्रभावित हो रही थी। बाकी पेज 8 पर

आतंकी संगठनों में जाने वाले युवकों की तादाद घटी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 31 दिसंबर।

जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) दिलबाग सिंह ने मंगलवार को कहा कि इस केंद्र शासित प्रदेश में 2019 में 160 आतंकवादी मारे गए और 102 को गिरफ्तार किया गया। आतंकवादी संगठनों में शामिल होने वाले स्थानीय युवाओं की संख्या में कमी आई है।

उन्होंने कहा, '2018 में इस तरह के 218 (स्थानीय) युवक आतंकवादी संगठनों में शामिल हुए थे, लेकिन 2019 में केवल 139 शामिल हुए है। उन्होंने कहा कि आतंकवादी घटनाओं में 30 फीसद की कमी आई है और पिछले वर्ष की तुलना में कानून एवं व्यवस्था से जुड़ी घटनाओं में 36 फीसद की गिरावट आई है। डीजीपी ने कहा, 'इस वर्ष इस तरह (कानून एवं व्यवस्था) की केवल 481 घटनाएं हुई है जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 625 थी।'

जम्मू कश्मीर में पथकर चौकियां खत्म

नई दिल्ली, 31 दिसंबर (भाषा)।

जम्मू कश्मीर प्रशासन ने जम्मू-पठानकोट राजमार्ग पर लखनपुर सहित सभी पथकर चौकियों को समाप्त करने की मंगलवार को घोषणा की।

यह फैसला नव वर्ष एक जनवरी 2020 से लागू हो जाएगा। इससे राज्य को सालना 1,500 करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान होने का अनुमान है। इस फैसले का व्यापारियों ने स्वागत किया है जबकि उद्यमियों ने इसे 'राज्य में औद्योगिक क्षेत्र की बाकी पेज 8 पर

दिल्ली सहित उत्तर भारत में शीतलहर जारी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 31 दिसंबर।

दिल्ली सहित समूचे उत्तर भारत में शीतलहर व हाड़ कंपा देने वाली ठंड का कहर मंगलवार को भी जारी रहा। राजधानी में सुबह का न्यूनतम तापमान 4.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सोमवार की सुबह से दो डिग्री अधिक है। उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में भी शीतलहर का प्रकोप जारी रहा। मौसम विभाग ने जम्मू कश्मीर में बुधवार से बर्फबारी की आशंका जताई है। यूपी में कानपुर का तापमान दिन की शुरुआत में शून्य डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

दिल्ली में न्यूनतम तापमान 4.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया
कानपुर में पारा शून्य पर पहुंचा
कश्मीर घाटी में बुधवार को हो सकती है बर्फबारी

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के कई हिस्सों में हल्का कोहरा छाया रहा। कोहरे के कारण कम से कम 34 ट्रेनें देरी से चल रही हैं। मौसम विभाग के अधिकारियों के अनुसार, सफदरजंग वेधशाला में न्यूनतम तापमान 4.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो मौसम के औसत से दो डिग्री नीचे है। पालम में न्यूनतम तापमान 4.1 डिग्री सेल्सियस, लोधी रोड में 3.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि आयानगर में यह 4.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिल्ली में सोमवार को अधितम तापामन लुढ़ककर 9.4 डिग्री सेल्सियस पर आ गया था।

दिल्ली के लिए 1901 के बाद दूसरा सबसे अधिक ठंड वाला बाकी पेज 8 पर

बढ़ा रेल किराया आज से लागू

यात्री ट्रेनों में एक से चार पैसे प्रतिकिमी की बढ़ोतरी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 31 दिसंबर।

नए साल में रेल सफर करने वाले यात्रियों को अधिक किराया देना होगा। बुधवार से भारतीय रेलवे ने यात्री ट्रेन के लिए एक पैसे से चार पैसे प्रतिकिलोमीटर तक किराया बढ़ाने की घोषणा की है। अब वातानुकूलित श्रेणी से सफर करने वाले यात्रियों को अधिक पैसा खर्च करना होगा। रेलवे बोर्ड के निदेशक यात्री विपण्ण शैली श्रीवास्तव ने यह आदेश जारी किया है। आदेशों के मुताबिक उपनगरों को जोड़ने वाली रेल के किराए में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। उप नगरों के एकल टिकट व अन्य टिकट की दरों में कोई इजाफा नहीं होगा।

उपनगरों को जोड़ने वाली रेल के किराए में कोई बढ़ोतरी नहीं

ताजा आदेश एक जनवरी 2020 से ही मान्य

आदेशों के मुताबिक सामान्य गैर वातानुकूलित ट्रेन में सभी श्रेणी में एक पैसे प्रतिकिलोमीटर की दर से इजाफा लागू होगा। इसमें द्वितीय श्रेणी बाकी पेज 8 पर

कांग्रेस विधायक के समर्थकों ने कार्यालय में की तोड़फोड़

पुणे, 31 दिसंबर (भाषा)।

भोर के कांग्रेस के विधायक संग्राम थोप्टे के समर्थकों ने उन्हें महाराष्ट्र मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किए जाने को लेकर मंगलवार को यहां पार्टी कार्यालय पर हमला किया।

संग्राम थोप्टे को महाराष्ट्र मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किए जाने को लेकर नाराज हुए समर्थक

मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने सोमवार को 36 मंत्रियों को शामिल कर महीने भर पुराने अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया था। मंत्रिमंडल में अब 43 सदस्य हो गए हैं। पुलिस ने यहां बाकी पेज 8 पर

पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की ओर कदम

102 लाख करोड़ की परियोजनाओं की पहचान

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 31 दिसंबर।

आर्थिक सुस्ती को दूर करने और देश को पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में पहल करते हुए सरकार ने 102 लाख करोड़ रुपए की ढांचागत परियोजनाओं की पहचान की है। जिनपर अगले पांच साल के दौरान अमल किया जाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी।

वित्त मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने भाषण में ढांचागत क्षेत्र की परियोजनाओं में 100 लाख करोड़ रुपए निवेश करने के बारे में कहा था। उन्होंने कहा कि इसके बाद चार माह की अल्पावधि बाकी पेज 8 पर

खर्च में कटौती की कवायद शुरू की सरकार ने

नई दिल्ली, 31 दिसंबर (भाषा)।

सरकार की राजस्व प्राप्ति में कमी को लेकर चिंता अब दिखने लगी है। उसने चालू वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही के दौरान सरकारी खर्च में कटौती के उपाय शुरू कर दिए हैं। इसके तहत बाकी पेज 8 पर

बुनियादी उद्योगों का उत्पादन नवंबर में गिरा 1.5 फीसद

नई दिल्ली, 31 दिसंबर (भाषा)।

खनिज ईंधन, बिजली और इस्पात जैसे क्षेत्र के उत्पादन में गिरावट के चलते बुनियादी क्षेत्र के आठ उद्योगों का उत्पादन नवंबर महीने में एक साल पहले के मुकाबले 1.5 फीसद कम रहा। यह लगातार चौथा महीना है जब बुनियादी उद्योगों के उत्पादन में संकुचन आया है।

मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक इन आठ में से पांच बुनियादी उद्योगों के उत्पादन में बड़ी गिरावट से नवंबर में इनमें कुल मिला कर संकुचन हुआ। नवंबर 2018 में आठ उद्योगों के उत्पादन में 3.3 फीसद की वृद्धि दर्ज की गई थी।

ताजा आंकड़ों के मुताबिक समीक्षाधीन

लगातार चौथा महीना उद्योगों के उत्पादन में संकुचन आया

महीने (नवंबर-2019) में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, इस्पात और बिजली के उत्पादन में गिरावट दर्ज की गई है। सीमेंट उद्योग की वृद्धि दर घटकर नवंबर, 19 में 4.1 फीसद पर आ गई, बाकी पेज 8 पर

पहली तिमाही (अप्रैल से जून) के नतीजों में भोपाल दूसरे स्थान पर रहा | **स्वच्छता सर्वेक्षण 2020** | दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) के नतीजों में राजकोट दूसरे स्थान पर रहा

सफाई के सालाना मुकाबले में इंदौर फिर आगे

इंदौर, 31 दिसंबर (भाषा)।

लगातार तीन बार देश के सबसे साफ-सुथरे शहर का खिताब हासिल करने वाले इंदौर ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2020 शुरू होने से ऐन पहले सफाई के इस सालाना मुकाबले में बढ़त बना ली है। आगामी चार जनवरी से शुरू होने जा रहे इस सर्वेक्षण की दो आरंभिक रैंकिंग में मध्य प्रदेश का यह सबसे बड़ा शहर देश भर में अव्वल रहा है। इन नतीजों के बाद इंदौर की महापौर ने शहरवासियों को बधाई दी है।

आवास और शहरी मामलों के केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने दो स्वच्छ सर्वेक्षण लीगों (अप्रैल से जून और जुलाई से सितंबर) के ये तिमाही आधारित नतीजे मंगलवार को नई दिल्ली में घोषित किए। पहली तिमाही (अप्रैल से जून) के नतीजों में भोपाल दूसरे स्थान पर रहा जबकि दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) के नतीजों में राजकोट ने दूसरा स्थान हासिल किया। पहली तिमाही में सूरत को और दूसरी तिमाही में नवी मुंबई को तीसरा स्थान मिला।

इंदौर की महापौर मालिनी लक्ष्मणसिंह गौड़ ने ट्वीट किया, 'अब मुख्य परीक्षा की घड़ी आने वाली है। आगामी चार से 31 जनवरी तक स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 चलेगा। हमें इस सर्वेक्षण में भी प्रथम आना है और स्वच्छता का चौका लगाना है।'

आवास और शहरी मामलों के केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने दो स्वच्छ सर्वेक्षण लीगों (अप्रैल से जून और जुलाई से सितंबर) के ये तिमाही आधारित नतीजे मंगलवार को नई दिल्ली में घोषित किए।

नतीजों से उत्साहित इंदौर की महापौर मालिनी लक्ष्मणसिंह गौड़ ने ट्विटर पर शहरवासियों को बधाई देते हुए कहा, 'अब मुख्य परीक्षा की घड़ी आने वाली है। आगामी चार से 31 जनवरी तक स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 चलेगा। हमें इस सर्वेक्षण में भी प्रथम आना है और स्वच्छता का चौका लगाना है। 'स्वच्छ सर्वेक्षण लीग 2020' की तिमाही रैंकिंग से पता चलता है कि मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल साफ-सफाई की दौड़ में पिछड़ गई है। इस लीग की पहली तिमाही (अप्रैल से जून) रैंकिंग में भोपाल 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों में इंदौर के बाद दूसरे स्थान पर था। लेकिन इस श्रेणी के शहरों की दूसरी तिमाही रैंकिंग (जुलाई से सितंबर) में भोपाल तीन पायदान नीचे खिसककर पांचवें स्थान पर आ गया।

'स्वच्छ सर्वेक्षण लीग 2020' की पहली और दूसरी तिमाही रैंकिंग में एक से 10 लाख तक की आबादी वाले शहरों की श्रेणी में मध्य प्रदेश का खरगोन शीर्ष तीसरे स्थान पर बना हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि इस लीग के तीसरे चरण (अक्तूबर से दिसंबर) के नतीजे आने बाकी हैं। स्वच्छ सर्वेक्षण में अच्छी रैंकिंग हासिल करने के लिए प्रतिभागी शहरों को इसकी तीनों लीगों में भी उम्दा प्रदर्शन करना जरूरी है जिनके जरिये साफ-सफाई की स्थिति को अलग-अलग पैमानों पर लगातार आंका जाता है।

स्वास्थ्य सचिव का दावा, बच्चों के इलाज में नहीं बरती लापरवाही

–जयपुर, 31 दिसंबर (भाषा)।

राजस्थान में कोटा के एक अस्पताल में मासूमों की मौत की जांच के लिए राज्य सरकार द्वारा गठित तीन सदस्यीय जांच दल ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि मासूमों के उपचार में कोई कोताही नहीं बरती गई। गौरतलब है कि कोटा के जेके लोन अस्पताल में 23–24 दिसंबर को दस मासूमों की मौत हो गई थी।

तीन सदस्यीय जांच दल ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि अस्पताल अपनी क्षमता से 150 फीसद अधिक पर काम कर रहा है और अस्पताल में बेहतर चिकित्सा देखभाल के लिए और सुधार की आवश्यकता है। राजस्थान में चिकित्सा शिक्षा विभाग के सचिव वैभव गालरिया ने बताया कि जांच समिति की रिपोर्ट के अनुसार 10 में से आठ बच्चों को गंभीर हालत में अन्य अस्पतालों से यहां भेजा गया था, जबकि दो बच्चों का जन्म अस्पताल में ही हुआ था।

उन्होंने बताया कि सभी को उचित उपचार दिया गया था। कमेटी ने मेडिकल रिकार्ड की जांच की और पाया कि जिनको वेंटीलेटर पर रखने की जरूरत थी, उन्हें उचित उपचार दिया गया। उन्होंने बताया कि इसके अलावा जिन 10 मासूमों की मौत हुई है, वे समय से पहले जन्म के कारण अधिक जोखिम में थे।

गालरिया ने कहा, 'समिति ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि अस्पताल अपनी क्षमता से 150 फीसद अधिक काम कर रहा है। अस्पताल में आने वाले मरीजों की संख्या की तुलना में बिस्तर कम हैं। इसी तरह की स्थिति आइसीयू में भी है। बिस्तर की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता है।' उन्होंने कहा कि मासिक आधार पर अस्पताल में फैले संक्रमण के नमूने लेने के निर्देश दिए गए हैं। इससे पहले, ये नमूने तीन माह में एक बार लिए जा रहे थे। वहीं, आइसीयू और एनआइसीयू में आक्सीजन की आपूर्ति सिलेंडर के बजाय पाइपलाइन के जरिये करने के निर्देश भी दिए गए है। सचिव ने कहा कि अस्पताल अधीक्षक को उनके पद से हटा दिया गया है क्योंकि अस्पताल में बहुत से यंत्र वार्षिक सुधार प्रक्रिया नहीं होने के कारण बेकार पड़े हुए थे। राज्य सरकार द्वारा गठित तीन सदस्यीय जांच दल में डॉक्टर अमरजीत मेहता, डॉ रामबाबू शर्मा और डॉ सुनील भटनागर शामिल थे।

राजस्थान : अस्पताल में मासूमों की मौत का मामला

सरकार उठाए जरूरी कदम : हर्षवर्धन

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 31 दिसंबर।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉक्टर हर्षवर्धन ने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिख कोटा मेडिकल कॉलेज के जेके लोन अस्पताल में हुईं शिशुओं की मौतों को रोकने को कदम उठाने के लिए कहा है। केंद्रीय मंत्री ने इस संबंध में भारत सरकार की ओर से हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया है।

पत्र में लिखा है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति–2017 के प्रकाश में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की प्राथमिकता बच्चों के अस्तित्व और विकास के सुधार है। चार सालों में राजस्थान में शिशु मृत्युदर कम हुई है। हालांकि राजस्थान में यह दर 38 प्रति हजार है जो राष्ट्रीय दर 33 प्रति हजार से अधिक है। पत्र में लिखा गया है कि मीडिया रिपोर्ट से पता चला है कि कोटा मेडिकल कॉलेज के जेके लोन अस्पताल में 77 शिशुओं की मौत हुई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत विकसित किए गए स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट्स ऑनलाइन सॉफ्टवेयर के मुताबिक 2019 में शिशु मृत्यु दर 20.2 फीसद रही है जो 2018 में 14.3 फीसद और 2017 में 4.3 फीसद थी। यह भी प्रकाश में आया है कि जेके लोन अस्पताल में 70 फीसद रेडियंट वार्मर काम नहीं कर रहे हैं और बिस्तर–नर्स अनुपात भी 13–1 का है जो 4–1 का होना चाहिए। मंत्रालय की ओर से लिखा गया है कि इन परिस्थितियों को देखते हुए राजस्थान सरकार से इन रोके जा सकने वाली मृत्युओं को रोकने के लिए कदम उठाने के लिए कहा है।

झारखंड : स्टीफेन मरांडी बने अस्थायी विधानसभाध्यक्ष

रांची, 31 दिसंबर (भाषा)।

स्टीफेन मरांडी को झारखंड की पांचवीं विधानसभा का अस्थायी विधानसभाध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) बनाया गया है और राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को एक सादे समारोह में राजभवन में उन्हें शपथ दिलाई।

राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ विधायक मरांडी को शपथ दिलाई। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, उनके मंत्रिमंडल सहयोगी डॉ रामेश्वर उरांव एवं सत्यानंद भोक्ता भी मौजूद थे। हेमंत के पिता और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन एवं अन्य नेता तथा अधिकारी भी इस दौरान मौजूद थे।

मरांडी नवनिर्वाचित विधानसभा सदस्यों को शपथ दिलाएंगे। उसके बाद सात जनवरी को नये विधानसभाध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। राज्य विधानसभा का प्रथम सत्र छह से आठ जनवरी तक आयोजित होगा, जिसमें सात जनवरी को दिन में साढ़े ग्यारह बजे राज्यपाल का अभिभाषण होगा। नई सरकार के मंत्रिमंडल की पहली बैठक में 29 दिसंबर को इस आशय का निर्णय लिया गया था।

मंत्रिमंडल के फैसले के अनुसार सत्र के प्रथम दिन छह जनवरी को 81 सदस्यीय विधानसभा के निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी जबकि दूसरे दिन सात जनवरी को नए विधानसभा अध्यक्ष का निर्वाचन किया जाएगा। उसके बाद 11.30 बजे पूर्वाह्न में विधानसभा में राज्यपाल का अभिभाषण होगा। सात जनवरी को ही वित्तीय वर्ष 2019–2020 का द्वितीय अनुपूरक व्यय ब्यौरा पेश किया जाएगा।

सीआरपीएफ के महानिदेशक सेवानिवृत्त, आइटीबीपी प्रमुख को अतिरिक्त प्रभार

नई दिल्ली, 31 दिसंबर (भाषा)।

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिदेशक आर आर भटनागर मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए। फिलहाल देश के सबसे बड़े अर्धसैन्य बल सीआरपीएफ का अतिरिक्त प्रभार आईटीबीपी के महानिदेशक एस एस देसवाल को सौंपा गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि 1984 बैच के हरियाणा कैडर के आइपीएस अधिकारी देसवाल नियुक्ति होने और नियुक्त व्यक्ति द्वारा कार्यभार संभाले जाने या अगले आदेश तक जो भी पहले हो, सीआरपीएफ का प्रभार संभालेंगे।

1983 बैच के उत्तर प्रदेश कैडर के भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी भटनागर ढाई साल से ज्यादा समय तक केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की कमान संभालने के बाद सेवानिवृत्त हो रहे हैं। वे अप्रैल 2017 में सीआरपीएफ के महानिदेशक (डीजी) नियुक्त किए गए थे। उन्होंने गुरुग्राम में सीआरपीएफ के बेस में मंगलवार सुबह रस्मी विदाई परेड का निरीक्षण किया और औपचारिक रूप से यहां लोधी रोड में स्थित मुख्यालय से विदा होंगे। उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ के पूर्णकालिक प्रमुख की घोषणा सरकार अगले सप्ताह कर सकती है। सीआरपीएफ 3.25 लाख से ज्यादा कर्मियों के साथ भारत ही नहीं दुनिया का सबसे बड़ा अर्धसैन्य बल है। देश में आंतरिक सुरक्षा, कानून व्यवस्था बनाए रखने और नक्सल रोधी अभियानों में बल के कर्मियों को तैनात किया जाता है ।

लोकपाल के पास शिकायत करने का प्रारूप जल्द होगा अधिसूचित : केंद्रीय मंत्री

नई दिल्ली, 31 दिसंबर (भाषा)।

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिह ने मंगलवार को कहा कि भ्रष्टाचार रोधी संस्था लोकपाल के पास शिकायत दायर करने के लिए एक प्रारूप (फॉर्मेट) जल्द ही अधिसूचित किया जाएगा। नियमों के मुताबिक केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित एक निर्दिष्ट फॉर्म में शिकायत दायर की जाएगी।

इस प्रारूप को अधिसूचित करने के संभावित समय के बारे में पूछे जाने पर कार्मिक राज्य मंत्री ने कहा, 'यह जल्द ही होगा।' कार्मिक मंत्रालय के एक अधिकारी ने और अधिक विवरण देते हुए बताया कि इसने (मंत्रालय ने) शिकायत प्रारूप पर कानून मंत्रालय के साथ विचार विमर्श किया है।

अधिकारी ने कहा, 'हमने कानून मंत्रालय से आवश्यक सूचनाएं प्राप्त की हैं। मंत्रालय के अंदर कुछ चर्चा चल रही है और प्रारूप जल्द ही सार्वजनिक किया जाएगा।' इस बीच, लोकपाल ने किसी भी प्रारूप में प्राप्त हुई सभी शिकायतों की पड़ताल की है। ताजा अधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक सितंबर 2019 तक कुल 1065 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 1000 की सुनवाई की गई और उनका निपटारा किया गया। लोकपाल राष्ट्रीय स्तर पर भ्रष्टाचार के मामलों से निपटने वाली शीर्ष संस्था है। यह केंद्र सरकार के पदाधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की समयबद्ध जांच करता है।

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 23 मार्च को न्यायमूर्ति पिनाकी चंद्र घोष को लोकपाल के अध्यक्ष के तौर पर शपथ दिलाई थी। लोकपाल के आठ सदस्यों को 27 मार्च को न्यायमूर्ति घोष ने उनके पद की शपथ दिलाई थी। नियमों के मुताबिक लोकपाल पैनल में एक अध्यक्ष और अधिकतम आठ सदस्यों का प्रावधान है। इनमें से चार सदस्य न्यायिक सदस्य होंगे।

लोकपाल अधिनियम 2013 में पारित किया गया था। यह कुछ खास श्रेणी के सरकारी सेवकों के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामलों की जांच के लिए केंद्र में लोकपाल और राज्यों में लोकायुक्तों की नियुक्ति का मार्ग प्रशस्त करता है।

पोस्टमार्टम के लिए तीन किमी पैदल ले जाना पड़ा शव

राज्य मानवाधिकार आयोग ने रिपोर्ट मांगी

कोच्चि, 31 दिसंबर (भाषा)।

केरल राज्य मानवाधिकार आयोग ने राज्य सरकार से उस घटना पर रिपोर्ट मांगी है जिसमें कुछ आदिवासियों को एर्नाकुलम जिले में जंगलों के रास्ते करीब तीन किलोमीटर चलकर एक व्यक्ति के शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाना पड़ा था। आदिवासियों को अपने गांव में सड़कों की खस्ताहालत के चलते ऐसा करना पड़ा था।

आयोग ने मीडिया में आई खबरों के आधार पर मामला दर्ज कर लिया। आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति एंटनी डोमिनिक ने मुख्य सचिव और एर्नाकुलम जिला कलेक्टर को तीन सप्ताह के भीतर रिपोर्ट देने के लिए कहा है। दरअसल बीते सप्ताह एर्नाकुलम जिले में कुंजीप्पाड़ा आदिवासी कॉलोनी में सोमन (37) नामक व्यक्ति ने कथित रूप से अपने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

पुलिस जांच के बाद उसके शव को कथित रूप से चटाई में लपेटकर कंधों पर डालकर नजदीकी सड़क पर ले जाया गया। इसके बाद वे एक नदी पार कर शव को एक जीप में रखकर मुख्य सड़क पर ले गए। बाद में शव को एंबुलेंस में रखकर पोस्टमार्टम के लिये कोथामंगलम तालुक अस्पताल ले जाया गया।

यूजीसी–नेट का परिणाम जारी

60 हजार से अधिक उम्मीदवार असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए योग्य घोषित

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 31 दिसंबर।

राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी (एनटीए) ने मंगलवार को यूजीसी–नेट का परिणाम घोषित कर दिया। इस परीक्षा के लिए 10 लाख से अधिक उम्मीदवारों ने पंजीकरण कराया था जिसमें से करीब आठ लाख ने परीक्षा दी थी। इनमें से 60 हजार से अधिक उम्मीदवार असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए और पांच हजार से अधिक जेआरएफ के लिए योग्य घोषित किए गए हैं। उम्मीदवार को जल्द ही प्रमाणपत्र जारी किए जाएंगे। यूजीसी–नेट का आयोजन दो से छह दिसंबर 2019 के बीच 10 पालियों में हुआ था। 81 विषयों में आयोजित हुई इस परीक्षा के लिए 219 शहरों में 700 केंद्र स्थापित किए गए थे। इन केंद्रों पर नकल को रोकने के लिए 1450 सीसीटीवी कैमरे, 3100 से अधिक मोबाइल जैमर किए गए थे। परीक्षा को सही तरह से संपन्न कराने के लिए 19 क्षेत्रीय संयोजक, 200 शहर संयोजक और 600 पर्यवेक्षकों की भी नियुक्ति की गई थी।

जनसत्ता क्लासीफाइड

व्यक्तिगत

Kakoo Devi W/o Sh. Ram Badan R/o C-150, Block-C, Yadav Nagar, Delhi presently at J-636, Gali No.1 1/2, Swaroop Nagar, Delhi-110042, do hereby solemnly affirm and declare that I have embraced ISLAM and renounced HINDU Religion with effect from 06.06.1998. 0040526072-7

It is for general information that I, Saurabh Kanojia R/o-F-13/9 Krishna Nagar Delhi-51, inform that name of mine is written as Saurabh in my Educational Documents. The actual name of mine is Saurabh Kanojia which may be amended accordingly. 0040526044-1

I,Shabana Parveen W/o.Sh.Mohd.Khalid R/o.13 Type-IV Quarters Sch.B President-Estate Rashtrapati-Bhawan New Delhi-110004, have changed my name to Shabana Khalid permanently. 0040526046-2

I,No.14651836N (NK)SK LAL SK MIYA,unit 310FD, WKSP-COY-EME(7017 EME BN)resident of Dusarbid,Tehsil-Sindkhed Raja,Distt-Buldana, Maharashtra,declares that name of my minor son has been recorded wrongly,as SHAIKH KAMRAN in my service document record part-II order.Whereas,Correct name is SHAIKH KAMRAN SHAIKH LAL,amended accordingly,vide:affidavit-No.IN-DL03329678649944R dated:31.12.2019,before:-Ram Kishore Singh,Regd.No-2548,New Delhi. 040526003-2

I,Azaz Hussain Ansari S/o-Late.Maqbool Hasan,R/o-House.No.R-12,First Floor,Near Hari Masjid,Joga Bai Extn.,Jamia Nagar,New Delhi-110025,have changed my name to Ajaz Hussain Ansari for all,future purposes. 0040526039-2

I, Suresh Kumar S/o Inderjeet R/o Rz-D1/163, Galino.7, Mahavir Enclave, Palam, Delhi-110045. Changed My Name To Suresh Dutta. 0040526046-5

I, Sundram Chandra Shekhar S/O-Sundram Ganpathi R/O-A-106, Katayayani-Apartment, Plot.No-8, Sector-6, Dwarka, 110075. Have Changed My Name To Sundaram Chandra Shekhar. 0040526046-7

I, Sumit Malhotra R/O Pocket-L-325, Sarita Vihar New Delhi-110076, Changed My Minor Child Name Simrun Sumitbhai Malhotra To Simrun Malhotra. 0040526072-3

I, Suman Devi W/o Ratan Kumar Goyal R/o-A-3, Prem Kutir Society, Sector-9, Rohini, Delhi, have changed my name to Suman Devi Goyal for all purposes. 0040526034-3

I, Km Pooja Chand W/O Dharamveer R/O-B-33 Street No.10 Gamri Extension Garhi Mendu, North,East Delhi-110053. Changed My Name To Pooja Bisht. 0040526021-4

I Pandhari Laxman Basunde H.No-185/8/Sf Gurudwara Wali-Gali, Arjun-Nagar, N.Delhi-110029,Changed My Minor Daughter Name Rohini Pandhari Basunde To Rohini Basunde. 0040525943-9

I, VANDNA D/o Kapil Dev R/o:A-87 S-2 Dilshad Colony East Delhi-110095 have changed my name to VANDANA for all purposes. 0040526011-1

I, Sukriti Arora D/o Kuldeep Arora R/o H.No.2303, Sector-16, Faridabad-121002, have changed my name to Sukritti Arora. 0040526034-4

I, Sudhir S/o Sh. Sudershan Nand Gupta R/o Flat No.1004, Oasis Emerald Height, Ramprastha Greens, Sector-7, Vaishali, Ghaziabad, U.P.-201010, have changed my name from Sudhir to Sudhir Gupta for all future purposes. 0040525980-1

I, Shipra Chanana D/o Naveen Chanana R/o-61 2nd-Floor, Bhera Enclave, Paschim Vihar, Delhi-110087 have changed my name to Kaavya Chhabra. 0040526034-7

I, Shikha Sotra W/o Ashok Kumar R/o 97, Priya Darshni Vihar, Part-1, Near Rana Pratap Bagh, Delhi-110009, have changed my name to Shikha for all purposes. 0040526030-1

I, Shaji Kuriakose R/o 65 N, 1st Floor, Gautam Nagar, ND-49 have changed my minor Son's name from Chris K Shaji to Chris Shaji for all purposes. 0040526072-1

I, Sanjiv Kumar S/o Pritam Dass Vaid R/o C-71/2, Patel Garden, Kakrola Maud, Delhi-110078, have changed my name to SANJEEV KUMAR VAID. 0040526023-1

I, Ruchi W/o Mr. Sudhir Gupta R/o 1004, Oasis Emerald Height, Ramprastha Greens, Sector-7, Vaishali, Ghaziabad, U.P.-201010, have changed my name from Ruchi to Ruchi Agrawal for all future purposes. 0040525980-2

I, Sanjeev Kumar Agarwal S/o Sh. Om Prakash Gupta & Smt. Sushma Gupta R/o Flat No. 105, Tower–B1, Wishtown Klassic, Sector-134, Noida, Distt. Gautam Budh Nagar, Uttar Pradesh-201304, informs that my name has been wrongly written in my 10th class Certificate & Mark-sheet as Sanjeev Kumar Agrawal. I hereby informs that my correct name is Sanjeev Kumar Agarwal for all future purposes. 0040525986-1

I, Sandip Kumar S/O Bishnu Deo Ray R/O H.No-1188, Sector-13, Duplex Vasundhra, Ghaziabad, Have Changed My Name To Sandeep Kumar. 0040526021-5

I, Rekha Poddar, D/O Vijay Gupta, R/o C-29, Pamposh Enclave, New Delhi-110048 have changed my name to Rekha Gupta for all purposes 0070690566-1

I, Reena D/o Virender W/o Ravinder Singh Nain, H.No. 2861, First Floor Sector-46, Gurugram (Haryana), have changed my name to Reena Nain. 0040526034-9

I, Ravinder Singh Gehlavat S/o Ram Kanwar Gahlawat R/o-T-604/4A, Street No.21, Baljeet-Nagar, Patel-Nagar, New Delhi-110008. have changed my name to Ravinder Singh Gahlawat. 0040526034-8

I, Ram Badan S/o Sh. Gyani Dass, R/o-C-150, Block-C, Yadav Nagar, Delhi, presently at J-636, Gali No.1 1/2, Swaroop Nagar, Delhi-110042. have changed my name from RAM BADAN to MOHAMMAD FAROOQ. 0040526072-4

I, Ram Badan S/o Sh. Gyani Dass, R/o C-150, Block-C, Yadav-Nagar, Delhi, presently at-J-636, Gali No.1 1/2, Swaroop-Nagar, Delhi-110042, do hereby solemnly affirm and inform that I have embraced ISLAM and renounced HINDU Religion with effect from-26.02.1998. 0040526072-5

I, Rakesh Kumar S/o Sh. Parkash Chand Jain R/o A-7/51, 1st Floor, Sector-16, Rohini, Delhi-110089, have changed my name to Rakesh Kumar Jain for all purposes. 0040525989-1

I, Rakesh Kumar S/O Dharm Pal H.No-715, Sector-23, Faridabad. Changed My Name To Rakesh Gupta. 0040526077-5

I, Puran Singh S/o Prem Singh R/o 246E, Pocket-1, Mayur Vihar Phase-I, Delhi-110091 have changed my name to Puran Singh Nayal, for all purposes. 0040525988-1

I, Prikshit Alias Parikshit Dagar Alias Parikshit S/O-Jagbir Singh Dagar, R/O-V.P.O Kabulpur, Rohtak, Haryana 124001, Have Changed My Name To Parikshit Singh Dagar. 0040526021-7

I, Preeti W/o Abhimanyu Verma, H.No.1002 Ward No.24 Jagdish Colony Rohtak Haryana 124001, changed my name to Preeti Verma. 0040526034-1

I, Pranav Balwant Gorthekar S/o Sh. Balwant Shakarao Gorthekar R/o 708/Km-32, Jaypee Kosmos, Sector-134 Noida G.B. Nagar Uttar Pradesh-201304 have changed my name from Pranav Gorthekar to Pranav Balwant Gorthekar For all future purposes. 0040526035-1

I, Parminder Kaur W/o Kapil Wadhwa R/o 344, DDA Flats, New Ranjeet Nagar Delhi-8 have changed my name to Priyanka Wadhwa. 0040526021-1

I, Paavani, Spouse Of JC-670728H Sub Kalyanam Sreerama Murthy, Resident Of J-4/7, RR Colony, Delhi Cantt Have Changed My Name From Paavani To Kalyanam Pavani Vide Affidavit Dated 24/12/2019 Before Notary, Delhi 0050160417-1

I, Om Kumari D/o Ram Prasad R/o-GH-6, Flat.No-99, Prachin-Apartment, Paschim-Vihar, New Delhi-110087, have changed my name to Khushboo Prasad. 040526077-1

I, Neeraj S/o Mukand Lal R/0-B-1/3 Hb Society Mianwali-Nagar Paschim Vihar Delhi-110087. Changed My Name To Neeraj Arora. 0040526046-6

I, Neeelam Verma W/o Neeraj Verma R/o 9975/3, Multani Dhanda, Paharganj, Delhi-110055, have changed my name to Neelam Verma. 0040526034-6

I, Naresh Rani W/o Vijay Chopra R/o A-1/43, Sector-16, Rohini, Delhi-110089 have changed my name to Poonam Chopra. 0070690570-1

I, Mustakeem S/O.Abdul Wahid R/O-G-4/9 F/F Sunder-Nagri Delhi-93. Have Changed My Name from Mustakim Qureshi to Mustakeem, for all future purposes. 0040526046-3

I, Mohd Akram Siah S/O-Mohmed Sultan Siah Add-E-16, 2nd-Floor, Sohna-Road, Vipul-World, Sector-48, Gurgaon, Haryana 122001. Changed My Name To Mohmed Akram Siah. 0040526077-3

I, Manoj Kumar Garg S/o Tej Ram R/o HR-258 Gali No.7 Pul-Pehladpur Jaitpur/South Delhi-110044, have changed my name to Manoj Kumar. That Manoj Kumar Garg and Manoj Kumar is the same and one person. 0040526046-4

I, Mannat Khurana S/o Daljeet Singh R/o B-11 Ramesh Nagar New Delhi-110015 have changed my name to Mannat Singh. 0040526077-2

I, Manish Kumar S/O Inder Pal R/O 8,Gali No-7, B-Block, West Karawal Nagar, Delhi-110094, Have Changed My Name To Monu. 0040526072-2

I, Manish Kumar Goyal S/o Prem Chand Goyal R/o-1/11010 Subhash Park, Naveen Shahdara Delhi-32, have changed my name to Manish Goyal for all purposes. 0040526044-3

I, Krishan Kumar S/o Desh Raj R/o Wz-149, Plot No-137A, Near Shiv Shakti Mandir, Ravi Nagar, New Delhi-110018, have changed my name to Krishan Mehndiratta. 0040526043-1

I, Chintu S/o Raju Ram R/o C-930, Mangolpuri, Delhi-110083, have changed my name to CHETAN KUMAR. **I,** Kanchan Rani R/o C-107 Z; D.D.A Flats, Jahangirpuri , North west Delhi, Delhi-110033 have changed my name to Kanchan Khurana 70690624-1

I, Kaminey D/O Satish Gupta R/O Us-193, Fourth Floor, North School-Block, Mandawali, Fazalpur, Delhi, Have Changed My Name Kaminey Gupta. 0040526021-6

I, Kakoo Devi W/o Sh. Ram Badan R/o-C-150, Block-C, Yadav Nagar, Delhi, presently at-J-636, Gali No.1 1/2, Swaroop Nagar, Delhi-110042. have changed my name from KAKOO DEVI to HAZRA. 0040526072-6

I, Jitender Chaurasia/Jitender Kumar S/o Jagdish Prasad R/o G-6/74-75, Sector-11, Rohini, Delhi-110085, have changed my name to Jitender Kumar Choursia. 0040526034-5

I, JC-541779Y Ex Nb Sub Bhupal Singh Kharayat of Dist.-Pithoragarh requesting for change ofwrongly entered name and date of birth of my wife in my Army docus from Munni Devi DOB 26Mar 1977 to Munni Devi Kharayat DOB 01 Jul 1976. 0040525984-1

I, JC-541779Y Ex Nb Sub Bhupal Singh Kharayat of Dist.-Pithoragarh requesting for change of wrongly entered date of birth of my son Lakshya Kharayat in my Army docus from 10/02/2001 to 11/02/2001. 0040525982-1

I, Inderjit Kaur W/o Ravinder Singh R/o-WZ-69E/2, Meenakshi Garden,Tilak Nagar,Delhi-110018,have changed my Name to Inderjeet Kaur 0040526003-1

I, Gurmeet Kaur Mokha W/O Manjeet Singh Mokha R/O 24,Defence Officers Enclave Dhaula Kuan Part-1, New Delhi-110010.Changed My Name To Gurmeet Kaur. 0040526077-4

I, Abdul Khalique S/O Zaheeruddin R/O 12/181, Yamuna Vihar, Delhi-110053. Change My Name To Abdul Khalique Ansari. 040526021-9

I, ANOOP SINGH S/o Jeet Singh Gulia R/o H.No.313, Village Bazidpur Saboli (57), Sonipat Haryana-131029 have changed my name to ANUP SINGH GULIA, for all purposes. 0040525999-1

I Syed Mohd Hamid S/O Mohd Yameen R/O-3559 Katra Babar Beg Lal Kuan Delhi-110006 Have Changed My Name To Mohd Hamid. 0040526021-2

I Pawan Kumar Bajaj R/O B-26, Panchwati, Azadpur,New Delhi -110033 Have Changed My Name To PawanBajaj As Per Document 0070690631-1

I Neeru Bala W/o Vimal Jain Add-715/18 Gali No.4 Shastri Nagar arya-nagar Rohtak Haryana-124001, changed my name to neeru jain.40526034-2

I Mohammed Liaqat Ali S/O Mohd.Yusuf R/O.R-279/3, Gali No.2, Sir Syed-Road, Jogabai-Extn. Jamianagar, Delhi-110025. Have Changed My Name To Liaquat Ali. 0040526021-8

I Meenakshi W/o Aditya Saxena R/o-H.No.29, Village Singhola, Delhi-39 have changed the name of my minor son from Manav Saxena to Manav Singh Khatri permanently. 0040526034-10

I Khalida Hamid W/O Mohd Hamid R/O-3559 Katra Babar Beg Lal Kuan Delhi-110006 Have Changed My Name To Khalda Begam. 0040526021-3

I Hitherto known as Niranjan Dass Gupta alias Narendra Gupta Son of Johri Lal Residing at D-142 D-Block, Ramprastha Colony, Chander Nagar, Ghaziabad Uttar Pradesh-201011, have changed my name and shall hereafter be known as Narendra Gupta 0040526044-4

I, Mohit S/o Samar Pal Dagar R/o M.C.F -160, East Chawla colony Ballabgarh Faridabad 121004, have change my Name Mohit to Mohit Dagar, for all purposes. 0040526046-1

खोया+पाया

Lost Original Conveyance Deed of Property No.H-58,Jai Triveni Apptt., Vikaspuri New Delhi-18, founder may inform-Manish Kumar Sachdeva S/o Late Harvishan Lal Sachdeva #9911496204 0040526044-5

I Zeba Naaz D/o Abdul Laiq R/o 954, Kucha Kabil Attar Chandni Chowk Delhi-6 have lost my original Qualifying Examination Certificate of 10th class and Marksheet year 1997 (Roll No.6146923) issued by CBSE and others documents. Finder contact. 9818424210 0040526002-1

I Salman Saleem S/o Saleemuddin R/o 1402, Katra Shahanshah Farash Khana Delhi-6 have lost my original Qualifying Examination Marksheet of 10th class year 2009-11 (Roll No.8800888) and others documents. Finder contact. 8375987558 0040526002-2

I, Pawan S/o Om Prakash R/o-478 Gali No.8, West Kanti Nagar Delhi-110051 lost my X pass grade Sheet Cum Certificate Year-2014 Roll No.8608729 CBSE, Delhi 0040526044-2

I,Anoop Kapoor S/o-H.C.Kapoor,Flat.No.84-D, Third-Floor,DDA MIG Flats,Pocket-06,Kondli Gharoli,Mayur Vihar,Phase-III,Delhi,have lost my original Possession Letter,NOC of Water and Electric of above address.Finder contact. 0040526039-3

It is notified for the information that my original Examination Certificate of Main Secondary examination of Year 2017, and RollNo.8167557, issued by CBSE has been actually lost. Name of Candidate: Munazzah Saleem D/o Saleem Ahmed R/o-B-2/118, Yamuna-Vihar, Delhi-110053, Mob-9871904297. 0040526072-10

LOST Original lease deed of property N-12, Malviya Nagar, N.Delhi-110017. Loss reported Crime Br. Delhi Police. Finder contact to Jagdish/ Parvesh Chander: 9810265145/ 9818001150. 0040526036-1

I MOHAMMAD ILYAS S/o Mohammad Ismail R/o 2345, 46 Gali Meer Madari Rodgran Lal Kuan Delhi-6 have lost my original Qualifying Examination Certificates of 10th class and Marksheet year 1992 (Roll No.6125206) issued by CBSE and others documents. Finder contact. 9818424210 0040526002-3

PUBLIC NOTICE

Be it known to all that my client Smt. Sushma Rani W/o. Late Sh. Bal Krishan R/o. B-719, Ground and First Floor, Bunkar Colony, Bharat Nagar, Delhi - 110052 has disowned her son namely SACHIN ARORA, his wife Neelam Arora and their children Lakshay Arora (Son) and Vanisha Arora (Daughter) R/o. B-719, Second Floor, Bunkar Colony, Bharat Nagar, Delhi -110052 from her all moveable and immovable properties, as they have become disobedient and further broken severe all kind of relationship with them because they have threatened to implicate my client along with family members in false cases. Anybody dealing with them shall do the same at his own risk, cost and consequences and my client and other family members shall not be responsible for any act and deed of them whether made at any point in time

S.P. GUPTA-ADVOCATE
Ch. No. 593, Western Wing, Tis Hazari Courts, Delhi -54
Mob.: 7042198312

PUBLIC NOTICE

My Client, Sonia Doseja W/o Shri Rajeev Doseja R / o A-2/702, Rang Rasain Apartment, Sector-13, Rohini, Delhi, is the sole and absolute owner of the flat bearing No. A-1/130, Sector 16,Rohini, Delhi and Kritika Dabla D/o Shri Pawan Kumar R/o 1, Maharaja Lane, Civil Lines, Delhi, has illegally occupied the said Flat and my client has instituted a case seeking the recovery of possession bearing No. 419 titled as: SONIA DOSEJA VS. KRITIKA DABLA & ORS and the same is pending adjudication in the court of Ms. Kiran Gupta , ADJ, Rohini Courts, Delhi and Kritika Dabla and her associates are intending to create third party interest in the said flat and any body deals with them, shall be doing at his / her / their own peril

Rajan Bhatia (Advocate)
30, Pocket-11A, Sector-23, Rohini, Delhi-85
Enrol. D-128A/64

PUBLIC NOTICE

Take notice that my client Sh. Ranaji Ganguly, S/o late Sh. K.K. Ganguly, R/o J-1954, Chittranjan Park, New Delhi-110019 is the absolute owner of Basement, Ground Floor, Third Floor, Terrace and the Proportionate Owner of 50% of land and all common areas and parking on stilt floor of Property No. J-1953, Chittaranjan Park, New Delhi-110019. However M/s Jagtarni Homes Pvt. Ltd. has prepared some forged and fraudulent documents in connivance with Sh. Surender Sahlot, Ms. Aushee Malika Gupta, Ms. Kalyani Gersappe and Ms. Karobi Wade in respect to the above property. These persons do not have any right, title or interest in this property. Any party dealing with them in respect to the above property will do so at its own risk, cost and criminal consequences.

VIKAS GUPTA ADVOCATE
Off.: B-19, Tigri Extension, New Delhi-110080

It is for general information that I Mohit Kumar S/o Pappu Gupta R/o RZ-79-B, Khasra No. 356, Gali No. 7, Shivpuri, West Sagarpur, Delhi-110046 declare that name of mine and my father and address has been wrongly written as Mohit Gupta and Rani Gupta in my Driving License No. DL-0920140271986. The actual name of mine and my father and address are: Mohit Kumar and Pappu Gupta and address RZ-79-B, Khasra No. 356, Gali No. 7, Shivpuri, West Sagarpur, Delhi - 110046 respectively which may be amended accordingly.

PUBLIC NOTICE

I, AMIT GUPTA S/o Sh. Ashok Gupta, R/o Flat No.F-13-D, Munirka, New Delhi alongwith others are the owners and in possession of Prop.No.E-871, Saraswati Vihar, Pitampura, Delhi, by virtue of WILL executed by Late. Lajja Wati Gupta which is duly registered on 29.05.1998, with the office of Sub-Registrar, Sub-Distt.No.VI-A, Delhi, which has been lost/misplaced and not traceable till date against which the Complaint has been lodged vide LR No.2054134209 on 31.12.2019, if any body found, the same may be submitted or contact to me.

(AMIT GUPTA) Mob.9821155163

PUBLIC NOTICE

WHEREAS my client Mr. Raj Kumar Seth S/o Late Ram Chand Seth R/o B-35, Gali No.8, Shashi Garden, Mayur Vihar Phase-I, Delhi-110091, has desired and declare that he has broken all family relation with her niece Payal D/o Late Anand Kumar Seth causing mis-behavior for ever with immediate effect, my client will not responsible for any dealing with her.

Deo Raj Singh (Advocate)
Chamber No.B-108, Baba Guru Charan Singh Block, Tis Hazari Court, Delhi-110054.

PUBLIC NOTICE

I, SUDERSHAN GUPTA s/o Late Sh. Shiv Dayal, r/o HD-19, Pitampura, Delhi is the owner and in possession of Prop. No. HD-19, Pitampura, Delhi. The previous transfer documents of the above said property such as GPA, SPA, Sale Agreement, Receipt, WILL etc. have been lost/misplaced and not traceable till date against which the Complaint has been lodged vide LR No.2054473/2019 on 31.12.2019, if any body found, the same may be submitted or contact to me.

(SUDERSHAN GUPTA)
Mob. 9810375213

PUBLIC NOTICE

Be it know to all concerned that my client, Smt. Prem W/o Late Ram Niwas, R/o House No. E-474, J.J. Camp Tigri, New Delhi-110062, has disowned there son's 1) Kaml, his Wife Rekha and there children, 2) Dinesh Kumar, his Wife Seema and there children, from all of her moveable and immovable properties because of there bad beh

मौसम

तापमान	नई दिल्ली	
अधिकतम–13.7 डि.से.		सूर्योदय– 7:14
न्यूनतम– 4.1 डि.से.		सूर्यास्त– 17:35

राज्य नाम प्राधिकरण की बैठक में फैसला

प्रगति मैदान मेट्रो स्टेशन अब 'सुप्रीम कोर्ट'

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 31 दिसंबर।

ब्लू लाइन मार्ग पर पड़ने वाला प्रगति मैदान मेट्रो स्टेशन को अब सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन के नाम से जाना जाएगा। दिल्ली सरकार की राज्य नाम प्राधिकरण ने मंगलवार को 60वीं बैठक में यह फैसला लिया है। इसके अलावा राज्य नाम प्राधिकरण ने दिल्ली के छह अन्य स्थानों का नाम भी बदलने का निर्णय लिया है। वहीं, सरकार ने अन-इलेक्ट्रिफाइड एरिया में भी बिजली के रेट इलेक्ट्रिफाइड एरिया के बराबर करने का फैसला लिया है।

उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने इस बाबत बुलाई प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार की राज्य नाम प्राधिकरण की 60वीं बैठक में इन स्थानों के नाम बदलने का फैसला लिया गया। मुकरबा चौक अब शहीद कैप्टन बिक्रम बत्रा चौक होगा। कुछ माह पहले शहीद कैप्टन के माता-पिता आए थे और उन्होंने मुकरबा चौक का नाम शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा रखने की मांग की थी। ब्लू लाइन पर पड़ने वाला प्रगति मैदान मेट्रो स्टेशन का नाम अब सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन होगा। यह मेट्रो स्टेशन सुप्रीम कोर्ट के पास स्थित है। सुप्रीम कोर्ट के डिप्टी रजिस्ट्रार (एजी) अनिल कुमार शर्मा ने सरकार को प्रस्ताव भेजा था।

सिसोदिया ने कहा कि एमजी मार्ग को आचार्य तुलसी मार्ग के नाम से जाना जाएगा। यहां से भी बार-बार नाम बदलने की मांग उठ रही थी। इसके लिए अखिल भारतीय अनुब्रत न्यास की तरफ से प्रस्ताव आया था। वहीं, रानी बाग मार्केट गोल चक्कर का नाम बदल कर महर्षि दयानंद चौक कर दिया गया है। लाजपत नगर फ्लाई ओवर का नाम बदल कर श्रीझूले लाल सेतु कर दिया गया है। इसके लिए विधायक मदन लाल की तरफ से मांग की गई थी। शक्ति नगर चौक का नाम भगवान महावीर चौक कर दिया गया है। जैन कॉलोनी, वीर नगर के एसएस जैन सभा की तरफ से यह मांग की गई थी। महरौली से बदरपुर मार्ग को अब आचार्य श्री महाप्रज्ञा मार्ग के नाम से जाना जाएगा। इसके लिए अखिल भारतीय अनुव्रत न्यास की तरफ मांग की गई थी। उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि हम स्थानों के नाम ऐसे नहीं बदल रहे हैं। किसी स्थान का नाम किसी राजनीतिक व्यक्ति के नाम पर नहीं रखा गया है। जो नाम बदले गए हैं, वह वहां की सोसायटी या व्यक्ति के नाम पर है।

बिजली का एक दाम

सरकार ने यह भी फैसला लिया है कि अब पूरी दिल्ली के अंदर बिजली के रेट बराबर होंगे। अब इलेक्ट्रिफाइड और इलेक्ट्रिफाइड एरिया में बिजली के रेट बराबर कर दिए गए हैं। जिन लोगों से अतिरिक्त पैसे लिए गए हैं, उन्हें वापस किए जाएंगे। व्यावसायिक गतिविधि में इलेक्ट्रिफाइड एरिया में 1500 रुपए प्रति किलोवाट बिजली के रेट थे और अन-इलेक्ट्रिफाइड एरिया में 4 हजार रुपए प्रति किलोवाट था। अब वहां पर भी 1500 रुपए ही देने होंगे। बवाना और बुराड़ी के पास कुछ क्षेत्र हैं, जहां लोगों को लाभ मिलेगा। कच्ची कॉलोनियों को पक्का करने को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब उप मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली के लोगों की कॉलोनियां पक्की हो जाए, तभी हम सभी संतुष्ट होंगे। लोग न तो ट्वीट और न होर्डिंग्स लगाने से संतुष्ट होंगे।

विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने गठित की समितियां

माकन को दिल्ली के घोषणापत्र की जिम्मेदारी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 31 दिसंबर।

कांग्रेस ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार को प्रदेश चुनाव समिति, घोषणापत्र समिति और कुछ अन्य समितियों का गठन किया जिनमें प्रदेश इकाई के वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है।

पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी बयान में कहा गया कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर विभिन्न समितियों के गठन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। बयान के मुताबिक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा के नेतृत्व में 56 सदस्यीय प्रदेश चुनाव समिति का गठन किया है। इसमें पूर्व केन्द्रीय मंत्री कपिल सिब्बल, अजय माकन सहित जनार्दन द्विवेदी को भी जगह दी गई है। दूसरी ओर कीर्ति आजाद चुनाव अभियान समिति के प्रमुख बनाए गए हैं।

चोपड़ा चुनाव समिति व आजाद प्रचार अभियान समिति के अध्यक्ष नियुक्त

अरविंदर सिंह लवली चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बने

इस समिति में कुल 124 नेताओं को जगह दी गई है। पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय माकन की अगुआई में 69 सदस्यीय घोषणापत्र समिति का गठन किया गया है। हारुन युसूफ को इस समिति का उपाध्यक्ष, किरण वालिया को संयोजक तथा नरेन्द्रनाथ को सहसंयोजक बनाया गया है।

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जेपी अग्रवाल की अध्यक्षता में 140 सदस्यों वाली प्रचार समिति का गठन किया गया है जबकि पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली 65 सदस्यीय चुनाव प्रबंधन समिति की अगुआई करेंगे। पूर्व विधायक मुकेश शर्मा की अगुवाई में 104 सदस्यीय मीडिया समन्वय समिति गठित की गई है।

शीतकालीन सेमेस्टर पंजीकरण का छात्र संघ करेगा बहिष्कार

जेएनयू में आज से पंजीकरण

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 31 दिसंबर।

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में बुधवार से शीतकालीन सेमेस्टर के लिए पंजीकरण शुरू होंगे जो पांच जनवरी तक जारी रहेंगे। जेएनयू छात्र संघ की ओर से पहले दिन पंजीकरण का बहिष्कार करने का निर्णय किया गया है। यह बहिष्कार आगे जारी रहेगा या नहीं इसका निर्णय बुधवार रात को विद्यार्थियों की आम सभा में तय किया जाएगा। बुधवार से ही छात्रावास का बढ़ा शुल्क भी लागू होगा।

छात्र संघ की ओर से छात्रावासों के मेस और कोषाध्यक्ष कार्यालय की भी तालाबंदी रखने का फैसला लिया गया है। जेएनयू के सभी छात्रावास के अध्यक्षों के बीच मंगलवार को हुई बैठक में यह फैसला लिया गया है। इसके तहत विद्यार्थी फिलहाल बुधवार को पंजीकरण प्रक्रिया का बहिष्कार करेंगे, जबकि आगे की रणनीति बुधवार रात अलग-अलग खंडों में विद्यार्थियों की आम सभा के जरिए तय होगी।

जेएनयू में छात्रावास की नई फीस को लेकर छात्र 64 दिनों से आंदोलन कर रहे हैं। इसके तहत छात्र सेमेस्टर परीक्षा का बहिष्कार कर चुके हैं। हालांकि परीक्षा के बहिष्कार की घोषणा के बीच जेएनयू की ओर से वाट्सऐप और ईमेल के जरिए परीक्षाओं का आयोजन किया गया था। कुलपति ने सोमवार को आंदोलन कर रह विद्यार्थियों परीक्षा का एक और मौका देने की बात कहते हुए आंदोलन खत्म करने का आग्रह किया था।

शुल्क वापसी के लिए हर कदम उठाएंगे : छात्रावासों के लिए नई नियमावली और बढ़े शुल्क पर छात्र संघ ने विद्यार्थियों को आश्वासन दिया है कि पूर्ण शुल्क वापसी के लिए अपने आंदोलन जारी रखेगा। छात्र संघ ने जेएनयू प्रशासन पर विद्यार्थियों को धमकाने का आरोप लगाया है। जिन विद्यार्थियों को जांच के लिए नोटिस मिले हैं, उन सभी विद्यार्थियों से छात्र संघ ने जांच में शामिल नहीं होने के लिए कहा है।

गंभीर अपराध में 8.74 फीसद की गिरावट

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 31 दिसंबर।

बीते वर्ष की तुलना में दिल्ली के गंभीर अपराधों में 22 दिसंबर तक 8.74 फीसद की गिरावट दर्ज की गई है। मंगलवार को उपराज्यपाल अनिल बैजल की अध्यक्षता में हुई कानून व्यवस्था की बैठक में पुलिस ने यह रिपोर्ट दी है। उपराज्यपाल ने 2020 में होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर यह बैठक बुलाई थी। राजनिवास पर हुई इस बैठक में प्रधान सचिव गृह समेत दिल्ली पुलिस के आलाधिकारी शामिल हुए।

पुलिस ने यह भी दावा किया है कि इस दौरान आपराधिक मामलों को सुलझाने में भी पुलिस को अधिक सफलता मिली है। बीते वर्ष यह फीसद 90.12 था जो इस बार बढ़कर 93.89 फीसद हुआ है। उपराज्यपाल ने पुलिस को आदेश दिए हैं कि अपराधों के मामलों में सामाजिक स्थिति के आधार पर भी एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाए और इस रिपोर्ट के आधार पर आने भविष्य की रणनीति को तैयार किया जाए। उन्होंने इन अपराधों की वजह से युवाओं की मनोदशा पर भी चिंता जाहिर की है।

कच्ची कॉलोनियों से हटा अनधिकृत का ठप्पा : जावड़ेकर

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 31 दिसंबर।

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री एवं दिल्ली चुनाव प्रभारी प्रकाश जावड़ेकर ने मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार ने दिल्ली की अनधिकृत कॉलोनियों पर लगे अनधिकृत के ठप्पे को हटा दिया है। जावड़ेकर ने कहा कि यह चुनावी फैसला नहीं है। यह जनता को न्याय दिलाने का फैसला है।

उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने आम आदमी पार्टी (आप) सरकार को इन कॉलोनियों के नक्शे बनाने को कहा था। दिल्ली सरकार ने 5 साल तक ये नक्शे नहीं बनाए। 2019 में आम आदमी पार्टी सरकार ने केन्द्र सरकार को पत्र लिखकर 2021 तक का समय मांगा। उन्होंने बताया कि इस पत्र के बाद केंद्र सरकार ने इन कॉलोनियों की जिम्मेदारी थी और इन्हें नियमित करने का फैसला लिया। उन्होंने बताया कि दिल्ली की 192 जे.जे. क्लस्टर में से 32 झुग्गी कैम्पों का सर्वेक्षण पूरा हो चुका है। अभी 160 कालोनियों का सर्वे अभी चल रहा है। दिल्ली चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक तरुण चुघ ने कहा कि आज हमारे सामने चुनौतियों भरा माहौल है। बैठक में प्रदेश महामंत्री कुलजीत सिंह चहल, रविन्द्र गुप्ता, राजेश भाटिया समेत अन्य नेता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

सिसोदिया का सवाल : क्या नियमितीकरण का अभियान सिर्फ एक जुमला है

दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने अनधिकृत कॉलोनियों के मुद्दे पर मंगलवार को केंद्र पर निशाना साधते हुए पूछा कि क्या भाजपा का इन क्षेत्रों को नियमित करने का वादा सिर्फ एक जुमला है। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को नियमितिकरण पर ट्वीट किया था। सिसोदिया ने मंगलवार को ट्वीट में कहा-मुझे उम्मीद है कि आप (पुरी) यह जानते होंगे। अब, लोगों को गुमराह करना बंद करें। उन्होंने कहा कि यदि अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित नहीं किया जाएगा, तो इस मुद्दे को लेकर पूरा अभियान सिर्फ एक जुमला है।

SIGNATURE GLOBAL
MAKING INDIA AFFORDABLE
AN ISO 9001:2015, 14001:2015, OSAS 18001:2007 CERTIFIED COMPANY

ICRA ★★★★★★

शहर एवं ग्राम्य नियोजन विभाग, हरियाणा सरकार की 19.08.2013 दिनांक अधिसूचना सं. PF-27/48921 और उसमें संशोधन के अनुसार उल्लिखित नीति के नियमों और शर्तों पर विकसित किए जा रहे अफोर्डेबल ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट के तहत आवासीय अपार्टमेंट की बुकिंग के लिए सर्वसाधारण से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। (विवरण विभागीय वेबसाइट tcpharyana.gov.in पर उपलब्ध हैं)

प्रोजेक्ट के विवरण

1. कॉलोनाइजर/डेवलपर	सिग्नेचर बिल्डिर्स प्राइवेट लिमिटेड
2. प्रोजेक्ट को प्राप्त स्वीकृति	लाइसेंस नं./वर्ष – 51/2019 दिनांक : 06.03.2019, निर्माण योजना स्वीकृति तिथि : 08.08.2019. मेमो न.: ZP-1110/AD(RK)/2019/19109. हरियाणा रेरा प्रमाणित न.: 51 of 2019 dated 09.09.2019
3. स्थान	सेक्टर 93, गुरुग्राम, हरियाणा।
4. प्रोजेक्ट के क्षेत्रफल संबंधी प्रावधान	हाउसिंग स्कीम के अंतर्गत 5 एकड़ में कुल 720 अपार्टमेंट में से 307 अपार्टमेंट आवेदकों के लिए उपलब्ध हैं। इनमें से पॉलिसी अनुसार 5% फ्लैट मैनेजमेंट कोटे में आरक्षित हैं और 95% अपार्टमेंट सर्वसाधारण के लिए हैं। समुदाय सुविधाएँ : 2000 वर्गफुट का एक समुदाय भवन और 2000 वर्गफुट का एक आँगनवाड़ी-सह-क्रेश।

5. अपार्टमेंट के विवरण, आवंटन दर और भुगतान के नियम

अपार्टमेंट के विवरण

कैटेगरी (टाइप)	यूनिट की संख्या	कारपेट एरिया वर्गफुट (लगभग)	बाल्कनी एरिया वर्गफुट (लगभग)	अपार्टमेंट के एलॉटमेंट की दर (सब मिला कर)*	आवेदन के साथ बुकिंग की राशि 5%	एलॉटमेंट पर 20%
2BHK TYPE -01	113	539.384	78.114	21,96,593.00	1,09,830.00	4,39,319.00
2BHK TYPE -03	120	594.916	70.849	24,15,088.50	1,20,754.00	4,83,018.00
2BHK TYPE -04	43	577.112	79.029	23,47,962.50	1,17,398.00	4,69,593.00
3BHK TYPE -01 (MQ)	31	641.351	120.32	26,15,404.00	1,30,770.00	5,23,081.00

ii) बाकी 75% राशि का तीन वर्षों के दौरान 6 महीने तक बराबर किस्तों में भुगतान। भुगतान की नियत तिथि से पहले कोई ब्याज नहीं लगेगा। भुगतान में किसी चूक के लिए हर्जाना ब्याज देना होगा जैसा कि हरियाणा रीयल एस्टेट नियामक प्राधिकरण, विनियम, 2017 के नियम 15 में प्रावधान है।

6. पार्किंग	प्रत्येक अपार्टमेंट के लिए दुपहिया वाहन पार्किंग।
कभी देश की नबंर-एक कंपनी होने का दावा करने वाली जेट एअरवेज भी ऐसे ही खत्म हुई। यह विमानन कंपनियों के लिए खतरे की घंटी थी। लेकिन तब हमने कोई सबक नहीं सीखा और कोई ऐसे नीतिगत कदम नहीं उठाए जो और कंपनियों को इस हालत में पहुंचने से रोकते। माना जा रहा था कि जितनी ज्यादा कंपनियां बाजार में होंगी, उतनी ही प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और विमानन क्षेत्र मजबूत बनेगा। लेकिन होता उल्टा गया। कंपनियां भारी घाटे में जाती रहीं, प्रबंधन खतरे को भांप नहीं पाए। किंगफिशर, जेट जैसी कंपनियों पर बैंकों का भारी कर्ज चढ़ता गया। अब एअर इंडिया भी उसी रास्ते पर है।

विकास के सामने

किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में कायम सरकारों की जिम्मेदारी होती है कि वे विकास के लिए जरूरी मानकों को केंद्र में रख कर काम करें और हर क्षेत्र में संतुलन के साथ आगे बढ़ें। भारत जैसे संघीय और लोकतांत्रिक ढांचे में यह ध्यान रखना जरूरी हो जाता है कि देश के अलग-अलग हिस्सों में विकास संतोषजनक और संतुलित स्वरूप में दिखे। यह सही है कि इस ढांचे में जो पहले से सक्षम और मजबूत राज्य हैं, वहां उपलब्धियों का पैमाना पिछड़े राज्यों से ज्यादा बेहतर होगा। लेकिन यहीं एक सवाल उभर कर सामने आता है कि अगर कमजोर और पिछड़े माने जाने वाले राज्यों में विकास के बुनियादी तत्त्वों की अनदेखी होती है या संसाधनों की कमी या फिर अन्य वजहों से जरूरी मुद्दों पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जाता है, तो क्या वह विकास की दौड़ में और नहीं पिछड़ता जाएगा? भारत में नीति आयोग की ताजा रिपोर्ट में एक बार फिर इसी तरह की तस्वीर उभरी है, जिसमें दक्षिण के कुछ राज्यों ने समग्र विकास के मामले में काफी बेहतर प्रदर्शन किया है, जबकि उत्तर भारत के कुछ राज्यों में बेहद निराशाजनक स्थिति रही। मसलन, सतत विकास के केंद्र सरकार के मानकों पर केरल पहले स्थान पर रहा, जबकि बिहार का प्रदर्शन सबसे खराब रहा।

गौरतलब है कि सतत विकास लक्ष्य यानी एसडीजी, भारत सूचकांक-2019 में सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरण के क्षेत्र में राज्यों की उपलब्धियों के आधार पर उनके प्रदर्शन का आकलन किया जाता है और उनके स्थान निर्धारित किए जाते हैं। ताजा रिपोर्ट के मुताबिक इस कसौटी पर सत्तर अंकों के साथ केरल शीर्ष पायदान पर बना रहा। हालांकि इस बार केंद्र शासित प्रदेशों में से चंडीगढ़ ने भी सत्तर अंक हासिल किए। दूसरे स्थान पर हिमाचल प्रदेश रहा, जबकि आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और तेलंगाना तीनों ही संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। जाहिर है, इन राज्यों ने सतत विकास लक्ष्यों के अलग-अलग पैमानों पर संतोषजनक प्रदर्शन किया, लेकिन कई स्तरों पर अभी उन्हें बेहतरी के लिए काम करने की जरूरत है। विडंबना यह है कि इस आकलन में बिहार और झारखंड जैसे राज्य सबसे निचले स्तर पर हैं, जहां अमूमन हर क्षेत्र में विकास की गति को तेज करने की जरूरत सबसे ज्यादा है। यह किसी से छिपा नहीं है कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार आदि क्षेत्रों में बिहार या झारखंड में क्या स्थिति है। पर्यावरण का सवाल भी विकास के सरोकार में शामिल नहीं हो सका है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के मसले पर कई स्तरों पर उपेक्षा भी हुई। इन राज्यों में आज भी सरकारी शिक्षा व्यवस्था और स्वास्थ्य सुविधाओं का बुनियादी ढांचा काफी सुधार की मांग करता है, क्योंकि समाज के कमजोर तबकों की निर्भरता इन्हीं पर है। रोजगार की हालत में कोई खास प्रगति न होना भी इन राज्यों की तस्वीर को दयनीय बनाता है।

सवाल है कि इन राज्यों में विकास के सरकारी दावों के जरिए राज्य के लोगों और देश के बाकी हिस्सों का ध्यान आकर्षित करने की कोशिशें नतीजा देने के स्तर पर इस कदर पिछड़ी क्यों हैं? यह अच्छा है कि पिछले कुछ सालों के दौरान विकास भारतीय राजनीति का भी मुख्य मुद्दा बना है और राजनीतिक बहसें भी इसी विषय पर केंद्रित होने लगी हैं। लेकिन यह भी सच है कि विकास की व्याख्या के लिए आमतौर पर अर्थव्यवस्था के ग्राफ को पैमाना बना कर पेश किया जाता है, जबकि सामाजिक स्तर पर विकास के दूसरे क्षेत्रों में प्रगति के मसलों पर चर्चा कम की जाती है। सवाल है कि अगर शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के मोर्चे पर क्रमिक और सतत सुधार की स्थिति नहीं बनी रहती है तो ऐसे में आर्थिक उपलब्धियों को विकास का पर्याय मानना कैसी तस्वीर बनाएगा!

कल्पमेधा

खून की नदियां बहाने के बजाय एक आंसू पोंछने में अधिक सच्ची प्रसिद्धि है।

– बायरन

धुंध में उड़ान की सीमाएं

अरुणेंद्र नाथ वर्मा

कोहरे आदि के कारण जब विमानों को अपने लक्षित हवाई अड्डे की जगह कहीं और मोड़ दिया जाता है, तब भी कंपनी को घाटा उठाना पड़ता है। इसीलिए लक्षित हवाई अड्डे पर मौसम खराब होने पर कंपनियां अक्सर उड़ानों में देर करती जाती हैं, जबकि इस स्थिति से अनजान यात्री अपने गंतव्य वाले हवाई अड्डे के मौसम को सुधरते देखकर यह नहीं समझ पाते कि उनकी उड़ान बार-बार देरी से होने और इस देरी के बढ़ते चले जाने का असली कारण आर्थिक है, तकनीकी नहीं।

सर्दियों में धुंध और कोहरे के कारण नागरिक विमान सेवाओं के ठप हो जाने से परेशान हवाई यात्रियों के मन में इस प्रश्न का उठना स्वाभाविक है कि चंद्रमा और मंगल ग्रह तक यान भेजने की तैयारी करने वाले भारत में अभी तक ऐसी सुविधाएं क्यों नहीं उपलब्ध हो सकी हैं जो हर साल लाखों यात्रियों को होने वाली इस मौसमी असुविधा का समुचित समाधान कर सकें। इस संदर्भ में नागरिक विमानन सेवाओं के प्रति कोई धारणा बना लेने से पहले यह जरूरी है कि हवाई यात्रियों को दृश्यहीनता के वातावरण में उड़ान भरने की समस्या के हर पहलू की जानकारी हो। इस सच्चाई से अधिकांश यात्री अनभिज्ञ होते हैं कि अभी तक ऐसा कोई हवाई अड्डा विश्व में नहीं है जहां शून्य दृश्यता में भारी यात्री विमानों के उतरने की सुविधा हो। हां, यह जरूर है कि शून्य दृश्यता के बहुत नजदीक पहुंच जाने तक यह संभव है। हवाई पट्टी धरातल से सौ मीटर तक की ऊंचाई तक और रनवे विजुअल रेंज (वह क्षैतिज दूरी जहां से उतरने के लिए विमान को हवाई पट्टी की शुरुआत पर लगे चिह्न और सेंटर लाइन दिखाई देने लगते हैं) कम से कम पचास फीट होने तक विमान का उतरना और उड़ान भरना संभव हो सके। ऐसी सुविधा उपलब्ध कराने वाले उपकरण का नाम है इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (आइएलएस)। यह उपकरण हवाई पट्टी के बीचों-बीच एक रेडियो बीम उपलब्ध कराता है, जिसकी सीध में विमान की नाक बनाए रख कर पायलट विमान को पट्टी पर उतारता है। इस प्रणाली का दूसरा अंग धरातल से एक कोण पर उठती हुई रेडियो बीम होती है, जिसकी मिसाल बच्चों के फिसलने के लिए बनाई गई फिसलपट्टी से दी जा सकती है। इस रेडियो बीम के साथ-साथ चलते हुए विमान को ऊंचाई से नीचे तक लाया जा सकता है। कॉकपिट में पायलट इन दोनों रेडियो बीमों से विमान की आड़ी और खड़ी दूरी एक डायल पर देख कर विमान की दिशा और उतरने की गति में आवश्यक सुधार करता चलता है, साथ ही उसके कानों में इस उपकरण से आवश्यक निर्देश चुनी हुई भाषा (प्रायः अंग्रेजी) में मिलता जाता है। इनकी सहायता से विमान इतनी नीचाई तक उतारा जा सकता है, जहां से हवाई पट्टी को अपनी आंखों से देख कर पायलट लैंडिंग पूरी कर सके।

आइएलएस उपकरण तीन श्रेणियों के होते हैं। प्रथम श्रेणी अर्थात कैट वन आइएलएस की सहायता से विमान दो सौ फीट की ऊंचाई तक उतारा जा सकता है और उसके बाद उतरने के लिए सामने की दृश्यता परास कम से कम साढ़े पांच सौ मीटर तक होनी चाहिए, जहां से पायलट अपनी आंखों का इस्तेमाल करके ही विमान नीचे उतारता है। कैट टू में सौ फीट ऊंचाई और साढ़े तीन सौ मीटर रनवे विजुअल रेंज की सीमा होती है। कैट थ्री सिस्टम तीन तरह के होते हैं- 3 ए में कम से कम पचास फीट ऊंचाई और 200 मीटर की दृश्यता की सीमा होती है। कैट 3 बी सिस्टम में कम से कम पचास मीटर की दृश्यता चाहिए। अब रहा कैट 3 सी सिस्टम। सैद्धांतिक रूप से तो इसमें न्यूनतम ऊंचाई और दृश्यता की नहीं होती, लेकिन शून्य दृश्यता और शून्य ऊंचाई अर्थात रनवे पर विमान के छूने तक विमान को कैट 3 सी उपकरणों की सहायता से उतार लेने में समर्थ कोई सिस्टम न्यूयार्क के केनेडी हवाई अड्डे और लंदन के हीथ्रो के अलावा कहीं और नहीं हैं। ऐसे में पूरी दृश्यहीनता में उड़ान भरना केवल एक परिकल्पना है असलियत नहीं।

इसके बाद भी यह ध्यान में रखना होगा कि केवल हवाई अड्डे पर इलेक्ट्रॉनिक उपकरण उपलब्ध करा देने से आइएलएस का पूरा उपयोग नहीं किया जा सकता। इस सुविधा को इस्तेमाल करने के लिए विमानों के अंदर भी समान उपकरण का होना अनिवार्य है। इस उपकरण का पूरा उपयोग करने के लिए पायलटों का प्रशिक्षण भी उतना ही आवश्यक है। फिर प्रशिक्षण भी एक बार दे देने से काम नहीं चलेगा, पायलटों को इस उपकरण का इस्तेमाल करने का नियमित अभ्यास भी चाहिए। इतना सब होने के बाद श्रेष्ठतम आइएलएस से भी विमानपत्तन में उतरने के बिंदु तक जहाज ले जाने और फिर पार्किंग-बे तक जहाज को ले जाने में किसी तरह की मदद नहीं मिलती। इस दौरान विमान की किसी अन्य विमान से या अन्य किसी चीज से टकरा कर हो जाने वाले हादसे में विमान के पायलट को कभी माफ नहीं किया जाता। नतीजा यह होता है

कि धुंध में जहाज को टैक्सी करते समय पायलट बेहद चौकन्ने रहते हैं। नतीजतन विमानों द्वारा जमीन पर बिताया गया समय धुंध में अपेक्षाकृत काफी बढ़ जाता है। इस कारण उड़ानों के बीच का अंतराल बढ़ता चला जाता है। इंजन चालू करके जहाज को टैक्सी करने की अपेक्षा उन्हें ट्रैक्टर या टग से जमीन पर टेक ऑफ बिंदु तक ले जाने से ईंधन की काफी बचत होती है ,लेकिन आज के विशालकाय विमानों को टग करने वाले विशालकाय ट्रैक्टर भी कोहरे के कारण बहुत धीमी गति से चलाए जाते हैं। अतः इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम उच्चतम श्रेणी का होने के बावजूद धुंध और कोहरे में उड़ानों का सुचारू रूप से संपन्न होना कठिन हो जाता है। इस सब के चलते उड़ानों में देर होती चली जाती है।

संतोष का विषय है कि हर वर्ष सर्दी के मौसम में धुंध और कोहरे के शिकार बन जाने वाले उत्तर भारतीय विमानपत्तनों पर लगातार रडार और आइएलएस जैसे आधुनिकतम इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को उपलब्ध कराने के इंतजाम किए जा रहे हैं। पिछले दो-एक वर्षों में कोलकता का नेताजी सुभाष हवाई अड्डा भारत का पांचवां ऐसा विमानपत्तन बन गया है जहां पर अमृतसर, जयपुर, लखनऊ और नई दिल्ली के इंदिरा गांधी हवाई अड्डे की तरह बहुत कम दृश्यता में विमानों के उड़ान भरने और उतर सकने के लिए आइएलएस कैट-3 बी उपलब्ध कराया गया है, बावजूद इसके कि ऐसी हर प्रणाली को स्थापित करने के लिए लगभग दस करोड़ रुपये खर्च होते हैं और उनका मासिक रख रखाव लगभग पचास लाख रुपये पड़ जाता है। नई दिल्ली में एक नहीं, तीन-तीन रनवे हैं जिन पर यह सुविधा उपलब्ध है। विमान कंपनियों को भी एक पायलट को आइएलएस का प्रशिक्षण देने में लगभग दस लाख रुपए का खर्च आता है और जारी रहने वाले प्रशिक्षण में सभी पायलटों को अभ्यास देते रहने का अर्थ है करोड़ों रुपए का खर्च। जब लगभग सभी देशों में एअरलाइंस चलाना बेहद घाटे का सौदा साबित हो चुका है, तब हमारे देश की कितनी विमान कंपनियां सारे विमान चालकों के प्रशिक्षण पर इतना धन सहर्ष करना चाहेंगी?

कोहरे आदि के कारण जब विमानों को अपने लक्षित हवाई अड्डे की जगह कहीं और मोड़ दिया जाता है, तब भी कंपनी को घाटा उठाना पड़ता है। इसीलिए लक्षित हवाई अड्डे पर मौसम खराब होने पर कंपनियां अक्सर उड़ानों में देर करती जाती हैं, जबकि इस स्थिति से अनजान यात्री अपने गंतव्य वाले हवाई अड्डे के मौसम को सुधरते देखकर यह नहीं समझ पाते कि उनकी उड़ान बार-बार देरी से होने और इस देरी के बढ़ते चले जाने का असली कारण आर्थिक है, तकनीकी नहीं। इलेक्ट्रॉनिक और एअरोनॉटिकल इंजीनियरिंग में जिस रफ्तार से नित्य नया अन्वेषण देखने को मिल रहा है, उसके चलते आश्चर्य नहीं होगा कि यदि बहुत निकट भविष्य में ही पूरी दृश्यहीनता में भी विमानन कंपनियों के भारी भरकम विमान उड़ान भरने और उतरने में सक्षम हो जाएं। जैसे-जैसे देश की समृद्धि बढ़ेगी, हवाई अड्डे और अधिक हवाई यातायात संभाल सकने में सक्षम होते जाएंगे और हमारी विमानन कंपनियां बढ़े हुए खर्च को यात्रियों की सुविधा के लिए सहर्ष स्वीकार करने लगेंगी।

वे बोझ उठाने वाले

आरती मंगल

दुनिया मेरे आगे

हाल ही में जब मैं एक संबंधी को पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन से घर लाने गई तो यह देख कर हैरान रह गई कि स्टेशन पर 'कुली' यानी सहायक, भारिक या भारवाहक नहीं दिख रहे थे। करीब एक दशक पहले की अपनी याद के मुताबिक कहूं तो रेलवे स्टेशन का जैसा दृश्य हुआ करता था, यह उससे बहुत अलग था। हालांकि अब भी ट्रेन पकड़ने के लिए वैसी ही भीड़ और धक्कामुक्की कायम थी, लेकिन कहीं-कहीं इक्का-दुक्का भारिक दिख रहे थे। उनकी गैर-मौजूदगी साफ महसूस की जा सकती थी। यह दृश्य मुझे यादों की पुरानी गली में ले गया। तब मैं एक बार रेलवे स्टेशन गई थी तो वहां मुझे दो खांचे में बंटे हुए लोग दिखे थे- एक, जिन लोगों ने अलग-अलग रंगों के कपड़े पहने हुए थे, और दूसरे वे लोग जिन्होंने सिंदूरी लाल रंग के परिधान पहन रखे थे। उन्हें आमतौर पर 'कुली' कह कर बुलाया जाता है, हालांकि उन्हें भारिक या भारवाहक कहना चाहिए। रेलवे स्टेशन पर मौजूद भारिक मुसाफिरों की भीड़ के बीच जगह बनाते हुए कुछ मेहनताने के बदले लोगों के सामान उनकी ट्रेन तक पहुंचा रहे थे। इसके अलावा, जब भी कोई यात्री उनसे कुछ पूछता तो वे ट्रेनों के बारे में जानकारी देकर उन्हें पूछताछ के लिए लगी लंबी लाइनों से बचा भी रहे थे। लेकिन अब उनकी नगण्य संख्या देख कर मैं हैरान थी। सोचती हूं कि इस स्थिति ने क्या केवल मुझे स्तब्ध किया था?

मेरा मानना है कि रेलवे स्टेशनों से भारी तादाद में भारवाहकों की गैर-मौजूदगी की एक बड़ी वजह शायद आजकल तेजी से चलन में उभरे ट्रॉली बैग हैं। यानी ऐसे बैग, जिनके नीचे छोटे पहिये लगे होते हैं और उन्हें कोई भी आसानी से एक से दूसरी जगह खुद ही ले जा सकता है। इसके अलावा, अब काफी लोग ऐसे भी हैं, जो सफर के दौरान पहले की तरह बहुत ज्यादा सामान लेकर नहीं चलते हैं। बेहतर तकनीक ने चीजों का दायरा छोटा किया है। मसलन टेक्नोलॉजी के मामले में उन्नत होने के साथ हम देख सकते हैं कि इंसानों की जगह तेजी से मशीनें ले रही हैं। लेकिन सवाल है कि मशीनों ने जिनकी जगह ली, उन लोगों का क्या हुआ? क्या वे अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहे हैं? वे कहीं हैं तो कहां और किस हाल में हैं? क्या इन सवालों से किसी को कोई सरोकार है? रेलवे महकमा इस हकीकत से बेखबर नहीं है, लेकिन चूंकि भारवाहक रेलवे से किसी नियमित कर्मचारी के रूप में तनख्वाह नहीं लेते, इसलिए उनकी जवाबदेही कोई नहीं लेता।

खैर, 2016 में भारतीय रेलवे ने रेलवे के तंत्र के आधुनिकीकरण के साथ-साथ भारवाहकों की स्थिति में सुधार के लिए कुछ उपायों की घोषणा की थी। बेशक इसे भारवाहकों के प्रति सरोकार के तौर पर देखा जा सकता है। इसके तहत उन्हें 'कुली' कहने के बजाय 'सहायक' कह कर बुलाए जाने की शुरुआत की गई थी। इसके अलावा, उनके लिए नए परिधान, उनके भीतर विनम्रता लाने के मकसद से प्रशिक्षण और ट्रॉलियों की संख्या बढ़ाया जाना शामिल था। इन उपायों के जरिए भारवाहकों की स्थिति में सुधार का दावा किया गया था, लेकिन आज वे उपाय कहीं खो गए दिखते हैं। बेशक 'कुली' एक औपनिवेशिक काल का संबोधन है और यह व्यक्ति की गरिमा को कम करता है, लेकिन भारतीय शायद उन्हें इस नजरिए से नहीं देखते हैं। फिर उनके भीतर नरमी या विनम्रता से पेश आने कौशल का विकास करने की बात एक तरह से उनकी गरिमा को कम करती है, क्योंकि इसके साथ यह मान लिया जाता है कि वे विनम्र नहीं हैं और खराब बर्ताव करते हैं।

दरअसल, यह धारणा वर्गीय दंभ या अहं से आती है। इसी तरह, उनके नए परिधानों पर कुछ प्रायोजक कंपनियों के बेमानी 'लोगो' या प्रतीक चिह्न लगाए गए। करीब सौ साल पहले ही भारवाहक सिंदूरी लाल परिधान पहनते रहे हैं। इसमें दो बातें जुड़ी थीं, जिनसे यह पता चलता था कि वे रेलवे के तहत ही आते हैं, भले ही उन्हें रेलवे का नियमित कर्मचारी नहीं माना जाता। इस तरह नए परिधान के साथ जो उनके रेलवे से जुड़े होने की छवि थी, वह खत्म हो गई। इसके अलावा, निश्चित तौर पर ट्रॉलियों की संख्या में इजाफा एक स्वागतयोग्य पहल है, लेकिन आखिर काम नहीं होने की हालत में इसका क्या इस्तेमाल होगा? जबकि भारवाहकों की मांग थी कि उनके लिए सेवानिवृत्ति लाभों की योजना, पेंशन की व्यवस्था की जाए और रोजगार के अवसर बढ़ाए जाएं। ऐसी स्थिति में इस तरह के उपायों का हासिल क्या होगा, यह देखने की बात होगी।

मैं यह सोच कर अक्सर हैरान हो जाती हूं कि गायब हुए भारवाहकों और उनके परिवारों का क्या हुआ होगा! अब वे क्या कर रहे होंगे? क्या वे कहीं और नौकरी करने लगे होंगे या फिर टेक्नोलॉजी के बढ़ते इस्तेमाल, रेलवे महकमे और मंत्रालय की संवेदनहीनता या उदासीनता के बीच पिस गए होंगे? इस सबके लिए किसकी जवाबदेही तय की जा सकती है? सच यह है कि जिस दौर में सब कुछ बाजार के रहमोकरम पर छोड़ दिया गया है, उसमें आमतौर पर गरीबों को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ती है।

गांधी की जरूरत

हमारे देश में सामाजिक या राष्ट्रीय स्तर पर जब भी कुछ अच्छा-बुरा घटता है तो अक्सर हम भारतीय किसी न किसी रूप में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की बात करते हैं। गांधी ने भी कहीं ऐसा ही कहा है... गांधी इसके पक्ष में कभी नहीं रहे... गांधी ने जो मार्ग दिखाया.... या आज अगर गांधी होते...! ऐसी न जाने कितनी उक्तियां नेताओं के भाषणों का ही नहीं, हम आम नागरिकों के आपसी संवाद का भी हिस्सा होती हैं । संवाद ही नहीं, विवाद की स्थिति में भी गांधी का संदर्भ आ जाता है। तकनीक के इस दौर में अब गांधी प्रासंगिक नहीं रहे, या आज की परिस्थितियों में गांधी पहले से ज्यादा प्रासंगिक हो गए हैं। ऐसा लगता है जैसे गांधी भारतीय चिंतन के केंद्र बिंदु हैं। जो भी हो, देश के हाल के दिनों में बने हालात में 'सुन ले बापू यह पैगाम, मेरी चिट्ठी तेरे नाम' जैसा कोई संदेश गांधी तक पहुंचाने की इच्छा जरूर होती है। सत्ता के निरंकुश फैसलों के खिलाफ अपने आप ही एकजुट होकर सड़कों पर उतरे हमारे विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी जब सम्मान के साथ गांधी का नाम लेते हैं, तो उनकी पीठ थपथपाने का मन करता है। प्रशासन और पुलिस की बर्बरता के शिकार हो रहे इन युवाओं के संघर्ष को देख कर यह विचार भी आता है कि अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी के डेढ़ सौवें जयंती-वर्ष को बीतते-बीतते हिंसा के ये जख्म किसने दे डाले!

● *शोभना विज, पटियाला*

तापमान का दंश

पेरिस समझौता, 2015 संयुक्त राष्ट्र के बैनर तले किया गया, जिसमें कुल 196 देशों ने अपने हितों को देखते हुए इस समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह धरती के जीवन को बढ़ाने और अपने देश के नागरिकों के हितों के लिए उठाया गया विशेष कदम था, लेकिन कुछ देश इस महत्त्वपूर्ण संगठन से अलग होने की प्रतीक्षा में हैं इस समझौते से अलग होने के। जबकि अगर इसी में अपनी भागीदारी को और सुदृढ़ करने की कोशिश की जाती तो शायद प्रतिष्ठा और जिम्मेवारी का एक कदम और ऊपर जाता। सिर्फ निजी हितों के लिए अपने ही लोगों का ही दुश्मन बन जाना कहां तक उचित और तर्कपूर्ण है? आज जिस प्रकार ग्लोबल वार्मिंग का दंश संपूर्ण पृथ्वी महसूस कर रही है।

इस ज्वलनशील मुद्दे के लिए एक छोटी बच्ची ने विश्व को आईना दिखाया, लेकिन कुछ देश इस गंभीर संकट की अनदेखी कर रहे हैं। हम क्यों भूल जाते हैं कि हमारी पृथ्वी उस जहाज की तरह है, जिसके हम सभी क्रू मेंबर हैं, न कि यात्री! यात्री तो एक जहाज से उतर कर दूसरे जहाज पर सवार हो जाते हैं, पर हम दूसरी पृथ्वी कहां से लाएंगे? हमें अपनी पृथ्वी के प्रति उतना ही जिम्मेवार होना आवश्यक है, जितना एक जहाज के क्रू मेंबर द्वारा होता। इसलिए इस गंभीर समस्या के प्रति हमें अपना कितना अधिक योगदान करना है, यह सभी देशों को समझना होगा।

● *ऋषि कुमार, दृष्टि संस्थान, प्रयागराज*

भाईचारे की राह

आज भारत में नफरत करने वालों की संख्या तेजी से बढ़ रही है और लोग प्रेम की राह को छोड़ रहे हैं। जब देश आजाद नहीं था तो हिंदू, मुसलिम, सिख, ईसाई- सबने मिल कर इस देश को आजाद करवाया था। आज समाज में कुछ इस तरह के लोग देखने को मिल रहे हैं, जो राजनीति को लेकर वातावरण में हिंसा फैला रहे हैं। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि आजादी की लड़ाई में मुसलमानों ने भी अहम कुर्बानियां दी हैं, जिन्होंने वतन पर हंसते-हंसते जान दे दिया। आजाद देश में भी उनकी भूमिका बेहद अहम रही है।

हिंसा से नुकसान के अलावा कुछ नहीं। आज कुछ लोग राजनीति को लेकर हिंदू-मुसलिम करते हुए झगड़ रहे हैं। आज जिस तरह की राजनीति हो गई है और उसमें नेता लोग अपनी फायदे के लिए सोचते हैं। राजनीति के नाम पर लोगों को धर्म के दायरे में समेटा जा रहा है। हम सबका इससे सतर्क हो जाना बहुत जरूरी है। इतिहास गवाह है कि जिसने नफरत की राह पकड़ी, उसकी दुर्गति ही हुई है। इसलिए हम सब को नफरत की राह को छोड़ कर सही राह पर चलना चाहिए। समाज में जहरीले बोल बोल कर नफरत को न फैलाएं, बल्कि एक दूसरे को प्रेम की बातें बताएं। सवाल है कि जिससे सबको केवल नुकसान ही होगा, वैसी बातों को फैलाने से क्या फायदा! हम सब संकल्प लें कि जो हुआ सो हुआ। अब हम सब नफरत को नहीं फैलाएंगे और समाज में जहर की राजनीति बोने वालों को राजनीतिक दुनिया से खारिज करेंगे।

● *मो जमील, मधुबनी, बिहार*

किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com

बेरोजगारी रजिस्टर

देश को अगर कोई राष्ट्रीय रजिस्टर चाहिए तो वह राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर यानी एनआरसी नहीं, बल्कि राष्ट्रीय बेरोजगारी रजिस्टर है। अगर सरकार यह प्रस्ताव मान लेती है तो देश का हजारों करोड़ रुपए का खर्चा बचेगा, करोड़ों लोग भय और आशंका से मुक्त हो जाएंगे और बेरोजगारी सुलझाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाने में मदद मिलेगी। वर्तमान हालात को देखते हुए इस समय देश में बेरोजगारी की समस्या एक मुख्य चिंता होनी चाहिए, जिसकी दर 7.6 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। यह पंद्रह साल से ऊपर की उम्र के वे लोग हैं, जो काम करना चाहते हैं, लेकिन रोजगार नहीं मिल रहा है। इस हिसाब से 3.26 करोड़ लोग बेरोजगार हैं। यह सिर्फ दर्ज लोगों की संख्या है। असंगठित क्षेत्र की कल्पना भी दहला देती है। हैरानी की बात यह है कि इन बेरोजगारों की कोई सूची सरकार के पास नहीं है। बेरोजगारी का सर्वेक्षण राष्ट्रीय सैंपल सर्वे करता है, लेकिन देश भर में एक प्रतिशत से भी कम लोगों का सैंपल लिया जाता है।

आज तक देश में सभी बेरोजगारों की कोई सूची तैयार नहीं हुई है। एनआरसी पर जोर देने के बजाय अगर सरकार चाहे तो 2021 की जनगणना के साथ बेरोजगारी रजिस्टर बनाया जा सकता है, जिसमें हरेक बेरोजगारों की शिक्षा, आयु, हुनर, कामकाज को मूल आधार बनाया जा सकता है। हालांकि यह काम आसान नहीं होगा, लेकिन एनआरसी और हर व्यक्ति की नागरिकता के सबूत जुटाने से आसान होगा। यह रजिस्टर नागरिकों में आशंका के बजाय आशा का संचार होगा, जो देश को अतीत में ले जाने के बजाय भविष्य की ओर ले जाएगा। क्या यह सरकार ऐसे किसी भविष्य की ओर बढ़ने के कदम उठाने का संकल्प रखती है? या सिर्फ अतीत के झगड़ों में उलझा कर जनता कि आंखों में धूल झोंकना चाहती हैं?

● *पारस मल बोस, बाड़मेर, राजस्थान*

www.readwhere.com

ट्रामवे के लिए हैं बेहतर संभावनाएं

हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के जोगिंदरनगर बरोट ट्रामवे में काफी रंभावनाएं हैं। दुनिया के कुछ ट्रामवे के मुकाबले में यह आ सकता है अगर सरकार चाहे। जोगिंदरनगर ट्रामवे के सफर में आप जंगल में से होकर भी गुजरते हैं। ऐसा कुछ अनुभव आपको अमेरिका के डिज्नीलैंड में पटरी पर चलने वाली छोटी-छोटी कारों के सफर में होता है। पर वहां तो सब जंगल-पहाड़ बनावटी हैं जबकी इस ट्रामवे पर सब कुछ असली है।

नए पोक्सो कोर्ट खोलने में ढिलाई के कारण यौन उत्पीड़न मामलों के निपटारे में देरी

राजीव जैन
जयपुर।

महिलाओं और बालिकाओं के यौन उत्पीड़न के हजारों मामलों की सुनवाई के लिए नए पोक्सो कोर्ट स्थापित करने में सरकार नाकाम साबित हो रही है। यौन उत्पीड़न से जुड़े मामलों की सुनवाई कर उनके निपटारे में तेजी लाने के लिए केंद्र सरकार ने देश में 1023 त्वरित निपटान विशेष न्यायालयों की स्थापना के लिए एक योजना बनाई हुई है। यह योजना सिर्फ एक वर्ष के लिए है। राजस्थान में इस योजना के तहत 45 विशेष कोर्ट खोलने पर करीब 34 करोड रूपए की लागत आएगी। इसमें केंद्र सरकार अपनी हिस्सा राशि 20 करोड रुपए देगी। नए पोक्सो कोर्ट खोलने की घोषणा से अब राज्य सरकार पीछे हट गई है। उसका कहना है कि पहले से ही चल रही 56 अदालतों में सुविधाएं बढ़ा कर काम में तेजी लाई जाएगी।

राजस्थान

प्रदेश की अदालतों में यौन उत्पीड़न के 11 हजार 800 से ज्यादा मामले विचाराधीन हैं। इनमें भी सात हजार मामले नाबालिगों से बलात्कार से जुड़े हैं। इतनी बड़ी संख्या में मामले अदालतों में विचाराधीन होने के कारण ही सरकार ने इस बार के अपने बजट में 47 नए विशेष कोर्ट खोलने का एलान किया था। सरकार के वित्त महकमे ने अपने इस फैसले को वापस ले लिया है। इस बारे में वित्त विभाग ने विधि विभाग को सूचित भी कर दिया है। इस फैसले से वकील समुदाय में रोष है। उनका कहना है कि यौन उत्पीड़न के मामले अत्यधिक संवेदनशील होते हैं। खास कर नाबालिगों से जुड़े मामले तो बेहद नाजुक होते हैं। इन मामले के दोषियों को सजा मिलने में बहुत अधिक समय लग जाता है, इससे पीड़िताओं को न्याय मिलने में देरी होती है।

वकीलों का कहना है सरकार को विशेष पोक्सो कोर्ट खोलने की अपनी बजट घोषणा को इस साल ही पूरा करना चाहिए। राजस्थान हाईकोर्ट के एडवोकेट दीपक शर्मा का कहना है कि केंद्र सरकार की योजना के तहत विशेष कोर्ट की स्थापना के लिए 60 फीसद रकम का हिस्सा तो केंद्र सरकार ही दे रही है। प्रदेश में 26 कोर्ट की स्थापना के लिए 5 करोड़ रुपए राज्य सरकार के खाते में आ चुके हैं। इसके बावजूद राज्य सरकार कोर्ट खोलने के अपने निर्णय से पीछे हट गई है। यह बजट एक साल के लिए ही है और इस्तेमाल नहीं होने पर लैप्स हो जाएगा।

जयपुर जिला अदालत में यौन उत्पीड़न से जुड़े मामलों की पैरवी से जुड़े वकील वरुण पुरोहित का कहना है कि केंद्र सरकार जब नई अदालतों की स्थापना में मदद करने को तैयार है तो राज्य को इसका फायदा उठाना चाहिए। यौन उत्पीड़न के मामले वर्षों तक अदालतों में चलने से समाज पर उसका उलटा असर होता है। प्रदेश में दुष्कर्म के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। कमजोर तबकों के नाबालिगों के साथ होने वाले अत्याचार के मामलों का तो फौरन निपटारा होना चाहिए। सरकार को ऐसे मामलों के लिए कारगर नीति बनानी होगी तभी लोगों को राहत मिल पाएगी।

राज्य सरकार ने बजट घोषणा में इस बार पोक्सो, फैमिली, एडीजे और एससी-एसटी सहित 86 नवीन अदालतों की स्थापना की घोषणा की थी। इसमें से सरकार ने 39 नए कोर्ट खोल दिए। लेकिन सरकार ने 47 नए पोक्सो कोर्ट खोलने की घोषणा को वापस ले लिया। वित्त विभाग का तर्क है कि पिछले सालों में खुले 56 पोक्सो कोर्ट में सुविधाएं बढा कर उनमें त्वरित मामलों का निपटारा कराया जाएगा। सरकार विचाराधीन नए कोर्ट की स्थापना नए वित्तीय वर्ष में करने पर विचार करेगी।

वकीलों का कहना है सरकार को विशेष पोक्सो कोर्ट खोलने की अपनी बजट घोषणा को इस साल ही पूरा करना चाहिए। राजस्थान हाईकोर्ट के एडवोकेट दीपक शर्मा का कहना है कि केंद्र सरकार की योजना के तहत विशेष कोर्ट की स्थापना के लिए 60 फीसद रकम का हिस्सा तो केंद्र सरकार ही दे रही है। प्रदेश में 26 कोर्ट की स्थापना के लिए 5 करोड़ रुपए राज्य सरकार के खाते में आ चुके हैं। इसके बावजूद राज्य सरकार कोर्ट खोलने के अपने निर्णय से पीछे हट गई है। यह बजट एक साल के लिए ही है और इस्तेमाल नहीं होने पर लैप्स हो जाएगा।

जोगिंदरनगर बरोट ट्रामवे हो सकता है और बेहतर

बीरबल शर्मा
मंडी।

शायद ही देश के बहुत ही कम लोग जानते होंगे कि हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के जोगिंदरनगर में एक ट्रामवे है जिसका निर्माण 1930 में हुआ था। इसका निर्माण जोगिंदर नगर के उहल हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट बनाते समय किया गया था। यह ट्राम वे पांच चरणों में है जिनमें दो चढ़ाई में, दो उतर में और एक समतल है। कुल लंबाई सात किलोमीटर है। यह ट्रामवे सारी दुनिया में अपनी तरह का एक ही है।

हिमाचल

ट्राम, जिनको अधिकतर स्थानीय लोग ट्रॉली या ट्रक कह कर पुकारते हैं, यहां चल रही हैं। ये पंजाब सरकार के अधीन चल रहे शानन पावर हाउस के निर्माण के समय 1930 में लाई गई थीं। ये अभी भी चालू हालत में हैं।

इस ट्रामवे में लोहे की एक रस्सी के दोनों सिरों पर दो ट्रालियां जुड़ी होती हैं। जब ऊपर बिजली की मोटर चलाई जाती है तो एक ट्रॉली रेल की पटरी जैसी पटरी पर ऊपर जाती है और वैसी ही एक दूसरी ट्रॉली ऊपर से नीचे आती है। ठीक बीच में पटरी द्विशाखित हो जाती हैं और दो पटरियों में परिवर्तित हो जाती है और दोनों ट्रालियां अलग-अलग पटरी पर चलने लगती हैं। बाद मे दोनों पटरियां फिर मिल कर एक हो जाती हैं। जब ये ट्रालियां दो पटरियों पर एक दूसरे को क्रॉस करती हैं, तो यह दृश्य बहुत सुंदर लगता है। ट्रॉली के ड्राइवर के हाथ में तांबे की एक लंबी छड़ होती है। पटरी के साथ साथ खंभों पर बिजली तार लगे हैं। अगर ड्राइवर को बीच में कहीं ट्राली रोकनी पड़े तो वह उस तांबे की लंबी छड़ को खंबों से जाती बिजली की तारों से छू देता है जिसके परिणामस्वरूप ऊपर मोटर के नियंत्रण कक्ष में एक घंटी बजती है और मोटर को चलाने वाला स्विच बंद कर देता है और ट्रॉली रुक जाती है। इसी तरह ट्राली को फिर से चलाने के लिए वह फिर घंटी बजा देता है। बीच में एक स्टेशन आता है जहां आपको पहली ट्रॉली से उतरना होता है और फिर दूसरी ट्रॉली में बैठ जाना होता है। यह सफर समुद्रतल से लगभग 3 हजार फीट से शुरू होकर सीधी खड़ी पहाड़ी पर बिछी लाइन से आसमान को छूते हुए आठ हजार फीट की ऊंचाई तक होता है जिसे करना दुनिया के रोमांच से भरे सफरों में एक है।

इस अत्यंत रोमांचक सफर के बाद मंडी के विख्यात उद्यानी विशेषज्ञ 70 वर्षीय डॉ चिरंजीत परमार जो दुनिया के 36 देशों का भ्रमण उद्यान से जुड़े कार्यों के लिए कर चुके हैं, का इस सफर के बाद यह मानना है कि यहां की सरकार इस ट्रामवे में थोड़ा सा सुधार कर इसको पर्यटकों के लिए क्यों नहीं खोल देती। अगर ऐसा कर दिया जाए तो जोगिंदर नगर इलाके के पर्यटन व्यवसाय में बहुत ही वृद्धि हो सकती है। इस किस्म की सुविधा सारे भारत में कहीं नहीं है। लोग सुबह बरोट जाकर शाम को वापस आ सकते हैं या चाहें तो वहां भी रुक सकते हैं।

डॉ परमार के मुताबिक उन्होंने विदेशों में इस किस्म की ट्रॉली केवल तीन स्थानों पर देखीं हैं और सभी जगह यह पर्यटकों में बहुत लोकप्रिय हैं। पहली हांगकांग, दूसरी अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को तथा तीसरी ब्राजील के शहर रियो डि जनेरो में।

डॉ परमार के कहना है कि सरकार को जोगिंदर नगर के ट्रामवे को हांगकांग या रियो डे जनेरो की तर्ज पर विकसित करना चाहिए। यहां सब कुछ बना बनाया है। केवल थोड़े से सुधार की आवश्यकता है। फिलहाल पुरानी ट्रॉलियों ही उपयोग में लाई जा सकती हैं।

अस्पतालों में बढ़ रहा दलालों का दबदबा

प्रतिभा शुक्ल
नई दिल्ली।

राजधानी के लोकनायक जय प्रकाश नारायण अस्पताल से लेकर एम्स, सफदरजंग, राममनोहर लोहिया, जीटीबी, संजय गांधी,डीडीयू सहित तमाम अस्पतालों में ओटी से लेकर वार्डों तक दलालों की खुली पहुंच है। इन दलालों को कर्मचारी व मरीज इनके नामों से खूब जानते हैं। ये मरीजों को ऑपरेशन के समय जरूरी नेल यानी स्टील या टाइटेनियम की राड,प्लेट या स्क्रू वहीं पर मुहैया कराते हैं।

ऑपरेशन थिएटर से लेकर वार्डों तक घुसे दवा व मेडिकल उपकरण कंपनियों के ये दलाल सबसे ज्यादा सक्रिय हड्डी रोग विभाग में हैं। दुर्घटना का शिकार हुए तमाम मरीजों के परिजनों को भले यह नहीं पता हो कि उनके मरीज का आपरेशन किस नंबर पर होगा, लेकिन विभिन्न कंपनियों के इन दलालों के पास न केवल आपॅरेट होने वाले मरीजों की सूची होती है बल्कि उनको यहां तक मालूम है कि किस नंबर पर कौन से मरीज का ऑपरेशन होना है।

मरीजों के परिजनों का कहना है कि प्रतिनिधि नेल या राड का पूरा सेट लाकर देते हैं और उसका पूरा पैसा मरीज से लेते हैं। कई परिजनों ने यह भी बताया कि कंपनी वाले पैसा वापस करने में आनाकानी करते हैं। एक मरीज के परिजन बसल वर्मा ने बताया कि राड या छल्ले की गुणवत्ता से भी समझौता कर लिया जाता है। टाइटेनियम की जगह स्टील या कई बार नकली राड डाल दिया जाता है।

दिल्ली

एम्स में हड्डी रोग विभाग में रहे डॉ सीएस यादव का कहना है एम्स में तो गड़बड़ी नहीं होती लेकिन तमाम दूसरी जगहों पर इससे इन्कार नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि हड्डी के इलाज में कई तरह की छोटी बड़ी छड़ (राड) व नट बोल्ट की जरूरत पड़ती है। कौन सा लगेगा यहऑपरेशन के समय ही पता चलता है। कई बार मोटी रॉड से हड्डी क्रेक होने का पता चलता है तो सबसे पतली राड डालनी पड़ती है। किसी मरीज में एक दो नट से काम चल जाता है किसी में ज्यादा। ऐसे में एक रॉड नहीं पूरा सेट मंगाना पड़ता है। इतने ज्यादा नट बोल्ट का हिसाब रखना केवल नर्स से संभव नहीं होता उनको और तरह के काम होते हैं। फिर उन डिवाइसों को ऑपरेशन से पहले कीटाणु रहित करने के लिए पहले से मंगाना पड़ता है। इसलिए उनके कंपनियों के प्रतिनिधियों को ही बता दिया जाता है कि कौन से मरीज के लिए क्या डिवाइस चाहिए।

उपभोक्ता मामलों के विशेषज्ञ व जागो ग्राहक के अगुआ रहे बिजॉन मिश्र ने कहा कि स्टेंट, नेल या दलालों से संबंधित मामलों को लेकर लोग शिकायत नहीं कर पाते क्योंकि इसको लेकर कोई कानून नहीं है। लिहाजा मरीज इस बारे में शिकायत नहीं कर पाते फिर मरीज अपने डॉक्टर को नाराज भी नहीं करना चाहते। इसलिए वे शिकायत नहीं कर पाते। उन्होंने बताया कि दलालों व निजी प्रयोगशालाओं के डॉक्टरों से मिलीभगत को रोकने के लिए स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने सन 2015 में एक समिति बनाई थी। अव्वल तो सबूत नहीं मिल पाता लेकिन जिन मामलों में समिति ने पाया भी कि दवा व जांच लैब व मेडिकल डिवाइस वाली कंपनियों ने डॉक्टरों को चेक से भी पैसा दिया है उनको भी कानून न होने से पकड़ा नहीं जा सका क्योंकि डॉक्टर उस मामले में खुद को परामर्शदाता बता देते हैं। दिल्ली मेडिकल काउंसिल के रजिस्टार डॉ गिरीश त्यागी ने बताया कि चिकित्सा परिषद में आमतौर से शिकायतें तो बहुत आती हैं लेकिन डिवाइस वगैरह को लेकर कम ही मामले देखने में आते हैं। क्यों कि अंदर क्या डाला गया यह मरीज या तीमारदार देख नहीं पाते।

गंगा रक्षा के लिए मातृ सदन के 61वें अनशन पर बैठीं साध्वी पद्मावती

सुनील दत्त पांडेय
देहरादून ।

गंगा रक्षा के लिए पर्यावरण को समर्पित मातृ सदन एक बार फिर से गंगा की रक्षा के लिए आंदोलित है। 22 साल से मातृ सदन गंगा की रक्षा की लड़ाई लड़ रहा है। 1998 में मातृ सदन की स्थापना कनखल के पास जगजीतपुर क्षेत्र में गंगा के तट पर की गई थी। इसकी स्थापना स्वामी शिवानंद सरस्वती ने की थी।

मातृ सदन ने 22 साल में गंगा की रक्षा के लिए तीन साधुओं स्वामी गोकुलानंद (2003), स्वामी निगमानंद (2011) और स्वामी ज्ञान स्वरूप सानंद पूर्व प्रोफेसर जीडी अग्रवाल (2018) का बलिदान दिया है। इन सालों में मातृ सदन में गंगा रक्षा के लिए विभिन्न साधुओं ने 61 बार अब तक अनशन किया है और सबसे ज्यादा लंबा अनशन दक्षिण भारत के रहने वाले युवा संन्यासी आइटी के पूर्व छात्र रहे ब्रह्मचारी आत्मबोधानंद का 194 दिनों (24 अक्टूबर 2018 से 4 मई 2019) तक चला।

उत्तराखंड

मातृ सदन के संस्थापक स्वामी शिवानंद सरस्वती अब तक सबसे ज्यादा 17 बार गंगा रक्षा के लिए अनशन कर चुके हैं। मातृ सदन के संत अपने अनशन को तप का नाम देते हैं, क्योंकि वे गंगा की रक्षा के लिए अनशन नहीं तप और साधना कर रहे हैं। स्वामी शिवानंद सरस्वती तो कई बार अपने अनशन के दौरान जल तक का चुके हैं।

साध्वी पद्मावती

स्वामी शिवानंद

इस बार मातृ सदन के गंगा रक्षा आंदोलन में अनशन यानी तप की बागडोर किसी ब्रह्मचारी या युवा संन्यासी ने नहीं बल्कि 22 साल की युवा साध्वी पद्मावती ने संभाली है और वे स्वामी ज्ञान स्वरूप सानंद प्रोफेसर जीडी अग्रवाल की राह पर चल निकली है और गंगा रक्षा के लिए अपनी जान की बाजी लगाए बैठी हैं।। उन्होंने पिछले साल 15 दिसंबर से अपने आध्यात्मिक गुरु स्वामी शिवानंद सरस्वती के आश्रम मातृ सदन में उनकी छत्रछाया में गंगा रक्षा के लिए आमरण अनशन शुरू किया था। मातृ सदन में गंगा रक्षा के लिए यह 61 वां अनशन है और पहली बार कोई साध्वी मातृ सदन में अनशन के लिए बैठी है।

साध्वी पद्मावतीप्रोफेसर जीडी अग्रवाल स्वामी ज्ञान स्वरूप सानंद की गंगा रक्षा के लिए की गई मांगों को केंद्र और राज्य सरकार से मनवाने के लिए अनशन पर बैठी हैं। वे नालंदा कॉलेज बिहार की बीए ऑनर्स दर्शन की छात्रा रही हैं। उनके अनशन को 17 दिन हो चुके हैं और उनका वजन डेढ़ किलो से ज्यादा गिर चुका है। परंतु केंद्र और राज्य सरकार की ओर से उनके अनशन को समाप्त करने के लिए अब तक कोई कदम नहीं उठाया गया है।

प्रोफेसर जीडी अग्रवाल की गंगा रक्षा के लिए जिन मांगों को लेकर साध्वी पद्मावती अनशन पर बैठी हैं, उन्हीं मांगों को लेकर इसी मातृ सदन में ब्रह्मचारी आत्मबोधानंद ने 194 दिन तक अनशन किया था। केंद्र सरकार के प्रतिनिधियों और नमामि गंगे के अधिकारियों के लिखित और मौखिक आश्वासन के बाद ब्रह्मचारी ने अपना अनशन समापत किया था। परंतु 6 महीने बीत जाने के बाद भी रक्षा के लिए दिए गए आश्वसनों को धरातल पर नहीं उतारा गया तो अब गंगा रक्षा के आंदोलन चलाने की जिम्मेदारी मातृशक्ति ने अपने ऊपर ली है।

साध्वी पद्मावती का कहना है कि जब तक गंगा एक्ट गंगा रक्षा के लिए नहीं बन जाता और प्रोफेसर अग्रवाल की चार मुख्य मांगे पूरी नहीं हो जाती, तब तक वह अपना अनशन जारी रखेंगी, चाहे उन्हें प्राणों की ही क्यों ना आहुति देनी पड़े।

मातृ सदन की चार मांगें हैं। इनमें पहली गंगा नदी पर प्रस्तावित और निर्माणाधीन समस्त बांधों को निरस्त किया जाए। दूसरी मांग गंगा और उसकी सहायक नदियों पर बने हुए बांधों गंगा और अन्य नदियों पर आईआईटी रुड़की द्वारा प्रस्तावित जल की मात्रा छोड़ी जाए और ये नियम हरिद्वार के भीमगोड़ा और नरोरा आदि बांधों पर भी हो लागू किया जाए। तीसरी मांग गंगा पर खनन संबंधी राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के आदेश का पूरी तरह पालन किया जाए और इसके लिए नोटिफिकेशन जारी किया ताकि भविष्य में इसके साथ छेड़छाड़ न हो सकें। चौथी मांग गंगा के एक्ट के लिए एक विस्तृत चर्चा हो जिसमें मातृ सदन एवं अन्य गंगा समर्पित संस्था भी सम्मिलित शामिल की जाएं। उसके बाद ही इसे संसद में पारित होने के लिए भेजा जाए। वहीं साध्वी पद्मावती के समर्थन में 5 और 6 जनवरी को देशभर से गंगा रक्षा के आंदोलन से जुड़े संगठनों के आंदोलनकारी जुटेंगे और जो आगे की रणनीति बनाएंगे।

किताबें बनेंगी वीडियो गेम, खेलेंगे नहीं पढ़ेंगे बच्चे

सुशील राघव
नई दिल्ली।

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) अपनी किताबों को मजेदार और जीवंत बना रहा है। इसके लिए परिषद ने वीडियो गेम की तर्ज पर ई-पाठशाला ऑगमेंटेड रियलिटी (एआर) मोबाइल ऐप विकसित किया है। इस ऐप के जरिए विद्यार्थी किताबों में मौजूद चित्रों, आरेखों (डायग्राम) और मानचित्रों को न सिर्फ त्रिआयामी में देख सकेंगे बल्कि इनमें से कुछ को संचालित होते हुए भी देखा जा सकेगा। इससे उन्हें पाठ को बेहतर तरीके से समझने में आसानी होगी। फिलहाल कक्षा 9 और 10 की किताबों के चित्रों को जीवंत बनाने का कार्य किया जा रहा है।

देश

केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान (सीआइईटी) के संयुक्त निदेशक डॉक्टर अमरेंद्र बेहेरा के मुताबिक विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकों और कक्षाओं की चार दीवार से आगे जानने में सक्षम बनाने के लिए, डिजिटल संसाधनों की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। यह उन्हें अनुभव से सीखने और समस्या के समाधान खोजने के लिए प्रेरित करता है। किताबों में जो भी चित्र या आरेख होते हैं, वे सभी द्विआयामी होते हैं। बच्चों को इन्हें समझने में बहुत परेशानी होती है। शिक्षक भी इन चित्रों समझाने में नाकाम रहते हैं क्योंकि इन्हें बेहतर ढंग से समझने के लिए त्रिआयामी छवि की आवश्यकता होती है। इस समस्या से निजात पाने के लिए सीआइईटी के एआर मोबाइल ऐप विकसित किया है। इस ऐप के माध्यम से किताबों में मौजूद चित्रों की त्रिआयामी छवि देख सकते हैं। इतना ही नहीं, विद्यार्थी इन्हें संचालित होते हुए भी देख सकते हैं और इसके साथ प्रयोग भी कर सकते हैं।

डॉक्टर बेहेरा के मुताबिक इस ऐप के माध्यम से विद्यार्थियों को अवधारणा को गहराई से समझने में मदद मिलेगी। साथ ही उन्हें इंटरेक्टिव त्रिआयामी सिमुलेशन का भी अनुभव मिलेगा। इससे शिक्षकों को अपने पाठ को मजेदार और इटरेक्टिव बनाने में सहायता मिलेगी। यह ऐप पढ़ने-पढ़ाने के तरीकों को नए आयाम पर ले जाएगा और वास्तविक व वर्चुल दुनिया की दूरी को कम करने में सहायता करेगा।

इंजीनियरिंग विद्यार्थी दे रहे मदद

डॉक्टर बेहेरा ने बताया कि किताबों को जीवंत बनाने में इंजीनियरिंग विद्यार्थी हमारी सहायता कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि बिट्स पिलानी और चंडीगढ़ के एक इंजीनियरिंग कॉलेज के कुछ विद्यार्थी गर्मियों की छुट्टियों में दिल्ली एनसीईआरटी मुख्यालय आएंगे और इस प्रोजेक्ट पर काम करेंगे। यह उनके लिए इंटर्नशिप की तरह होगा।

ऐसे करेंगे उपयोग

सबसे पहले गूगले प्ले स्टोर से ई-पाठशाला एआर ऐप डाउनलोड करना होगा

इसके बाद कक्षा, विषय और पाठ को चुनना होगा

मोबाइल कैमरा को किताब में मौजूद उस चित्र पर फोकस करना होगा जिसको जीवंत देखना है

इसके बाद मोबाइल पर किताब के चित्र की त्रिआयामी छवि उभर आएगी और संचालित भी होने लगेगी

बिहार : नीतीश से हाथ मिलाने में कांग्रेस को गुरेज नहीं

अजय पांडेय
नई दिल्ली, 31 दिसंबर।

● कांग्रेस महासचिव शक्ति सिंह गोहिल ने कहा, इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता

● जद (एकी) उपाध्यक्ष प्रशांत किशोर और उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी भिड़े ट्विटर पर

बिहार के सत्तारुढ़ गठबंधन में जारी खटपट के बीच कांग्रेस ने कहा है कि उसे सूबे के आगामी विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से हाथ मिलाने से कोई गुरेज नहीं है। पार्टी पांच साल पहले हुए विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और जनता दल (एकी) को मिलाकर किए गए महागठबंधन के प्रयोग को दोबारा आजमाए जाने के विकल्प को फिर से आजमाने की संभावना भी तलाश रही है।

बिहार कांग्रेस के प्रभारी शक्ति सिंह गोहिल ने नए साल के आखिर में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में नीतीश के साथ फिर से हाथ मिलाए जाने को लेकर पूछने पर कहा कि इस संभावना से वे बिलकुल इनकार नहीं कर सकते। बिहार अनंत संभावनाओं का प्रदेश है और वहां यह संभावना भी बनी हुई है। उन्होंने कहा कि यह सही है कि अभी सूबे में महागठबंधन के नेता तेजस्वी यादव ही हैं लेकिन वक्त आने पर अन्य दलों को भी साथ लिया जा सकता है।

सूत्रों का कहना है कि हरियाणा में बेहतर प्रदर्शन तथा महाराष्ट्र व झारखंड में सहयोगी दलों के साथ मिलकर भाजपा के विजय रथ को रोकने में कामयाबी हासिल करने के बाद कांग्रेस की नजर अब बिहार पर है। पार्टी वहां पर एकबार फिर से वर्ष 2015 का वह प्रयोग दोहराने की ताक में है जब राजद, जद (एकी) और कांग्रेस ने महागठबंधन बनाकर भाजपा को परास्त कर दिया था। हालांकि बाद में राजद व जद (एकी) में मची रार के बाद नीतीश कुमार एक बार फिर से भाजपा के साथ चले गए और एनडीए सरकार का गठन हो गया।

दिलचस्प यह भी है कि पांच साल पहले बिहार में महागठबंधन के प्रयोग के समय नीतीश के चुनावी रणनीतिकार रहे प्रशांत किशोर अब जद (एकी) के उपाध्यक्ष हैं और इन दिनों भाजपा को लेकर दिए जा रहे अपने विवादित बयानों को लेकर चर्चा में हैं। उनके और उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी के बीच ट्विटर पर जारी सियासी भिड़ंत यह संकेत दे रही है कि पटना की बाढ़ के समय से भाजपा व जद (एकी) के बीच अंदरखाने जारी खटपट अब भी पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। प्रशांत किशोर ने ट्विटर पर लिखा कि बिहार में नीतीश कुमार का नेतृत्व और जद (एकी) की सबसे बड़े दल की भूमिका बिहार की जनता ने तय किया है, किसी दूसरी पार्टी के नेता या शीर्ष नेतृत्व ने नहीं। किशोर ने उपमुख्यमंत्री व भाजपा नेता सुशील मोदी पर तंज कसते हुए अपने ट्वीट में यह भी कहा– 2015 में हार के बाद भी परिस्थितिवश उपमुख्यमंत्री बनने वाले सुशील मोदी से राजनीतिक मर्यादा और विचारधारा पर व्याख्यान सुनना सुखद अनुभव है।

इससे पहले बिहार के उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी ने एक ट्वीट में कहा– जो लोग किसी विचारधारा के तहत नहीं, बल्कि चुनावी डाटा जुटाने और नारे गढ़ने वाली कंपनी चलाते हुए राजनीति में आ गए, वे गठबंधन धर्म के विरुद्ध बयानबाजी कर विरोधी गठबंधन को फायदा पहुंचाने में लगे हैं। दरअसल, मोदी ने यह टिप्पणी प्रशांत किशोर के उस बयान के बाद की जिसमें उन्होंने कहा था कि बिहार में जद (एकी) को भाजपा के मुकाबले एक ज्यादा सीट पर चुनाव लड़ना चाहिए।

भाजपा व जद (एकी) नेताओं के बीच जारी बयानबाजी के बीच कांग्रेस महासचिव गोहिल के नीतीश से हाथ मिलाने की संभावना से इनकार नहीं करना और फिर से महागठबंधन के फार्मूले को अपनाने की तैयारी करने से ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि सूबे में अगले कुछ महीने नए राजनीतिक गठजोड़ की कवायदें भी होंगी। यह दीगर है कि महागठबंधन के मामले में राजद प्रमुख लालू यादव के फैसले पर ही सब कुछ निर्भर करेगा।

सोनिया-राहुल से मिले महाराष्ट्र के मंत्री, नेता

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 31 दिसंबर।

महाराष्ट्र की गठबंधन सरकार के मंत्रिमंडल में विसतार के बाद कांग्रेसी खेमे के कुछ वरिष्ठ नेताओं की नाराजगी की खबरों के बीच सूबे की सरकार में पार्टी के कोटे के मंत्रियों ने मंगलवार को पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की।

सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस के दोनों शीर्ष नेताओं ने चुनाव में पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत की सराहना की और मंत्रियों को शुभकामनाएं दीं। राहुल से मुलाकात के दौरान पार्टी के महाराष्ट्र प्रभारी मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रदेश अध्यक्ष व मंत्री बालासाहब थोराट, प्रदेश सरकार में मंत्री अशोक चव्हाण, नितिन राउत, अमित देशमुख और कांग्रेस कोटे के कई अन्य मंत्री तथा नेता मौजूद थे। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल भी इस मौके पर मौजूद थे।

राहुल गांधी से मुलाकात के बाद महाराष्ट्र सरकार में कांग्रेस कमेटी के मंत्रियों ने सोनिया के आवास पर जाकर उनसे मुलाकात की। राज्य कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं व मंत्रियों ने सोनिया व राहुल से उस वक्त मुलाकात की है जब ऐसी अटकलें लगाई जा रही थीं कि प्रदेश इकाई के कुछ वरिष्ठ नेता मंत्रिमंडल में कुछ नेताओं के शामिल होने से नाराज हैं। माना जा रहा है कि इन अटकलों पर अब विराम लग गया है। मंत्रिमंडल विस्तार के तहत पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण को तो मंत्री बनाया गया है जबकि पृथ्वीराज चव्हाण को मंत्रिमंडल में नहीं शामिल किया गया है। इसी प्रकार सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री सुशील कुमार शिंदे की बेटी को भी मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिली है।

महाराष्ट्र में कांग्रेस ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और शिवसेना के साथ मिलकर सरकार का गठन किया है। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली इस सरकार में कांग्रेस के कोटे से 12 मंत्री शामिल हैं।

नए साल में देश को सशक्त बनाने का प्रयास जारी रहेगा : मोदी

नई दिल्ली, 31 दिसंबर (भाषा)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि साल 2020 में लोगों के साथ मिलकर भारत में बदलाव और 130 करोड़ भारतीयों के जीवन को सशक्त बनाने का प्रयास जारी रहेगा।

प्रधानमंत्री ने ट्विटर एकाउंट नमो 2.0 को रिट्वीट किया जिसमें 'वर्ष 2020 गीत' शीर्षक वाला वीडियो जारी किया गया है । उन्होंने अपने ट्वीट में इस गीत को सुंदर संकलन बताया। उन्होंने कहा कि इसमें 2019 में हमने जो प्रगति हासिल की उसके बारे में उल्लेख है।

उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि 2020 में लोगों के साथ मिलकर भारत में बदलाव और 130 करोड़ भारतीयों के जीवन को सशक्त बनाने का प्रयास जारी रहेगा। गौरतलब है कि ट्विटर एकाउंट नमो 2.0 से 'वर्ष 2020 गीत' वीडियो जारी कर पूछा गया कि 'उम्मीद करते हैं कि नरेंद्र मोदी जी आपको यह पसंद आया होगा' ।

इस गीत में 2019 में सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख किया गया है और वर्ष 2020 में सरकार के लक्ष्यों का भी जिक्र है। प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' में भी नव वर्ष के संकल्प व उसकी पूर्ति का उल्लेख करते हुए कहा था कि 130 करोड़ देशवासियों के पुरुषार्थ, उनके सामर्थ्य, संकल्प पर अपार श्रद्धा रखते हुए हम चल पड़ें।

प्रधानमंत्री ने एक अन्य ट्वीट में कहा, 'युवा भारत प्रतिभावान और उज्जल हैं। वह माहौल तैयार करने के लिये जो कुछ भी हम कर सकते हैं, उसे करके खुशी है जिसमें युवा आगे बढ़े, नवाचार कर सके और खुशहाल बनें। '

बंगाल के राज्यपाल अपने ट्वीट के चलते हुए ट्रोल

कोलकाता, 31 दिसंबर (भाषा)।

ट्विटर पर मंगलवार को लोगों ने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ को जमकर ट्रोल किया गया क्योंकि इस माइक्रोब्लॉगिंग साइट पर अपनी तस्वीर के साथ की गई पोस्ट में लॉर्ड कर्जन द्वारा बंगाल विभाजन के दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने के लिए इस्तेमाल की गई मेज को 'ऐतिहासिक' बताया था। सोशल मीडिया पर कई यूजर्स ने राज्यपाल की आलोचना करते हुए दावा किया कि उन्होंने अपने ट्वीट में विभाजन का महिमामंडन किया है। दो प्रमुख लेखकों, जिन्होंने 1947 में बंगाल विभाजन की विभीषिका का अनुभव किया है, ने कहा कि धनखड़ द्वारा इस्तेमाल किया गया 'ऐतिहासिक' शब्द गलत है।

जम्मू कश्मीर में पथकर चौकियां खत्म

पेज 1 का बाकी

मौत का काला वारंट बताया।' इस निर्णय की घोषणा केंद्र शासित क्षेत्र प्रशासन के प्रधान सचिव (योजना,निगरानी और विकास) रोहित कंसल ने की। उन्होंने कहा कि सरकार सलाहकार के के शर्मा की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति बनाएगी जो सभी पक्षों के साथ विचार विमर्श कर के राज्य में उद्योगों की प्रतिस्पर्धा क्षमता बढ़ाने के उपायों की सिफारिश करेगी।

ईडी ने मीडिया समूह की संपत्ति कुर्क की

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 31 दिसंबर।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित बैंक धोखाधड़ी से जुड़े मनी लांड्रिंग (धन शोधन) मामले में एक मीडिया समूह की 127 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति कुर्क की है। जांच एजंसी ने मंगलवार को बयान में कहा कि यह मामला पिक्सन मीडिया प्राइवेट लिमिटेड, पर्ल मीडिया प्राइवेट लिमिटेड, महुआ मीडिया प्राइवेट, पिक्सन विजन प्राइवेट लिमिटेड, पर्ल स्टूडियो प्राइवेट लिमिटेड, पर्ल विजन प्राइवेट लिमिटेड, सेंचुरी कम्युनिकेशन लिमिटेड और उनके निदेशकों पीके तिवारी, आनंद तिवारी, अभिषेक तिवारी और अन्य से संबंधित है।

ईडी ने कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत कुल 127.74 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की गई है। इसमें मुंबई, चेन्नई, नोएडा और कोलकाता में समूह की कंपनियों के 11 वाणिज्यिक भूखंड और भूतल (फ्लोर) शामिल हैं। प्रवर्तन निदेशालय के मुताबिक समूह की कंपनियों ने धोखे से बैंकों से 2,600 करोड़ रुपए का कर्ज लिया है।

खर्च में कटौती की कवायद शुरू की सरकार ने

पेज 1 का बाकी

जनवरी– मार्च तिमाही के दौरान खर्च सीमा को कम कर दिया गया है। सरकार ने अपने सभी विभागों से कहा है कि वह जनवरी– मार्च 2020 तिमाही के दौरान अपने खर्च को बजट अनुमान के 25 फीसद तक सीमित रखें।

वित्त मंत्रालय के बजट प्रभाग द्वारा जारी हाल में जारी ज्ञापन में कहा गया है, 'चालू वित्त वर्ष के दौरान सरकार की वित्तीय स्थिति को देखते हुए यह तय किया गया है कि चालू वित्त वर्ष की आखिरी तिमाही और आखिरी महीने में खर्च को सीमित किया जाए।' इसमें कहा गया कि मार्च तिमाही में विभागों का खर्च उनके बजट अनुमान के 25 फीसद से अधिक नहीं होना चाहिए। इससे पहले यह सीमा 33 फीसद तक थी। इसी प्रकार वित्त वर्ष के आखिरी महीने में यह खर्च बजट अनुमान के 10 फीसद से अधिक नहीं होना चाहिए। पहले यह सीमा 15 फीसद रखी गई थी।

इसमें कहा गया है कि अंतिम तिमाही के पहले दो माह में खर्च विभागों के वर्ष के बजट अनुमान के 15 फीसद से अधिक नहीं होना चाहिए। मौजूदा सीमा 18 फीसद है। ज्ञापन में कहा गया है कि संसद की पूर्वानुमति की आवश्यकता वाले अनुदान में बचत के पुनः आवंटन के जरिये किए जाने वाले खर्च को संसद से अनुपूरक अनुदान मांगों को मंजूरी मिलने के बाद ही खर्च किया जाना चाहिए। कोई भी अतिरिक्त व्यय संसद की मंजूरी मिलने के बाद ही होगा।

मंत्रालय के ज्ञापन में कहा गया कि मंत्रालयों और विभागों से आग्रह किया जाता है कि इन दिशानिर्देशों का कड़ाई के साथ पालन करें और चालू वित्त वर्ष के दौरान इसी के मुताबिक खर्च का नियमन करें।
हालांकि, इसमें स्पष्ट किया गया है कि बड़े खर्च वाली मद के मामले में इससे पहले जारी दिशानिर्देशों का ही अनुसरण किया जाएगा। व्यय के बारे में दिशानिर्देशों में आखिरी बार 2017 में संशोधन किया गया था। तब यह तय किया गया था कि वर्ष की अंतिम तिमाही और आखिरी महीने में खर्च को बजट अनुमान का क्रमशः 33 फीसद और 15 फीसद तक सीमित रखा जाएगा।

बुनियादी उद्योगों का उत्पादन नवंबर में गिरा 1.5 फीसद

पेज 1 का बाकी

जो कि नवंबर 2018 में 8.8 फीसद पर थी। रिफाइनरी और उवर्रक के उत्पादन में नवंबर महीने में क्रम से 3.1 फीसद और 13.6 फीसद की वृद्धि दर्ज की गई है। इस साल अप्रैल–नवंबर अवधि में बुनियादी क्षेत्र के आठ उद्योगों का उत्पादन कुल मिला कर एक साल पहले के स्तर पर बरकार रहा। पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में इन उद्योगों के उत्पादन में 5.1 फीसद की वृद्धि दर्ज की गयी थी। बुनियादी उद्योगों में अगस्त से गिरावट है।

दिल्ली सहित उत्तर भारत में शीतलहर जारी

पेज 1 का बाकी

दिसंबर रहा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस दिसंबर में दिल्ली का औसत अधिकतम तापमान 18.76 डिग्री सेल्सिसय रहा जो दिसंबर, 1997 के 17.3 डिग्री के बाद दूसरा सबसे कम औसत अधिकतम तापमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के एक अधिकारी ने कहा, 'दिसंबर का औसत अधिकतम तापमान केवल चार बार– 1919,1929,1961 और 1997 में 20 डिग्री सेल्सियस के बराबर या उससे कम रहा।' अधिकारी ने बताया कि 1919 और 1929 में दिसंबर में औसत अधिकतम तापमान 19.8 डिग्री था, जबकि दिसंबर, 1962 में यह 20 डिग्री था।

बांग्लादेश ने भारतीय सीमा पर मोबाइल सेवा पर लगाई रोक

पेज 1 का बाकी

ढाका ट्रिब्यून की खबर के अनुसार सोमवार को ऑपरेटरों ने भारत के साथ लगी सीमाओं पर करीब एक किलोमीटर के भीतर नेटवर्क पर अस्थायी रोक लगा दी है। बांग्लादेश दूरसंचार नियामक आयोग (बीटीआरसी) ने दूरसंचार सेवा प्रदाताओं ग्रामीण फोन, टेलीटॉक, रॉबी और बांग्लालिंक को अपने आदेश में रविवार को कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में नेटवर्क कवरेज को देश की सुरक्षा के लिए अगले आदेश तक निलंबित रखा जाना चाहिए। बीडीन्यूज24 ने बीटीआरसी के अध्यक्ष जहुरुल हक के हवाले से कहा कि सरकार ने उच्चस्तरीय बैठक में यह निर्णय लिया और उसके बाद निर्देश जारी किए गए।

ढाका ट्रिब्यून ने बीटीआरसी के अधिकारी के हवाले से कहा कि करीब दो हजार बेस ट्रांसीवर स्टेशन बंद कर दिए गए हैं। इससे भारत और म्यांमा से लगी सीमाएं साझा करने वाले 32 जिलों में करीब एक करोड़ उपयोगकर्ता प्रभावित होंगे।

बढ़ा रेल किराया आज से लागू

पेज 1 का बाकी

शयन श्रेणी व प्रथम श्रेणी शामिल है। इसी प्रकार मेल या गैर वातानुकूलित ट्रेन में इन सभी श्रेणियों में दो पैसे प्रति किलोमीटर का इजाफा किया गया है। जबकि वातानुकूलित श्रेणी से किए जाने वाले सफर में चार फीसद का इजाफा किया गया है। राजधानी, शताब्दी, दुरंतो, वंदेभारत, तेजस, हम सफर, गरीब रथ, जन शताब्दी, समेत अन्य ट्रेन में तय प्रावधानों के तहत किराया लागू होगा।

इसके अतिरिक्त यात्रियों से वसूले जाने वाले अन्य शुल्क भी देय होंगे। इनमें आरक्षण शुल्क व सुपर फास्ट अधिभार शामिल है। जीएसटी को तय प्रावधान के मुताबिक वसूला जाएगा। नए किराए की आखिरी सूची जल्द ही रेलवे आकलन करके जारी करेगा। आदेशों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि किसी यात्री द्वारा किसी भी ट्रेन से यात्रा के लिए बुकिंग कराई गई है तो उस टिकट पर कोई अतिरिक्त पैसा नहीं वसूला जाएगा। ताजा आदेश एक जनवरी 2020 से ही मान्य माने जाएंगे। ये आदेश भारतीय रेलवे के वित्त निदेशक के आदेशों के बाद जारी किए गए हैं और इसकी प्रति सभी विभागों को भेजी गई है।

कांग्रेस विधायक के समर्थकों ने कार्यालय में की तोड़फोड़

पेज 1 का बाकी

बताया कि थोप्टे के समर्थकों ने यहां कांग्रेस भवन पर हमला किया और उसमें तोड़फोड़ की। उन्होंने थोप्टे को मंत्रिमंडल में शामिल नहीं करने पर पार्टी नेतृत्व के खिलाफ नारेबाजी की। थोप्टे पूर्व मंत्री अनंतराव थोप्टे के बेटे हैं। पार्टी सूत्रों ने बताया कि शिवसेना–राकांपा–कांग्रेस की विकास अघाड़ी सरकार में मंत्री नहीं बनाए जाने के बाद कांग्रेस के राजनीतिक परिवारों के समर्थकों के बीच नाराजगी फैल गई है। पूर्व मुख्यमंत्री सुशील कुमार शिंदे की बेटी और सोलापुर से तीन बार की विधायक प्रणीति, थोर से संग्राम थोप्टे, पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण ऐसे नेताओं में हैं जिन्हें मंत्रिमंडल विस्तार में शामिल नहीं किया गया है।

'पाक आतंकी अड्डे बंद करे, वर्ना हमले का अधिकार'

पेज 1 का बाकी

ही उन्होंने पड़ोसी देश पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी दी है। जनरल नरवणे ने कहा कि अगर वह आतंकवाद का पोषण नहीं रोकता तो हमारे पास एहतियातन आतंकी अड्डों पर हमला करने का अधिकार है। थलसेना के उप प्रमुख पद पर रहे जनरल नरवणे ने जनरल बिपिन रावत का स्थान लिया।

जनरल नरवणे ने कहा कि पाकिस्तान के उकसावे या उसके द्वारा प्रायोजित आतंकवाद के किसी भी कृत्य का जवाब देने के लिए कई सारे विकल्प हैं। पाकिस्तान आतंकवाद के जरिए अधिक समय तक छद्म युद्ध नहीं चला सकता है। नरवणे ने ऐसे समय में सेना प्रमुख की जिम्मेदारी संभाली है, जब भारत सीमा पार से आतंकवाद और सीमा पर चीन की ओर से मिल रही सुरक्षा चुनौतियों का सामना कर रहा है। जनरल नरवणे की प्राथमिकताएं सेना में लंबे समय से रुके सुधारों को लागू करना, कश्मीर में सीमा पार से जारी आतंकवाद पर लगाम लगाना और उत्तरी सीमा पर सेना की संचालनात्मक क्षमताओं को बढ़ाना है जहां तिब्बत में चीन अपना सैन्य ढांचा बढ़ा रहा है।

उप सेना प्रमुख नियुक्त होने से पहले जनरल नरवणे सेना की पूर्वी कमान का नेतृत्व कर रहे थे, जो चीन के साथ लगती भारत की लगभग 4,000 किलोमीटर लंबी सीमा की रक्षा करती है। अपनी 37 वर्षों की सेवा में जनरल नरवाने जम्मू कश्मीर और पूर्वोत्तर में शांति और उग्रवाद विरोधी अभियानों तथा कई कमानों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वह जम्मू कश्मीर में राष्ट्रीय राइफल्स बटालियन तथा पूर्वी मोर्चे पर इंफेंट्री ब्रिगेड में भी सेवा दे चुके हैं। इसके अलावा वह श्रीलंका में भारतीय शांति रक्षा बल का हिस्सा रह चुके हैं और उन्होंने तीन साल तक म्यांमा में भारतीय दूतावास में भारत के रक्षा अताशे के रूप में भी सेवा दी। उनकी नियुक्ति जून 1980 में सिख लाइट इंफेंट्री रेजीमेंट की सातवीं बटालियन में हुई थी।

काम संभालने के बाद नए सेना प्रमुख ने कहा कि हमारा पड़ोसी मुल्क आतंकवाद को अपनी नीति बना चुका है। यह अधिक दिनों तक नहीं चल सकता। आतंकवाद वैश्विक समस्या है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना लगातार संघर्षविराम उल्लंघन कर रही है। हमें पता है कि दूसरी तरफ आतंकवादी सीमा पार करने की कोशिश में हैं। हम उनसे निपटना जानते हैं।

कश्मीर में नए साल में एसएमएस सेवा बहाल

पेज 1 का बाकी

कश्मीर में चलाई जा रही सेव हार्ट कश्मीर नाम सेवा बुरी तरह प्रभावित हुई। इस सेवा के तहत दो सौ चिकित्सकों का एक व्हॉट्सएप समूह दिल के दौरे पड़ने पर सेवाएं दिया करता था। सरकार ने कुल 149 दिन तक एसएमएस सेवाओं पर प्रतिबंध रखा। एसएमएस सेवाओं को बहाल करने का निर्णय पांच कश्मीरी नेताओं को रिहा करने के एक दिन बाद आया है।

पूरे जम्मू और कश्मीर में सभी नेटवर्क और लैंडलाइन फोन सेवाएं पांच अगस्त को निलंबित कर दी गई थी। केंद्र सरकार ने पांच अगस्त को राज्य का विशेष दर्जा खत्म कर उसे दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया था और मोबाइल सेवाओं पर रोक लगा दी थी।

जम्मू में प्रतिबंध के कुछ दिनों बाद ही संचार सेवाएं बहाल कर दी गई थीं और अगस्त के मध्य में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं भी शुरू कर दी गई थीं। 18 अगस्त को मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गईं थी। लेकिन कश्मीर में यह पाबंदी जारी रही। अक्तूबर में कश्मीर में भी पोस्ट पेड मोबाइल सेवा बहाल कर दी गई थीं।

विधानसभाओं के पास सीएए पर कोई शक्ति नहीं : रविशंकर

पेज 1 का बाकी

गौरतलब है कि यह संशोधित अधिनियम (सीएए) पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में धार्मिक आधार पर प्रताड़ना का सामना करने के कारण भारत आए गैर मुस्लिम अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता प्रदान करने का प्रावधान करता है। उन्होंने यहां कहा, 'यह सिर्फ संसद है, जिसे नागरिकता पर कोई कानून पारित करने की शक्तियां प्राप्त हैं, केरल विधानसभा सहित किसी (अन्य) विधानसभा को नहीं।'

प्रसाद ने कहा कि यह अधिनियम भारतीय नागरिकों से संबद्ध नहीं है और इस कारण यह नागरिकता ना तो सृजित करता है, न ही छीनता है। उन्होंने यह याद दिलाया कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने क्रमशः युगांडा के अल्पसंख्यकों और श्रीलंकाई तमिलों को नागरिकता मुहैया कराई थी।

प्रसाद ने हैरानी जताई कि यदि कांग्रेस ऐसा करती है तो यह ठीक और जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या गृह मंत्री अमित शाह यही चीज करते हैं तो यह एक परेशानी कैसे है। उन्होंने सीएए का पुरजोर बचाव करते हुए कहा, 'यह दोहरा मानदंड और निकृष्ट तरह का पाखंड है।' गौरतलब है सीएए के खिलाफ पिछले कुछ हफ्तों के दौरान देश भर में प्रदर्शन हुए हैं। मंत्री ने कहा, 'सीएए किसी भारतीय नागरिक से संबद्ध नहीं है। यह भारतीयों की नागरिकता न तो सृजित करता है, ना ही इसे छीनता है। यह धार्मिक आधार पर प्रताड़ित किए गए अल्पसंख्यकों (तीन देशों से आए) पर सिर्फ लागू होता है।' उन्होंने कहा सीएए बिल्कुल ही संवैधानिक और कानूनी है। इसके खिलाफ निहित स्वार्थी तत्वों द्वारा काफी सारा दुष्प्रचार किया जा रहा है।

राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) पर उन्होंने कहा कि यह भारत के सामान्य निवासियों के बारे में सूचनाओं का एक व्यापक संग्रह है और इसका नागरिकों से कोई लेना देना नहीं है। यह किसी गांव या शहर के सामान्य भारतीय निवासियों के बारे में है और इसका नागरिकों से कोई लेनादेना नहीं है। उन्होंने कहा कि जनसंख्या रजिस्टर के डेटा का उपयोग केंद्र एवं राज्य सरकारें विकास और नीति निर्माण प्रक्रियाओं के लिए करती हैं।

102 लाख करोड़ की परियोजनाओं की पहचान

पेज 1 का बाकी

में ही एक कार्यबल ने 70 संबद्ध पक्षों से विचार विमर्श करने के बाद 102 लाख करोड़ रुपए की परियोजनाओं की पहचान की है। वित्त मंत्री ने कहा कि इसमें तीन लाख करोड़ रुपए की परियोजनाएं और भी शामिल हो सकतीं हैं। सीतारमण ने बताया कि करीब 25 लाख करोड़ रुपए की परियोजनाएं बिजली क्षेत्र में हैं। जबकि 20 लाख करोड़ रुपए की परियोजनाएं सड़क निर्माण की हैं और करीब 14 लाख करोड़ रुपए की रेल परियोजनाएं हैं। जो कि कतार में हैं और जिनके क्रियान्वयन की तैयारी है। उन्होंने बताया कि बिजली क्षेत्र की परियोजनाओं में अक्षय ऊर्जा परियोजनाएं भी शामिल हैं। इसके अलावा रेलवे, शहरी विकास, सिंचाई, परिवहन, शिक्षा, स्वास्थ्य, जल और डिजिटल क्षेत्र की परियाजनाएं शामिल हैं।

वित्त मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय अवसंरचना परियोजना क्रियान्वयन प्रक्रिया के तहत आने वाली ज्यादातर ढांचागत परियोजनाएं इन क्षेत्रों से ही होंगी। इन परियोजनाओं में 39 फीसद केंद्र सरकार और 39 फीसद राज्य सरकारों के हिस्से की होंगी। जबकि 22 फीसद निवेश निजी क्षेत्र से किया जाएगा। इससे पहले उन्होंने कहा कि पिछले छह साल के दौरान विभिन्न परियोजनाओं में 51 लाख करोड़ रुपए खर्च किए गए। इन परियोजनाओं पर अमल होने से देश को 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में मदद मिलेगी।

निर्मला सीतारमण ने बताया कि ढांचागत क्षेत्र की जिन 102.5 लाख करोड़ रुपए की परियोजनाओं की घोषणा की गई है इनमें एक चौथाई परियोजनाएं अकले ऊर्जा क्षेत्र की हैं। इसके बाद सड़क और रेलवे क्षेत्र की परियोजनाएं हैं जिनमें सबसे ज्यादा खर्च किया जाएगा। वित्त मंत्रालय द्वारा इन परियोजनाओं के बारे में उपलब्ध कराए गए ब्योरे के मुताबिक अकेले ऊर्जा क्षेत्र में ही 24.54 लाख करोड़ रुपए का निवेश होगा। इसमें 11.7 लाख करोड़ रुपए केवल बिजली क्षेत्र में निवेश होगा। सड़क परियोजनाओं में 19.63 लाख करोड़ रुपए जबकि रेलवे परियोजनाओं में 13.68 लाख करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा।

बंदरगाह क्षेत्र में एक लाख करोड़ रुपए और हवाईअड्डों में 1.43 लाख करोड़ रुपए निवेश होने का अनुमान है। इसके अलावा 16.29 लाख करोड़ रुपए का खर्च शहरी ढांचागत सुविधाओं में और 3.2 लाख करोड़ रुपए दूरसंचार परियोजनाओं में खर्च होने का अनुमान है। वित्त मंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर 102 लाख करोड़ रुपए की परियोजनाओं की इस पाइपलाइन में 42.7 लाख करोड़ रुपए की परियोजनाएं पहले से ही क्रियान्वयन में हैं जबकि 32.7 लाख करोड़ रुपए की परियोजनाएं परिकल्पना के स्तर पर और शेष परियोजनाएं विकास के क्रम में हैं।

'सीमा पर हर चुनौती से निपटने को सेना तैयार'

पेज 1 का बाकी

भी चुनौती से निपटने के लिए सेना बेहतर तरीके से तैयार है। जनरल रावत ने 31 दिसंबर 2016 को 27 वें थलसेना प्रमुख के तौर पर कार्यभार संभाला था और विशिष्ट करियर के बाद इस पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। सोमवार को वह भारत के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) नियुक्त किए गए। उन्होंने बतौर सेना प्रमुख आखिरी गार्ड ऑफ ऑनर लेने के बाद सीडीएस का काम संभाल लिया।

रस्मी विदाई के बाद जनरल रावत ने तीन साल के अपने कार्यकाल को याद किया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना पाकिस्तान और चीन से लगी सीमा पर बेहतर तरीके से चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हुई है। रायसीना हिल परिसर में साउथ ब्लॉक के प्रांगण में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया।

थलसेना प्रमुख बनने के पहले कई वर्षों तक उन्होंने पाकिस्तान से लगी नियंत्रण रेखा (एलओसी) और चीन के साथ लगी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर व पूर्वोत्तर में विभिन्न जिम्मेदारियां संभाली थीं।

जनरल रावत ने कहा, 'मेरा ध्यान सेना के पुनर्गठन, आयुध सिस्टम के आधुनिकीकरण और गैर संपर्क युद्ध पर रहा। और मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया।'

उनके कार्यकाल में सेना को एम 777 अमेरिकी अल्ट्रा लाइट होवित्जर और के–9 वज्र सहित महत्वपूर्ण हथियार प्रणाली और सिग सौएर असॉल्ट राइफलों से लैस किया गया। उन्होंने कहा, 'कई काम अब तक अधूरे हैं। काम शुरू हो गया लेकिन अगले प्रमुखों पर काम पूरा कराने की जिम्मेदारी होगी।'

विदाई सलामी गारद के बाद जनरल रावत ने उम्मीद जताई कि नए सैन्य प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल मनोज मुकुंद नरवणे के नेतृत्व में सेना नई ऊंचाइयों को छुएगी। जनरल रावत ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि भी दी।

www.readwhere.com

अमेरिका- चीन के बीच पहले चरण का व्यापार समझौता 15 जनवरी को

वाशिंगटन, 31 दिसंबर (एएफपी)।

अमेरिका और चीन के बीच एक नए आंशिक व्यापार समझौते पर अगले महीने के मध्य में हस्ताक्षर कर लिए जाएंगे। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगवालर को यह बात कही। उन्होंने कहा कि बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए इसके बाद वह चीन की यात्रा भी करेंगे।

वॉल स्ट्रीट के खुलने से कुछ समय पहले ही ट्रंप ने ट्वीट करके कहा, 'मैं 15 जनवरी को चीन के साथ पहले चरण के बहुत बड़े और व्यापक व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने जा रहा हूं।' उन्होंने कहा, 'यह हस्ताक्षर समारोह वाइट हाउस में होगा। इस मौके पर चीन के उच्चस्तरीय प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।' ट्रंप ने कहा कि इसके बाद बातचीत को आगे जारी रखने के लिए वह बेजिंग की यात्रा पर जाएंगे। दोनों देशों की ओर से पिछले महीने पहले चरण के व्यापार समझौते को लेकर घोषणा की गई थी। अमेरिका और चीन के बीच

> ●ट्रंप ने ट्वीट करके कहा, 'मैं 15 जनवरी को चीन के साथ पहले चरण के बहुत बड़े और व्यापक व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने जा रहा हूं।' उन्होंने कहा, 'यह हस्ताक्षर समारोह वाइट हाउस में होगा। इस मौके पर चीन के उच्चस्तरीय प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।'

करीब दो साल तक चले व्यापार युद्ध के बाद यह सहमति बनी है। चीन ने जहां एक ओर अमेरिका से आयात बढ़ाने और व्यापार क्षेत्र में सुधारों को आगे बढ़ाया वहीं अमेरिका ने इसके जवाब में कुछ सामानों पर शुल्क को कम किया और नए उत्पादों पर लगाए जाने वाले शुल्क को निरस्त कर दिया। दोनों देशों के बीच समझौते पर सहमति बनने और व्यापार विवाद शांत पड़ने के बाद इस महीने वॉल स्ट्रीट में तेजी का रुख बना रहा लेकिन मंगलवार को अमेरिका में शेयरों की शुरुआत कमजोर दिखी।

येल्तसिन के निधन की आशंका से चिंतित रहता था ब्रिटेन

लंदन, 31 दिसंबर (एएफपी)।

ब्रिटेन 1995 में रूसी राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन को अक्सर पड़ने वाले दिल के दौरों और शराब पीने की उनकी लत से इतना चिंतित था कि पद पर रहते हुए उनका निधन हो जाने की आशंका के चलते आकस्मिक योजनाएं पहले ही तैयार कर ली जाती थीं। सार्वजनिक हुईं फाइलों से मंगलवार को यह खुलासा हुआ।

ब्रिटेन के नेशनल आर्काइव्स से जारी दस्तावेज के मुताबिक येल्तसिन को दूसरी बार दिल का दौरा पड़ने के बाद विदेश मंत्रालय ने उनकी सेहत को लेकर डर के चलते शोक संबंधी बयान तैयार करने शुरू कर दिए थे। येल्तसिन ने 23 अक्तूबर, 1995 को न्यूयॉर्क के हाइडे पार्क में अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन के साथ शिखर वार्ता की थी। उसी दिन मास्को में राजदूत एंड्रयू वुड ने येल्तसिन के स्वास्थ्य के बारे में न्यूयार्क में दस्तावेज लिखा जिसमें उन्होंने कहा था 'हाइडे पार्क में उन्होंने (येल्तसिन ने) बहुत शराब पी और फिर एक समारोह में अपनी अनुपस्थिति को लेकर अफसोस जाहिर किया।' येल्तसिन को 26 अक्तूबर को दिल का दौरा पड़ने के बाद मॉस्को के अस्पताल में ले जाया गया। ब्रिटेन इसलिए परेशान रहता था क्योंकि कूटनीतिक वार्ताओं के दौर के बीच में येल्तसिन का अगर निधन हो जाता तो असाधारण राजनीतिक भ्रम पैदा हो जाता। खराब स्वास्थ्य के बावजूद येल्तसिन 1999 में दिसंबर तक सत्ता में रहे।

सिंडिकेटबैंक SyndicateBank

अंचल कार्यालय-1: दिल्ली रिकवरी एवं रिजॉल्यूशन बिजनेस यूनिट (आरआरबीयू)
सिंडिकेट बैंक, # 6, सरोजिनी हाउस, भगवान दास रोड नई दिल्ली-110001 टेली. 011-23070420, फैक्स: 011-23386739 E-mail: ro.delhi@syndicatebank.co.in

सार्वजनिक नीलामी द्वारा हापोथेकेटेड वाहनों की बिक्री

''जैसा है जहाँ है आधार'' पर निम्न वाहनों की बिक्री के लिये मुहरबंद निविदायें आमंत्रित हैं:

क्रम सं.	शाखा	बीआईसी	व्हीकल मैक एवं पंजीकृत संख्या	ऋणधारक का नाम एवं खाता सं.	निर्धारित आरक्षित मूल्य	धरोहर राशि भुगतान
1	हौज खास	9049	DL-1RT-9200 हयुण्डई एक्सेन्ट Model -2015 CNG	राम सोरत मौर्य 90497910000370	40,000	4,000
2	हौज खास	9049	DL-1RTA-8309 मारुति सुजूकी डिजायर LXI MODEL - 2016 CNG	अनिल पंडित 90497910000717	1,00,000	10,000
3	संगम विहार	9189	DL-1RTA-6883 हयुण्डई एक्सेन्ट Model - 2016 CNG	सतीश 91897910000185	1,00,000	10,000
4	संगम विहार	9189	Dl-1RT-8559 - हयुण्डई एक्सेन्ट - Model -2015 CNG	सतीश कुमार शर्मा 91897910000177	88,000	9,000
5	ग्रीन पार्क	9048	UK-06AE-8552 ICML Extreme D-2015	प्रीति शर्मा 90487790000781	80,000	8,000
6	सिविक सेन्टर	9169	DL-1RTA-2175 हयुण्डई एक्सेन्ट Model- 2016 CNG	संजीव कुमार भारद्वाज 91697910000312	1,00,000	10,000
7	सिविक सेन्टर	9169	DL-1RTA-1300 हयुण्डई एक्सेन्ट Model- 2016 CNG	संतोष कुमार 91699910000291	1,00,000	10,000
8	सिविक सेन्टर	9169	DL-1RTB-3899, मारुति वैगनआर R LXI Model - 2016 CNG	बलराम 91699910000098	1,40,000	14,000
9	छतरपुर	9013	DL-1RT-8766 हयुण्डई एक्सेन्ट Model-2015 CNG	प्रयाग महतो 90137910000670	80,000	8,000

नियम एवं शर्तें

1. इच्छुक बोलीदाता को 'सिंडिकेट बैंक' के पक्ष में नई दिल्ली में देय डीडी द्वारा प्रत्येक वाहन के समक्ष वर्णित 10% की ईएमडी (असफल बोलीदाता को बिना किसी ब्याज के प्रतिदेय) के साथ मुहरबंद लिफाफे में (प्रत्येक वाहन के लिये अलग-अलग) अपनी बोली भेजना होगी। यदि सफल बोलीदाता बिक्री की शर्तों, समय का पालन नहीं करते तथा किसी भी रूप में चूक करते हैं तो बिना किसी पूर्व सूचना के ईएमडी जब्त कर ली जायेगी। वह बोली इस तरह से भेजी/जमा की जायेगी ताकि वह सिंडिकेट बैंक, रिकवरी एवं रिजॉल्यूशन बिजनेस यूनिट (आरआरबीयू), अंचल कार्यालय-I, II रा तल, # 6, भगवान दास रोड, नई दिल्ली-110001 में 16.01.2020 के 5.00 बजे अप. या उससे पूर्व अधोहस्ताक्षरी के पास पहुंच जाये।
2. बोली/निविदाओं को उपस्थित बोलीदाता/आम जनता के समक्ष नीलामी स्थल अर्थात् लेन नं. 5, सैदुलाजब, साकेत मेट्रोस्टेशन के निकट, स्टर्लिंग सिक्युरिटी चैम्बर्स के यार्ड, साकेत, नई दिल्ली-110017 में 17.1.2020 को 11.30 पूर्वा. में खोला जायेगा।
3. बोली/निविदा खुलने के बाद प्राधिकृत अधिकारी की स्वेच्छा पर इच्छुक बोलीदाताओं को प्रस्ताव मूल्य बढ़ाने के लिये आपस में इंटर-से बिडिंग का अवसर दिया जायेगा।
4. वाहनों के क्रेताओं को उनके नाम में वाहनों के अंतरण से संबंधित लागत/शुल्कों, परिवहन विभाग को देय करों, वाहन बीमा तथा इस तरह के शुल्कों का वहन करना होगा।
5. प्राधिकृत अधिकारी स्वामी, बोलीदाता, जनता आदि को आगे कोई सूचना दिये बिना किसी भी समय बिक्री को निरस्त/स्थगित कर सकते हैं एवं/अथवा किसी भी शर्तों को शामिल/हटा/परिवर्तित कर सकते हैं।
6. अधिक विवरणों के लिये 16.1.2020 को या उससे पूर्व कार्यावधि के दौरान हमारे कार्यालय के श्री राहुल सैनी, वरिष्ठ प्रबंधक, रिकवरी एवं रिजॉल्यूशन बिजनेस यूनिट (आरआरबीयू) से सम्पर्क करें। वाहन निम्न पते पर निरीक्षण के लिये उपलब्ध हैं: (लेन नं. 5, सैदुल अजब, साकेत मेट्रो स्ट्रेशन के निकट, स्टर्लिंग सिक्युरिटी चैम्बर्स यार्ड, साकेत, नई दिल्ली-110017, सम्पर्क व्यक्ति श्री कैलाश (मोबाईल-9716464960)
7. सफल बोलीदाता को बिक्री की पुष्टि की तिथि से 10 दिनों के भीतर 90% बोली राशि (ईएमडी रहित) का भुगतान करना होगा। चूक करने पर जमा की गई राशि जब्त कर ली जाएगी।

तिथि: 31.12.2019 हस्ता./-
स्थान: नई दिल्ली प्राधिकृत अधिकारी

इराक में अमेरिकी दूतावास में प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले दागे गए

बगदाद, 31 दिसंबर (एएफपी)।

इराकी प्रदर्शनकारियों ने मंगलवार को यहां उच्च सुरक्षा वाले अमेरिकी दूतावास परिसर की बाहरी दीवार को तोड़ दिया। प्रदर्शनकारी सप्ताहांत में हुए हवाई हमलों के दौरान ईरान समर्थक लड़ाकों के मारे जाने से गुस्से में थे। अमेरिकी सुरक्षाबलों ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए परिसर के अंदर आंसू गैस के गोले छोड़े।

प्रदर्शनकारी रविवार को हुए अमेरिकी हवाई हमलों का विरोध कर रहे थे, जिसमें कटाईब हिजबुल्लाह (हिजबुल्ला ब्रिगेड) के कट्टरपंथी गुट के कम से कम 25 लड़ाके मारे गए थे। अमेरिका ने गुट पर अमेरिकी ठेकेदार की हत्या का आरोप लगाया है। सऊदी अरब ने इराक में अमेरिकी बलों पर हुए हमले की निंदा की है और इस पर गंभीर चिंता जताई है।

सऊदी अरब की प्रेस एजंसी ने अनाम सूत्र के हवाले से कहा, 'सऊदी अरब इराक के अंदर आतंकवादी हमलों के बढ़ने से बेहद चिंतित है जिनमें हालिया हमलों के तहत इराक में मौजूद अमेरिकी सेनाओं के खिलाफ ईरानी शासन द्वारा समर्थित आतंकवादी मिलिशिया द्वारा हमले किए गए थे।' इसमें कहा गया, 'सऊदी अरब इन आतंकवादी हमलों की निंदा करता है। आतंकवादी मिलिशिया द्वारा किए गए ये हमले इराक की संप्रभुता का उल्लंघन करते हैं और इसकी सुरक्षा और स्थिरता को प्रभावित करते हैं।'

अमेरिकियों की रक्षा करने में नाकाम इराक : वाशिंगटन

वाशिंगटन, 31 दिसंबर (एएफपी)।

ईरान समर्थित समूह पर हवाई हमले करने से पैदा हुए आक्रोश के एक दिन बाद अमेरिका ने इराक पर वाशिंगटन के हितों की रक्षा करने में विफल रहने का आरोप लगाया है। अमेरिका के विदेश विभाग के अधिकारी ने कहा, 'हमने इराक सरकार को कई बार आगाह किया और हमने आमंत्रित अतिथियों के तौर पर हमारी रक्षा करने की जिम्मेदारी निभाने के लिए उनके साथ सूचना साझा की।'

रेडियो पाकिस्तान का फेसबुक पर आरोप

इस्लामाबाद, 31 दिसंबर। पाकिस्तान के सरकारी प्रसारक ने दावा किया कि फेसबुक ने कश्मीर में मानवाधिकारों के कथित उल्लंघन के बारे में उसकी खबरों के बुलेटिन के सीधे प्रसारण पर प्रतिबंध लगा दिया। रेडियो पाकिस्तान ने कहा 'फेसबुक प्रशासन ने कश्मीर में लगातार ज्यादतियों, कर्फ्यू और सैन्य कार्यवाही के खिलाफ आवाज उठाने के लिए पीबीसी के समाचार बुलेटिनों का सीधा प्रसारण ब्लॉक कर दिया।' **(भाषा)**

रिपब्लिकन सांसद ने कश्मीर में स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए तारीफ की

वाशिंगटन, 31 दिसंबर (भाषा)।

जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा प्रदान करने वाले अनुच्छेद 370 को 'अप्रचलित प्रावधान' बताते हुए अमेरिका के रिपब्लिकन सांसद ने कश्मीर में 'स्थिरता' सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार और संसद के कदमों की सराहना की।

अमेरिकी संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा में अरिजोना के सांसद पॉल ए गोसर ने क्षेत्र में शांति सुनिश्चित करने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ कार्य जारी रखने के लिए ट्रंप प्रशासन की तारीफ की। गोसर ने अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को खत्म किए जाने और राज्य को दो केंद्रशासित प्रदेशों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बांटे जाने के फैसले का स्वागत किया। उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट कर दिया है कि शांति और आर्थिक समृद्धि के लिए यह बदलाव करना आवश्यक था। मैं जम्मू-कश्मीर में स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी और संसद की, उनके नेतृत्व के लिए सराहना करता हूं।' उन्होंने कहा, 'जम्मू-कश्मीर के लिए लागू कानून का अप्रचलित प्रावधान अनुच्छेद 370 अब नहीं रहा है। अनुच्छेद 370 और इसकी वजह से ध्रुवीकृत राजनीतिक माहौल के कारण क्षेत्र में हजारों निर्दोष लोगों की जान गई।'

pnb Housing Finance Limited

पंजीकृत कार्यालय : 9वां तल, अंतरिक्ष भवन, 22, के.जी. मार्ग, नई दिल्ली-110001, फोन : 011-23357171, 23357172, 23705414, वेबसाइट : www.pnbhousing.com

शाखा (दिल्ली) – 8 वीं मंजिल डीसीएम बिल्डिंग 16, बाराखम्भा रोड, सी पी, नई दिल्ली – 110001
शाखा (सेक्टर-3, नोएडा) – भूतल, डी-2, सेक्टर – 3, नोएडा (उ.प्र.) – 201301, शाखा (सेक्टर-63, नोएडा) – एच-1ए / 10, प्रथम तल, सेक्टर – 63, नोएडा- 201301 (उ.प्र.)

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3(1) के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अध्याय III की धारा 13(2), अद्यतन संशोधित, के अधीन सूचना

हम, पीएनबी हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (इसमें आगे "पीएनबीएचएफएल" के रूप में वर्णित) ने अपनी दिल्ली शाखा शाखा (दिल्ली) – 8 वीं मंजिल डीसीएम बिल्डिंग 16, बाराखंभा रोड, सी पी, नई दिल्ली – 110001, शाखा (सेक्टर-3, नोएडा) – भूतल, डी-2, सेक्टर – 3, नोएडा (उ.प्र.) – 201301, शाखा (सेक्टर-63, नोएडा) – एच-1ए / 10, प्रथम तल, सेक्टर – 63, नोएडा- 201301 (उ.प्र.) पर स्थित है शाखा कार्यालय द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसमें आगे "अधिनियम" के रूप में वर्णित) के अध्याय III की धारा 13(2) अधीन मांग सूचना जारी की थी। उक्त मांग सूचना हमारे प्राधिकृत अधिकारी के माध्यम से निम्नवर्णित आप सब कर्जदारों / सह-कर्जदारों को जारी की गई थी, क्योंकि आपका खाता, किश्तों / ब्याज का भुगतान नहीं किए जाने के कारण, भारतीय रिजर्व बैंक / राष्ट्रीय आवास बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार अनार्जक आस्ति के रूप में वर्गीकृत किया गया है। उसकी विषयवस्तु आपके द्वारा मूलधन की किश्तों, ब्याज इत्यादि के भुगतान में की गई चूकों के साथ संबंधित है। बकाया राशि नीचे दी गई है। आगे, हमें कारणों के आधार पर विश्वास है कि आप मांग सूचना प्राप्त करने से बच रहे हैं और इसीलिए यह मांग सूचना प्रकाशित की जा रही है, जैसाकि उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन अपेक्षित भी है। एतदद्वारा आपसे उक्त राशि, अद्यतन ब्याज तथा अन्य राशियों सहित, जो भुगतान की तिथि तक देय हो सकती है, इस मांग सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन की अवधि के भीतर पीएनबीएचएफएल को अदा करने की मांग की जाती है। जिसमें विफल रहने पर पीएनबीएचएफएल उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के अधीन, किसी एक या अधिक या सभी प्रत्याभूत आस्तियों के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करेगा, जिसमें कर्जदारों तथा गारंटरों की प्रत्याभूत आस्तियों का कब्जा प्राप्त किया जाना शामिल है। आपका ध्यान वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आमंत्रित किया जाता है, जिसके तहत अधीन आप सम्पूर्ण बकाया राशि, पीएनबीएचएफएल द्वारा वहन की गई सभी लागतों, प्रभारों तथा व्ययों सहित, का भुगतान सार्वजनिक नीलामी, जनता से कोटेशन, निविदा आमंत्रण द्वारा अथवा गुप्त समझौते द्वारा प्रत्याभूत आस्तियों की बिक्री की सूचना के प्रकाशन की तिथि तक ही कर सकते हैं। कृपया यह भी नोट करें कि यदि सम्पूर्ण बकाया राशि, पीएनबीएचएफएल द्वारा वहन की गई सभी लागतों, प्रभारों तथा व्ययों सहित, का भुगतान सार्वजनिक नीलामी, जनता से कोटेशन, निविदा आमंत्रण द्वारा अथवा गुप्त समझौते द्वारा प्रत्याभूत आस्तियों की बिक्री की सूचना के प्रकाशन की तिथि तक नहीं किया जाता है, तो आप उसके पश्चात प्रत्याभूत आस्ति(यों) छुड़ाने के हकदार नहीं होंगे।

आगे, आप के ऊपर, उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के अधीन उपरोक्त प्रत्याभूत आस्तियों का बिक्री, पट्टा या किसी अन्य प्रकार से अंतरण करने के संबंध में, रोक लगी है।

क्र. सं.	ऋण खाता सं. एवं शाखा	कर्जदार / सह-कर्जदार का नाम/पता	गारंटर का नाम/पता	बंधक रखी गई सम्पत्ति	मांग सूचना की तिथि	मांग सूचना की तिथि तक बकाया राशि
1.	00166660004675 बी.ओ. सेक्टर -3, नोएडा	श्री अरुण चंद खन्ना, मैसर्स फास्ट फूड्स प्राइवेट लिमिटेड, श्री गोकल चंद खन्ना, श्रीमती मोनिका खन्ना, 1 श्री राम रोड, सिविल लाइन्स, दिल्ली-110054 और सी -14, इंडस्ट्रियल एरिया, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश – 201003	नहीं	KUB0082302, कुबे, जेपी ग्रीन्स, नोएडा, उत्तर प्रदेश – 201301	27.11.2019	27.11.2019 तक रू 89,29,287.87
2.	00166660006012 बी.ओ. सेक्टर -3, नोएडा	श्री पियूष खंडेलवाल, श्रीमती प्रिया खंडेलवाल, ई -51, द्वितीय तल, सुशांत लोक -1, गुड़गांव, हरियाणा-122009 और पश्चिम छोर 502, नाइटसब्रिज, गुड़गांव, हरियाणा -122001	नहीं	यूनिट नं.-KS20050401, जेपी ग्रीन स्पोर्ट्स सिटी, नोएडा, उत्तर प्रदेश -201301	27.11.2019	27.11.2019 तक रू 27,49,271.41
3.	00166660003612 बी.ओ. सेक्टर -3, नोएडा	श्रीमती दीप शिखा सिंह, श्री रितु राज चौधरी, सी -302, मयूर ध्वज अपार्टमेन्ट, प्लॉट नंबर -60, आई पी एक्सटेंशन, दिल्ली -110092	नहीं	फ्लैट नं- 0601, ब्लॉक - ए1 यूनिटेक यूनिहोम - 3, सेक्टर -113 नोएडा, उत्तर प्रदेश -201301	27.11.2019	27.11.2019 तक रू 15,41,346.03
4.	HOU/NOI/0119/629672 बी.ओ. नोएडा	श्री कार्तिक चोपड़ा, श्रीमती डॉली चोपड़ा, फ्लैट नंबर 805, 8वीं तल, रॉयल हाइट पाटिल रोड, बोपोडी, पुना, महाराष्ट्र- 411020	नहीं	बी -104, 1-टावर बी, वैभव हेरिटेज हाइट, प्लॉट नं. जीएच-01ई, सेक्टर -16, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश -201310	27.11.2019	27.11.2019 तक रू 46,30,139.00
5.	00166660005673 बी.ओ. नोएडा	श्री राहुल चौहान, श्री सोमपाल सिंह चौहान, 506 सी ईगल, आईएनएस हम्ला मारुवे रोड, सलाड वेस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र- 400095	नहीं	705, 7, टावर एएन सी, अजनारा अम्बासिया, सेक्टर -118, नोएडा, एक्सप्रेसवे के पास, उत्तर प्रदेश -201301	27.11.2019	27.11.2019 तक रू 44,80,675.92
6.	00166660003704 बी.ओ. सेक्टर -3, नोएडा	मेसर्स जीएलएस फार्मा लिमिटेड, श्री सुरेश पाठक, श्रीमती सुनीता पाठक, बी-1 / 58, प्रथम तल, मालवीय नगर, दिल्ली 110017 और 206, स्काई लार्क बिल्डिंग, नेहरू प्लेस, दिल्ली-110019 और आर-4 मेन खिलारी रोड, खिरकी एक्सटेंशन मालवीय नगर, दिल्ली -110017	नहीं	के7-2101, कैलिफोर्नी कोर्ट जेपी ग्रीन्स, सेक्टर -128 नोएडा, उत्तर प्रदेश - 201301	27.11.2019	27.11.2019 तक रू 1,03,06,085.78
7.	HOU/NOI/0119/628727 बी.ओ. सेक्टर -3, नोएडा	श्री संजय राव, श्रीमती विमला राव, फ्लैट नंबर 6, द्वितीय तल, प्लॉट नंबर 23 और 23ए, ब्लॉक बी1, संपर्क पार्क, उत्तम नगर, दिल्ली -110059	नहीं	सीवीएन -टी 06-01-03, 1, टावर टी 6, सीएवडी वान्स, फाजिलपुर डारसा गांव, गुड़गांव, हरियाणा -122001 निरंजना कट्टी -II के पास	27.11.2019	27.11.2019 तक रू 1,04,22,182.50
8.	00166660004675 बी.ओ. दिल्ली	श्री सुशील भारद्वाज, सुश्री एकता भारद्वाज, श्री हेट राम शर्मा, सुश्री रश्मि भारद्वाज और श्री सुधीर भारद्वाज पता: फ्लैट नं- सी 24, एचईडब्ल्यूओ अपार्टमेंट, सेक्टर -16ए, फरीदाबाद हरियाणा 122002	श्री हरीश बैसला, पता: – 733, सेक्टर -17, फरीदाबाद हरियाणा 122001 एवं श्री राजेश गौर, ई -24, नेहरू ग्राउंड, एनआईआईटी, फरीदाबाद, हरियाणा 122001	फ्लैट नं. सी – 24, हेवो अपार्टमेंट्स, सेक्टर -16ए, फरीदाबाद हरियाणा -122002	10.12.2019	10.12.2019 तक रू 3,00,027.23
9.	00016660007092 बी.ओ. दिल्ली	श्री गोपाल सिंह पता: 1 / 2697 राम नगर शाहदरा दिल्ली 110032	श्री रविन्द्र कुमार गुप्ता जे -14, ब्रह्मपुरी, गली नं 10, दिल्ली 110053	मकान नं ए -3, दूसरी मंजिल, ब्लॉक-ए, पार्ट-II (डब्ल्यूएस), सेक्टर-12, टीएचए, रामप्रस्था गाजियाबाद, उ.प्र.	05.12.2019	05.12.2019 तक रू 5,20,488.63
10.	00016660009776 बी.ओ. दिल्ली	श्री देवाशीष रावत एवं श्री पदम सिंह रावत पता : – फ्लैट नंबर बी – 19 / सी -1, आईआईटी कैंपस, हौज खास, नई दिल्ली -110016	नहीं	फ्लैट नं. 1107, ग्यारहवीं मंजिल, टावर -बी4, युनिहोम्स- 3, सेक्टर -113, नोएडा, उ प्र	02.12.2019	02.12.2019 तक रू 21,09,945.90
11.	HOU/DEL/0615/225726 बी.ओ. दिल्ली	श्री संतोष कुमार और श्रीमती शबनम जसवाल पता: – जी-37, द्वितीय तल, श्याम नगर, दिल्ली एवं फ्लैट नंबर आर 1601 द हाइड पार्क सेक्टर 304 नोएडा -201304	नहीं	बी -004, जीएच -01 / बी, ब्लॉक बी, भूतल, आकृति शांति निकेतन, सेक्टर 143बी, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश -201301	02.12.2019	02.12.2019 तक रू 76,61,563.70
12.	00016660006999 बी.ओ. दिल्ली	श्री अशोक कपूर पता: – ए -123, विवेक विहार, दिल्ली – 110095	श्री मुकेश अग्रवाल, ए-148, विवेक विहार, दिल्ली 110095	फ्लैट नं एम-302, प्लॉट नं. 28, दूसरी मंजिल, एम आई जी फ्लैट, शालीमार गार्डन एक्स -I, गाजियाबाद, उ प्र -201005	12.12.2019	12.12.2019 तक रू 5,17,466.80
13.	HOU/NOIB/0617/397663 बी.ओ. सेक्टर -63, नोएडा	श्री देव कुमार और श्री रश्मि गौतम अनिल विहार खोरा कॉलोनी, भारत उत्तर प्रदेश गाजियाबाद 201301	नहीं	ई डब्ल्यू एस फ्लैट नं. 238-डी, तीसरी मंजिल, ब्लॉक-59, सेक्टर-73, नोएडा, तहसील और जिला गौतम बुद्ध नगर नोएडा, उत्तर प्रदेश -201305	28.08.2019	22.08.2019 तक रू 12,13,100.14
14.	HOU/NOI/1015/244746 बी.ओ. सेक्टर -3, नोएडा	श्रीमती शालिनी त्रिपाठी, एमआईजी -3 / 12 / 123 नेहरू नगर, रीवा, मध्य प्रदेश -486001	श्री अभिषेक त्रिपाठी, 100- सी, सिंगल स्टोर, रमेश नगर, नई दिल्ली -110015	2007, बीसवीं मंजिल, टावर- बी -1, मॉर्फियस प्रतीक्षा, प्लॉट नं. जी एच -16 ए, सेक्टर – 01, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश -201301	09.12.2019	09.12.2019 तक रू 31,24,024.74
15.	00166660002823 बी.ओ. सेक्टर -3, नोएडा	श्रीमती मीनू जैन एवं श्री मनीष जैन, फ्लैट नंबर -4, प्रथम तल, बालाजी एपार्टमेंट, ब्लॉक-बी, नेहरू नगर -2, गाजियाबाद, उ.प्र.- 201001	श्री जितेन्द्र कुमार, बी- 77, हरदेव सहाय नगर, कालका गारी चौक, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश -201001	प्लॉट नं. 42, पहली मंजिल, ब्लॉक -सी, मगन एन्क्लेव, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश -201009	10.12.2019	10.12.2019 तक रू 17,49,495.27
16.	NHL/GRP/0417/379004 बी.ओ. ग्रीन पार्क	गुरमिंदर सिंह साहनी, वरजीन कौर साहनी, नरेंदर कौर साहनी, ए-90 द्वितीय तल, मोरा बाग, दिल्ली, भारत, 110026	नहीं	सम्पत्ति नं. 48, भूतल (फ्रंट साइड), नार्थ एवेन्यू रोड, पंजाबी बाग पश्चिम, दिल्ली, भारत -110026	20.12.2019	20.12.2019 तक रू 1,65,95,872.61
17.	HOU/GRP/1016/325512 बी.ओ. ग्रीन पार्क	प्रियंका, बी -66, तृतीय तल, बी-ब्लॉक, पटेल गार्डन, दिल्ली – 110078 एवं फ्लैट नंबर 1741, जिनिनिया टावर्स, गौर सौन्दर्यम, ग्रेटर नोएडा वेस्ट- 201306	नहीं	508.5, टावर डी (डायमंड), एसजी ग्रैंड, खसरा नं. -145 और 199, गांव -मोरती, गाजियाबाद, एन ए, रिवर हाइट्स, एन ए, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश, भारत -201017	20.12.2019	20.12.2019 तक रू 11,66,289.95
18.	166660001937 बी.ओ. नोएडा	श्री जय नाथ सिंह, जे -146, ओल्ड सीमापुरी, दिल्ली – 110095	श्री अनिल कुमार वर्मा, म. नं. 83, गली जैन मंदिर, कस्तूरबा नगर, छोटा बाजार के पास शाहदरा नई दिल्ली- 110032	यूनिट नं. ए -104 भूतल क्वांटम रेजीडेंसी, राज नगर नूर नगर, गाजियाबाद, उ प्र -201002	20.12.2019	20.12.2019 तक रू 9,13,206.36

स्थान : दिल्ली एनसीआर दिनांक : 01.01.2020 प्राधिकृत अधिकारी, मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड

कार्यालय: रिकवरी अधिकारी-II, ऋण वसूली अधिकरण-II, दिल्ली
4था तल, जीवनतारा भवन, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001

बिक्री उद्घोषणा सूचना

आर.सी. नं. 278/2018 तिथि: 18.12.2019

पंजाब नेशनल बैंक बनाम मोह. शाकिर

बैंक तथा वित्तीय संस्थानों के बकाए ऋणों की वसूली अधिनियम, 1993 के साथ पठित आयकर अधिनियम, 1961 की द्वितीय अनुसूची के नियम 52 (2) के अंतर्गत बिक्री उद्घोषणा

सेवा में
सीडी 1: मोह. शाकिर, पुत्र श्री मोह. जहीर, ए-28, मदरडेयरी के निकट, न्यू जाफराबाद, शाहदरा, दिल्ली-110032
सीडी 2: सुश्री मुमताज जहॉन, पत्नी मोह. शाकिर, ए-28, मदरडेयरी के निकट, न्यू जाफराबाद, शाहदरा, दिल्ली-110032

1. जैसा कि सुट के संस्थापन की तिथि से वसूली प्रमाणपत्र के अनुसार लागतों तथा चार्जेज के साथ सर्टिफिकेट डेब्टर्स से 9.6% प्रति वर्ष की दर पर ब्याज के साथ प्रतिवादी सं. 1 से 2 के विरुद्ध रु. 82,65,140.06 (रुपये बयासी लाख पैंसठ हजार एक सौ चालिस तथा पैसे छः मात्र) की वसूली के लिये पीठासीन अधिकारी ऋण वसूली अधिकरण-II द्वारा ओए नं. 522/2017 तिथि 27.9.2018 में वसूली प्रमाणपत्र सं. 278/2018 तैयार किया गया है।
2. तथा जैसा कि उक्त प्रमाण पत्र की संतुष्टि में अधोहस्ताक्षरी ने अनुसूची में नीचे वर्णित संपत्ति की बिक्री का आदेश दिया है।
3. एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि स्थगन आदेश की अनुपस्थिति में 6.2.2020 को 3.00 बजे अप. से 4.00 बजे अप. के बीच यदि जरूरी हो 4.00 बजे अप. के बाद 5 मिनट के विस्तार के साथ में ई-नीलामी द्वारा उक्त संपत्ति की बिक्री की जाएगी तथा यह बोली ''ऑन-लाइन इलेक्ट्रोनिक बोली'' के माध्यम से वेबसाईट https://drt.auctiontiger.net पर होगी।
4. यह बिक्री नीचे तालिका में नामित उपरोक्त सीडी'ज की संपत्ति की होगी तथा उक्त संपत्ति से जुड़ी देयताएं एवं दावे, जो अब तक सुनिश्चित हैं, वे प्रत्येक लॉट के समक्ष अनुसूची में निर्दिष्ट हैं।
5. संपत्ति को अनुसूची में निर्दिष्ट लॉट में बिक्री पर रखा जाएगा। यदि वसूल की जाने वाली राशि संपत्ति के भाग की बिक्री से पूरी हो जाती है तो शेष के मामले में तुरंत बिक्री रोक दी जाएगी। यदि बिक्री संचालक अधिकारी के पास अनुसूची में वर्णित बकाए, ब्याज लागत (बिक्री लागत सहित) जमा कर दी जाती है अथवा उक्त प्रमाणपत्र की राशि, ब्याज एवं लागत अधोहस्ताक्षरी के पास जमा कर दिए होने का उनकी संतुष्टि के लिए प्रमाण जमा कर दिया जाता है तो किसी भी लॉट की नीलामी से पूर्व बिक्री तत्काल रोक दी जाएगी।
6. ऐसे किसी भी अधिकारी या अन्य व्यक्ति बिक्री के सिलसिले में कोई कर्तव्य निर्वहन का दायित्व हो, प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से, वे बेची जा रही संपत्ति को अर्जित करने के लिए बोली लगाने या कोई हित अर्जित करने के लिए प्रयास करने में अक्षम होंगे।
7. यह बिक्री आयकर अधिनियम, 1961 की द्वितीय अनुसूची में निर्दिष्ट शर्तों तथा उसके अंतर्गत निर्मित नियमों तथा आगे की निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगी।

7.1 संलग्न अनुसूची में निर्दिष्ट विवरण अधोहस्ताक्षरी की सर्वश्रेष्ठ जानकारी के अनुसार प्रस्तुत की गई है, ल

पांच कंपनियों पर जुर्माना

नई दिल्ली, 31 दिसंबर। सेबी ने पांच कंपनियों पर एक कंपनी के शेयरों के बाजार को साठगांठ के जरिए प्रभावित करने के आरोप में 14.4 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया।

सूचकांक ने लगाया 304 अंक का गोता

मुंबई, 31 दिसंबर (भाषा)।

रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी, आइसीआइसीआइ बैंक और टीसीएस जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में गिरावट से साल 2019 के आखिरी दिन सूचकांक 304 अंक लुढ़क गया।

बंबई शेयर बाजार का 30 शेयरों वाला सूचकांक 304.26 अंक यानी 0.73 फीसद गिरकर 41,253.74 अंक पर आ गया।

इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 87.40 अंक यानी 0.71 फीसद गिरकर 12,168.45 अंक पर आ गया। सूचकांक की कंपनियों में टेक महिंद्रा में सबसे ज्यादा 2.51 फीसद की गिरावट आई। बजाज ऑटो, रिलायंस इंडस्ट्रीज, हीरो मोटोकॉर्प, इंडसइंड बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी और टीसीएस के शेयर भी गिरे।

दूसरी तरफ, एनटीपीसी, सन फार्मा, ओएनजीसी, पावरग्रिड और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयरों में तेजी रही। विश्लेषकों ने कहा कि किसी बड़े आर्थिक कारक के अभाव में और शेयर विशेष में बिकवाली से बाजार में गिरावट आई।

वैश्विक बाजार में, शंघाई 0.33 फीसद बढ़कर जबकि हांगकांग 0.46 फीसद गिरकर बंद हुआ। तोक्यो और सोल में छुट्टी की वजह से बाजार बंद रहा।

चालू खाते का घाटा दूसरी तिमाही में कम होकर 0.9 फीसद रहा : आरबीआइ

मुंबई, 31 दिसंबर (भाषा)।

चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई से सितंबर 2019) के दौरान चालू खाते का घाटा (कैड) कम होकर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 0.9 फीसद रह गया। एक साल पहले इसी अवधि में यह जीडीपी के मुकाबले 2.9 फीसद पर था।

रिजर्व बैंक द्वारा जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। इसमें कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के अंत में चालू खाते का घाटा कम होकर 0.9 फीसद यानी 6.3 अरब डॉलर रह गया जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 2.9 फीसद या 19 अरब डॉलर रहा था। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल से जून 2019) में यह घाटा जीडीपी के दो फीसद यानी 14.2 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा है, कैड में आई यह कमी प्राथमिक तौर पर 38.1 अरब डॉलर के निम्न व्यापार घाटे की वजह से है। एक साल पहले व्यापार घाटा 50 अरब डॉलर की ऊंचाई पर था।

एअरलाइन कंपनियों की बाजार बिगाड़ने की नीति जारी : पुरी

नई दिल्ली, 31 दिसंबर (भाषा)।

नागर विमानन मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को कहा कि भारत में एअरलाइन कंपनियां अब भी दूसरे के पर कतरने वाली मूल्य नीति पर चल रही हैं। उन्होंने आगाह किया कि यह सिलसिला अगर बना रहा तो कुछ अन्य एअरलाइनें भी डूब सकती हैं।

> सिलसिला जारी तो कुछ एअरलाइनें डूब जाएंगी

पुरी ने यहां संवाददाता सम्मेलन में हालांकि यह भी कहा कि उनके मंत्रालय की ऐसी कोई सोच नहीं है कि विमान किरायों को विनियमित किया जाए। उन्होंने कहा कि किराए खुले बाजार की नीति के दायरे में ही रहने चाहिए। हमें बाजार में संतुलन बनाने की जरूरत है। एअरलाइन कंपनियों की खराब वित्तीय हालत के लिए केवल गलाकाट मूल्य स्पर्धा ही जिम्मेदार नहीं है। लेकिन यह कई कारणों में से एक कारण जरूर है। पुरी ने कहा, एअरलाइनों से बातचीत के बाद बाजार बिगाड़ने वाली मूल्य नीति में कुछ कमी आई है; हमारा सुझाव है कि किराये को व्यवहारिक रखा जाए।

भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम, रेल मंत्रालय)
उत्तर मध्य क्षेत्र (एनसीआर), छठवीं मंजिल, आईडब्ल्यूएआई बिल्डिंग, ए-13, सेक्टर-1 नोएडा-201301 (उ.प्र.), दूरभाष: 0120-4052950, फैक्स: 0120-4052988

ई-निविदा सूचना

ई-निविदा सूचना सं.: कॉन/एनसीआर/पीएंडए/एडीपी ईएमपी/2020 दिनांक 01.01.2020

कॉनकॉर द्वारा अपने उत्तर मध्य क्षेत्रीय कार्यालय, सेक्टर-1, नोएडा में विभिन्न एनआईटी विज्ञापन के प्रकाशन के कार्य निष्पादन के लिए न्यूनतम 5 वर्षों का अनुभव रखने वाली पूरी तरह से आईएनएस अनुमोदित विज्ञापन एजेंसियों की सूचीबद्धता के लिए इच्छा की अभिव्यक्ति हेतु एकल बोली प्रणाली में ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा बिक्री की अंतिम तारीख 21.01.2020 को अपराह्न 5.00 बजे तक है तथा वेबसाइट www.tenderwizard.com/CCIL पर प्रस्ताव दस्तावेज जमा करने की अंतिम तारीख 22.01.2020 को अपराह्न 5.00 बजे तक है। विस्तृत जानकारी एवं किसी भी संशोधन के लिए कृपया वेबसाइट www.tenderwizard.com/CCIL पर लॉग ऑन करें। मुख्य महाप्रबंधक/उत्तर मध्य क्षेत्र

ऋण वसूली अधिकरण, देहरादून
भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग
द्वितीय तल, पारस टॉवर, माजरा, सहारनपुर रोड, देहरादून, उत्तराखंड–248171

समक्ष वसूली अधिकारी–द्वितीय, ऋण वसूली अधिकरण, देहरादून
माँग तथा उपस्थित होने की सूचना
(ऋण वसूली व दिवालियापन अधिनियम, 1993 के अनुभाग 25 से 29 के साथ पढ़ते हुए आयकर अधिनियम, 1961 के द्वितीय अनुसूची के नियम 2 के अन्तर्गत नोटिस)

आर.सी. संख्या 393/2019, ओ.ए. संख्या 184/2019 डायरी संख्या 764, दिनांक: 03.12.2019
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया बनाम मैसर्स जे0पी0 राईस इंडस्ट्रीज एवं अन्य
रामनगर रोड, काशीपुर शाखा, उधम सिंह नगर– 244713, उत्तराखण्ड

सेवा में,
1. मैसर्स जे.पी. राईस इंडस्ट्रीज रजिस्ट्रार ऑफिस ग्राम-मिस्सरवाला, पोस्ट-कुन्डा, काशीपुर, उधमसिंह नगर- 244713, उत्तराखंड पार्टनर्स-जगरूप सिंह पुत्र स्व0 श्री दलबीर सिंह एवं श्रीमती पलविन्दर कौर पत्नी श्री दलजीत सिंह।
2. जगरूप सिंह पुत्र स्व0 श्री दलबीर सिंह, निवास- ग्राम- मिस्सरवाला, पोस्ट- कुन्डा, काशीपुर, उधमसिंह नगर- 244713, उत्तराखंड।
3. श्रीमती पलविन्दर कौर पत्नी श्री दलजीत सिंह, निवास- ग्राम- मिस्सरवाला, पोस्ट-कुन्डा, काशीपुर, उधमसिंह नगर- 244713, उत्तराखंड।
4. श्री पलदीप सिंह पुत्र सुरता सिंह, निवासी- ग्राम- कमालू गंज गौड़, पोस्ट- लामाचौड़, हल्द्वानी, नैनीताल- 263139, उत्तराखण्ड
5. कश्मीर सिंह पुत्र स्व श्री दलबीर सिंह (अब मृत) के उत्तराधिकारी:
5(A). श्रीमती हरविन्दर कौर पत्नी स्व0 श्री कश्मीर सिंह, निवासी- ग्राम- मिस्सरवाला, पोस्ट-कुन्डा, काशीपुर, उधमसिंह नगर- 244713, उत्तराखंड।
5(B). श्री रौनक दीप अपनी माता/अभिभावक के माध्यम से श्रीमती हरविन्दर कौर पत्नी स्व0 श्री कश्मीर सिंह, निवासी- ग्राम- मिस्सरवाला, पोस्ट-कुन्डा, काशीपुर, उधमसिंह नगर- 244713, उत्तराखंड।
5(C). श्री रौशनदीप अपनी माता/अभिभावक के माध्यम से श्रीमती हरविन्दर कौर पत्नी स्व0 श्री कश्मीर सिंह, निवासी- ग्राम- मिस्सरवाला, पोस्ट-कुन्डा, काशीपुर, उधमसिंह नगर- 244713, उत्तराखंड।
5(D). श्रीमती भजन कौर पत्नी स्व. श्री दलबीर सिंह स्व0 श्री कश्मीर सिंह निवासी- ग्राम- मिस्सरवाला, पोस्ट- कुन्डा, काशीपुर, उधमसिंह नगर- 244713, उत्तराखंड।

सर्टिफिकेट डेबटर्स

(v) यह सूचित करना है कि आप पर रू0 2,85,04,102.39/– (दो करोड़, पचासी लाख चार हजार एक सौ दो रूपये उनतालीस पैसे मात्र) + वाद कालीन प्रभावी ब्याज, ओ.ए. की दिनांक 20.04.2019 से @12.00% प्रतिवर्ष साधारण ब्याज की दर से अन्य खर्चे बकाया है। जो कि प्रेसीडिंग ऑफिसर ऋण वसूली अधिकरण–देहरादून के द्वारा दिनांक 23.08.2019 को जारी वसूली प्रमाणपत्र के ओ.ए. 184/2019 के अनुसार आपके विरूद्ध रू0 1,88,000.00 का वाद व्यय सहित देय हैं।
(vi) आप को यह मांग पत्र प्राप्त होने के 15 दिन के अंदर उपर्युक्त लिखित राशि जमा कराने के लिए कहा जाता है, जिसमें असमर्थ रहने पर ऋण वसूली और दिवालियापन अधिनियम, 1993 और नियम के अनुसार वसूली की जाएगी।
(vii) उक्त धनराशि के अतिरिक्त आप निम्नलिखित के भुगतान के लिए भी उत्तरदायी होंगे।
सी) इस प्रमाण पत्र/निष्पादन प्रक्रिया की सूचना के तुरंत बाद की अवधि हेतु देय ब्याज राशि सभी लागत, प्रभार और खर्चे।
डी) इस सूचना को दिए जाने और इस प्रक्रिया में होने वाली सभी लागतें, प्रभार और व्यय, जिसे देय राशि की वसूली हेतु प्रक्रिया में किया गया है।
(viii) यदि आप द्वारा उक्त राशि का भुगतान नहीं किया जाता उस स्थिति में आपको आदेश दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी के समक्ष अग्रिम कार्यवाही हेतु दिनांक 11.02.2020 को समय 11:00 पूर्वान्ह उपस्थित हो।
अधिकरण की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से 03 दिसम्बर, 2019 से जारी।
रिकवरी अधिकारी–I, डीआरटी, देहरादून

सिंडिकेट बैंक
जे-34, ग्रा तल, डीडीए फ्लाईओवर एस शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, मुनीरका विहार के सामने, नयाबाज नगर, दिल्ली-110024
E-mail: sanib.delhi@syndicatebank.co.in
शुद्धिपत्र
[illegible]
मुख्य प्रबंधक

एम एस टी सी लिमिटेड MSTC LIMITED
एमपीऑयलफेड बिल्डिंग
पहली मंजिल, 1, अरेरा हिल्स, भोपाल–462004 (म.प्र.)
दूरभाष 0755–2552241/2570684
ई–नीलामी
MSTC/BPL/BHEL, BHOPAL/12/BHOPAL/19-20/30670
ई–नीलामी दिनांक – 09.01.2020
अधिक जानकारी के लिए हमारे वेब साइट पर देखें :
www.mstcecommerce.com
www.mstcindia.co.in

वादपदों के स्थिरीकरण के लिए प्रतिवादी को सम्मन
(आदेश 5 नियम 1 व 5 व्यवहार प्रक्रिया संहिता)
न्यायालय उपखण्ड अधिकारी मिर्धा, जिला-उदयपुर (राज.)
श्रीमती प्रभा कंवर सोलंकी... वादी
बनाम श्री नरेन्द्र कुमार व अन्य... प्रतिवादीगण
वाद संख्या 46/2018 राजस्व वाद
प्रतिति: 2. श्री दिनेश जैन पिता श्री एम.एल. जैन, नि.- जे.बी. नगर, जवाहरी पूर्व, मुम्बई, महाराष्ट्र
4. श्रीमती मंजूला पत्नी श्री राजेश जैन, नि. अमर कॉलोनी, राजस्व नगर, नई दिल्ली
5. श्रीमती मंगू पिता श्री एम.एस. जैन, नि. सिन्धु नगर, भीलवाड़ा, राजस्थान
चूंकि वादीगण ने आपके विरूद्ध वाद कायम, बंटवाड़ा एवं स्थायी निषेधाज्ञा अन्तर्गत धारा 53 एवं 188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 के लिए एक वाद संस्थित किया है। अतः आपको हतद् द्वारा आहूत किया जाता है कि आप या तो स्वयं ऐसे या अधिवक्ता जो कि सम्बन्धकरूपेण अनुदिष्ट हो व वाद सम्बन्धी सर्व सारवान प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ हो या सिवाके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो कि ऐसे सब प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ हो के द्वारा दिनांक 22.01.2020 के दिवस को 10.00 AM बजे दावे का उत्तर देने हेतु इस न्यायालय में उपस्थित हो और आगे आपको हतद् द्वारा यह भी निर्देश दिया जाता है कि उस दिन आप अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन पेश करें और उसी दिन वे सब प्रश्न जो आपके अधिवक्ता या अधिकार में हो व जिन पर आप अपना प्रतिरक्षा या प्रतिपादन या प्रतिदावा आधारित करते हो, भी प्रस्तुत करें तथा जहां आप किसी अन्य प्रश्न जो आपके अधिवक्ता या अधिकार में हो या न हो पर अपनी प्रतिरक्षा या प्रतिपादन का प्रतिदावा के समर्थन में साक्ष्य के रूप में भरोसा रखते हो, उन प्रश्नों को अपने लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।
सूचित रहे कि पूर्वोपर्णित दिवस को आपके द्वारा अपनी उपस्थिति में व्यतिक्रम होने पर कथित वाद आपकी अनुपस्थिति में सुना व अवधारित किया जायेगा।
प्रदत्त दिनांक 30.12.19 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया। उपखण्ड अधिकारी, मिर्धा, उदयपुर

दिल्ली पर्यटन एवं परिवहन विकास निगम
दिल्ली हाट, पीतम पुरा, रोड न. 41, टीवी टॉवर के पास, पीतम पुरा, दिल्ली, फोन नंबर: 27317663
ई–मेल: delhitourismadav@yahoo.co.in
निविदा सूचना
दिल्ली सरकार की ई–खरीद प्रणाली और ई–नीलामी वेबसाइट के माध्यम से निम्नलिखित निविदाओं के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं।
1.दिल्ली हाट पीतम पुरा में निविदा आईडी DHPP/e-Auction /Halls/01/2020-21/3 Years. के अंतर्गत लाइसेंस शुल्क के आधार पर भाजा/सामाजिक मेलजोल/भोजनालय/ आदि के हेतु दो हॉल।
2.दिल्ली हाट पीतम पुरा में निविदा आईडी 2019_DTTDC_186641_1 के अंतर्गत बिना टिकट वाले क्षेत्र में तीन दुकानों के संचालन हेतु खाद्य तियोरक/पुस्तकों की दुकान/फूलों की दुकान/स्मारिका दुकान के हेतु निविदा
3.जीटीबी मेमोरियल सिंधु बॉर्डर, दिल्ली में निविदा आईडी 2019_DTTDC_186620_1 के अंतर्गत फूड प्लाजा एवं कियोस्क के संचालन हेतु
अनुबंध के विस्तृत नियम एवं शर्तों वाले निविदा दस्तावेज को दिल्ली सरकार की वेबसाइट https://govtprocurement.delhi.gov.in और www.tenderwizard.com/DTTDC से डाउनलोड किया जा सकता है। ई–निविदा/ई–नीलामी जमा करने की अंतिम तिथि 30.01.2020 को 3:00 बजे तक है। 30.01.2020 को 4:00 बजे, 18–ए, डीडीए शॉपिंग कम ऑफिस कॉम्पलेक्स, डिफेंस कॉलोनी, नई दिल्ली–110024 में निविदाएं खोली जाएंगी। यदि कोई भी शुद्धिपत्र हुए तो केवल दिल्ली सरकार की वेबसाइट www.tenderwizard.com पर जारी किये जाएंगे।
प्रबंधक(दिल्ली हाट पीतम पुरा)

दक्षिणी दिल्ली नगर निगम
कार्यालय कार्यपालक अभियंता (इलेक्ट)/डब्ल्यूजेड
ओल्ड जोनल बिल्डिंग, राजौरी गार्डन, नई दिल्ली–27
निविदा आमंत्रण सूचना
एनआईटी न. ईई/इलेक्ट्रिकल/पश्चिम जोन/2019-20/32, लाइन न. 01, दिनांक 30.12.2019
कार्य का नाम: पश्चिम जोन के अधीन जे–8, राजौरी गार्डन में बहुमंजिला भूमिगत कार पार्किंग में एमईपी उपकरणों का वार्षिक व्यापक प्रचालन एवं रखरखाव अनुबंध।
निविदा दस्तावेज वेबसाइट www.tenderwizard.com/SOUTHDMCETENDER से डाउनलोड किये जा सकते हैं।
Ro No. 146/DPI/South/2019-20
कार्यपालक अभियंता (ई)/डब्ल्यूजेड

दिल्ली जल बोर्ड: रा.रा. क्षेत्र दिल्ली सरकार
कार्यालय: कार्यपालक अभियंता (ई एंड एम) III
चन्द्रावल वाटर वर्क्स नं. 1, सिविल लाइन्स, दिल्ली–110054
प्रैस एन.आई.टी. सं. 11 (2019–20)/ ईई (ई एंड एम) III

क्रम सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	धरोहर राशि	ईएमडी राशि	ई–प्रापण सॉल्यूशन के माध्यम से निविदा जारी की तिथि	ई–प्रापण सॉल्यूशन के माध्यम से निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समय
1.	बागवानी कार्य के लिये द्वारका में शोधित एफ्ल्युएन्ट पम्पिंग स्टेशन का एस.आई.टी.सी. (पुनर्आमंत्रित)	मद दर	500/–	78700/–	30.12.2019 3.00 बजे अप. तक, निविदा आईडी: 2019_DJB_186825_1	13.1.2020 3.00 बजे अप. तक।

इस संदर्भ में अधिक विवरण वेबसाईट https://govtprocurement.delhi.gov.in पर देखें।
पी.आर.ओ. (जल) द्वारा जारी हस्ता./–
विज्ञा. सं. जे.एस.वी. 2019–20/745 कार्यपालक अभियंता (ई एंड एम) III

SBI
विपणन एवं संप्रेषण विभाग, कॉरपोरेट केन्द्र,
स्टेट बैंक भवन, 8वां तल, मादाम कामा रोड, मुंबई - 400021.
शुद्धिपत्र
कृपया पब्लिक रिलेशन एजेंसी (आरएफपी नं. CC/M&C/2019-20/03) के संदर्भ में पढ़ें, जो इस अखबार में 12.12.2019 को प्रकाशित किया गया था. शुद्धिपत्र के विवरण हमारी वेबसाइट https://bank.sbi पर 'खरीद फरोख्त समाचार' के अंतर्गत उपलब्ध हैं.
स्थान: मुंबई हस्ताक्षर
दिनांक: 01.01.2020 उप महाप्रबंधक (विपणन परिचालन)

भा.कृ.अ.प. केन्द्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान
क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र – लखनऊ
ICAR - Central Soil Salinity Research Institute, Regional Research Station, Old Jail Road, P.O. Dilkusha, Lucknow - 226002
Ph.: 0522 - 2984712, Fax : 0522 - 2984713, Email : headcssrirrsl@gmail.com
(विज्ञप्ति) Date: 30.12.2019
WALK-IN-INTERVIEWS
A walk-in-interview has been fixed on 15th January 2020 at ICAR-Central Soil Salinity Research Institute Regional Research Station, Lucknow for recruitment of One Young Professional-I purely on contractual basis. For details of the posts, duration eligibility, qualification, age, experience, honorarium etc., please visit institutes' website www.cssri.res.in
I/c Admn.

दिल्ली जल बोर्ड: रा.रा. क्षेत्र दिल्ली सरकार
कार्यालय: कार्यपालक अभियंता (सी) डीआर. VIII
यमुना विहार सीवेज शोधन संयंत्र (डा. अम्बेदकर कॉलेज के निकट), दिल्ली–110094
फोन नं.: 011–22813593, ईमेल: kkharit1@gmail.com
प्रैस एनआईटी सं.–4 (2019–20)

क्रम सं.	कार्य का विवरण	अनुमानित अनुबंध मूल्य (ईसीबी)/निविदा राशि (रु.)	धरोहर राशि (ईएमडी) (रु.)	निविदा प्रॉसेसिंग शुल्क अप्रतिदेय (रु.)	निविदा जारी की तिथि/निविदा आईडी	निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समय
1.	हर्ष विहार में राइजिंग मैन सहित 3.85 (एमजीडी) डब्ल्यूडब्ल्यूपीएस का निर्माण।	(लम्प सम) डीबीओ आधार	2623700/–	1500/–	30.12.2019/ 2019_DJB_186854_1	20.1.2020 3.00 बजे अप. तक

इस संदर्भ में अधिक विवरण वेबसाईट https://govtprocurement.delhi.gov.in पर देखें।
पी.आर.ओ. (जल) द्वारा जारी हस्ता/–
विज्ञा. सं. जे.एस.वी. 2019–20/749 कार्यपालक अभियंता (सी) डीआर -VIII

कार्पोरेशन बैंक
(सार्वजनिक क्षेत्र का अग्रणी बैंक)
आंचलिक कार्यालय–दिल्ली (दक्षिण), कार्पोरेशन बैंक बिल्डिंग, प्रथम तल, फैज रोड, झण्डेवालान, नई दिल्ली – 110005 फोन नं. 011–28755101,28754642, ई मेल:cb8821ssd@corpbank-co-in
बिक्री सूचना
कार्पोरेशन बैंक कार्यालय की एक कार का निपटान (का बेचना) चाहते है। टाटा इंडिगो जिसका पंजीकरण दिनांक 05.01.2010 है। इसे निविदा या बोली के आधार पर किया जायेगा। अन्य ब्यौरे तथा आवेदन–पत्र के लिये हमारे आंचलिक कार्यालय, दिल्ली (दक्षिण)से उपरोक्त पते पर पर संपर्क करें। आवेदन–पत्र प्राप्त करने की अंतिम दिनांक 10.01.2020 को 03.00 अपराहन है। कृपया दलाल आवेदन न करें।
तिथि : 31.12.2019 उप महा प्रबंधक

कार्यालय: रिकवरी अधिकारी–II, ऋण वसूली अधिकरण–II, दिल्ली
4था तल, जीवन तारा बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली–110001
आर.सी. नं. 278/2018 तिथि: 18.12.2019
पंजाब नेशनल बैंक बनाम मोह. शाकिर
कथित रिकवरी प्रमाण पत्र में मेरे आदेश तिथि 18.12.2019 के अनुसार 6.2.2020 को सार्वजनिक ई नीलामी बिक्री द्वारा नीचे वर्णित संपत्ति की बिक्री की जाएगी: यह नीलामी बिक्री वेबसाईट https://drt.auctiontiger.net पर "ऑन लाईन ई–नीलामी" होगी।
नीलामी की तिथि एवं समय: 6.2.2020 को 3 बजे अप. से 4 बजे अप. (4 बजे अप. के बाद यदि जरूरी हुआ, 5 मिनट की अवधि के विस्तार के साथ।)
संपत्ति का विवरण
i) सम्पत्ति सं. ए–28, 1ला तल, ब्लॉक–ए, न्यू जाफराबाद, शाहदरा, दिल्ली–110032 (माप 901 वर्ग फीट)
ii) आरक्षित मूल्य: पैरा (i) में वर्णित सम्पत्ति के लिये रु. 5000000/– (रुपये पचास लाख मात्र) है।
iii) धरोहर राशि भुगतान (ईएमडी): पैरा (i) में वर्णित सम्पत्ति के लिये रु. 5,00,000/– (रुपये पांच लाख मात्र) है।
नियम एवं शर्तें
1. नीलामी बिक्री वेबसाईट पोर्टल: https://drt.auctiontiger.net पर "ऑन लाईन ई–नीलामी" होगी।
2. ईएमडी का भुगतान रिकवरी अधिकारी–I, डीआरटी–II, दिल्ली खाता "आर.सी. नं. 278/2018" के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट/ पे आर्डर द्वारा अथवा पंजाब नेशनल बैंक, एआरएमबी शाखा, मयूर विहार फेज–II, नई दिल्ली, खाता नं. 4408002100515419, आईएफएससी कोड: PUNB00440800 में एनईएफटी/आरटीजीएस द्वारा किया जाएगा जिसके साथ पहचान के स्व– सत्यापित प्रमाण (वोटर आई–कार्ड/ ड्राइविंग लाइसेंस/ पासपोर्ट) जिसमें भविष्य में पत्राचार का पता शामिल हो तथा पैन कार्ड की स्वतः सत्यापित प्रति अधिकतम 4.2.2020 के 4.00 बजे अप. तक रिकवरी अधिकारी–II, डीआरटी–II, दिल्ली के कार्यालय में पहुंच जाना चाहिए। उसके बाद प्राप्त ईएमडी अथवा ईएमडी के मूल प्रमाण को स्वीकार नहीं किया जाएगा।
3. ईएमडी या ईएमडी के एनईएफटी/ आरटीजीएस द्वारा जमा की गई मूल प्रमाण तथा प्रेषक के विवरणों जैसे पते, ई–मेल आईडी तथा मोबाईल नंबर आदि से युक्त लिफाफे के ऊपर 'आरसी नं. 278/2018' शीर्षांकित किया जाना चाहिए।
4. संपत्ति की बिक्री "जैसा है जहां है आधार" पर की जा रही है।
5. बोलीदाता को सलाह दी जाती है कि अपनी बोली जमा करने तथा ई–नीलामी में भाग लेने से पूर्व विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए पोर्टल https://www.drtauctiontiger.net देखें एवं/अथवा श्री शिवानंद भांजा, सहायक महा प्रबंधक, मो. नं. 7044070801 से सम्पर्क करें।
6. संभावित बोलीदाता को पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा तथा अग्रिम में लॉगिन आईडी तथा पास्वर्ड प्राप्त करना होगा जो ई–प्रॉक्योर्मेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, ए–201/2018, वाल स्ट्रीट–II, ऑरिएंट क्लब के सामने, एलिस ब्रिज, गुजरात कॉलेज के निकट, अहमदाबाद–3800006, सम्पर्क नं. +91079–40016800, फैक्स: 917940016876, ईमेल आईडी: support@auctiontiger.com, सम्पर्क व्यक्ति श्री राम कुमार, सम्पर्क नं. 8000023297, ई–मेल: delhi@auctiontiger.net से प्राप्त करना अनिवार्य है।
7. इच्छुक बोलीदाता मै ई–प्रॉक्योर्मेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, ए–201/2018, वाल स्ट्रीट–II, ऑरिएंट क्लब के सामने, एलिस ब्रिज, गुजरात कॉलेज के निकट, अहमदाबाद–3800006 सम्पर्क नं. +91079–40016800, फैक्स: 917940016876, ईमेल आईडी: support@auctiontiger.com, सम्पर्क व्यक्ति श्री राम कुमार, सम्पर्क नं. 8000023297, ई–मेल: delhi@auctiontiger.net से ई–नीलामी प्रक्रिया का प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।
8. केवल ऐसे बोलीदाता ऑनलाइन ई–नीलामी में भाग लेने के लिए अधिकृत होंगे जिनके पास वैध यूजर आईडी एवं पास्वर्ड तथा डिमांड ड्राफ्ट/ पे आर्डर या एनईएफटी/ आरटीजीएस के माध्यम से ईएमडी के भुगतान का निश्चित प्रमाण होगा।
9. संभावित बोलीदाता 29.1.2020 तथा 30.1.2020 को 11.00 बजे से 16.00 बजे तक साईट पर सम्पत्ति का निरीक्षण कर सकते हैं।
10. जो इच्छुक बोलीदाता 4.2.2020 तक आरक्षित मूल्य के ऊपर से अपना प्रस्ताव जमा करते हैं वे ई–नीलामी में भाग लेने के योग्य होंगे जो 6.2.2020 को 3 बजे अप से 4 बजे अप. के बीच आयोजित की जाएगी। यदि बोली अंतिम 5 मिनट में रखी जाती है तो अंतिम समय स्वतः 5 मिनट आगे बढ़ जाएगी।
11. बोलीदाता रु. 100,000/– (रुपये एक लाखा मात्र) के गुणक में अपनी बोली सुधार कर सकते हैं।
12. असफल बोलीदाता ई–नीलामी के तत्काल बाद रिकवरी अधिकारी–II, डीआरटी–II, दिल्ली से/सीएच बैंक अर्थात पंजाब नेशनल बैंक प्रत्यक्ष रूप से अपना ईएमडी प्राप्त कर सकते हैं।
13. सफल/उच्चतम बोलीदाता को ई–नीलामी की समाप्ति के बाद धरोहर राशि (ईएमडी) समायोजित करने के बाद 24 घंटे के भीतर रिकवरी अधिकारी–II, डीआरटी–II, दिल्ली खाता "आर.सी. नं. 278/2018" के पक्ष में 25% का डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर तैयार करना होगा तथा उसे रिकवरी अधिकारी–II, डीआरटी–II, दिल्ली के कार्यालय में इस तरह से भेजना होगा ताकि वह ई–नीलामी की समाप्ति से 30 दिनों के भीतर रिकवरी अधिकारी कार्यालय में पहुंच जाए अन्यथा धरोहर राशि (ईएमडी) जब्त कर ली जायेगी।
14. सफल/ उच्चतम बोलीदाता को रिकवरी अधिकारी–II, डीआरटी–II दिल्ली, खाता आर.सी. नं. 278/2018 के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट/ पे आर्डर द्वारा तथा संपत्ति की नीलामी की तिथि से 15 वें दिन, उस दिन को छोड़कर अथवा यदि 15वाँ दिन रविवार या अवकाश होता है तो 15वें दिन के बाद प्रथम कार्यालय दिवस को 1000/– तक 2% तथा 1000 से अधिक की सकल राशि पर 1% की दर से पाउंडेज शुल्क के साथ रिकवरी अधिकारी–II, डीआरटी–II, दिल्ली के पास रजिस्ट्रार, डीआरटी–II, दिल्ली के पक्ष में देय शेष 75% बिक्री राशि का भुगतान करना होगा (डाक द्वारा शेष 75% राशि के भुगतान की स्थिति में वह उक्त रूप से रिकवरी अधिकारी–II, डीआरटी–II, दिल्ली के पास पहुंच जाना चाहिए। निर्धारित अवधि में भुगतान में चूक करने पर बिक्री की नई उद्घोषणा जारी करने के बाद संपत्ति की फिर से बिक्री की जाएगी। बिक्री के खर्चे के डेफ्रे करने के बाद अधोहस्ताक्षरी यदि उपयुक्त समझते हैं तो जमा की गई राशि सरकार के पक्ष में जब्त कर ली जाएगी तथा चूक करने वाले क्रेता को उस राशि अथवा जिसके लिए बाद में उसकी बिक्री की जाएगी, के प्रति दावे करने के सभी अधिकारों से वंचित कर दिया जाएगा।
15. सीएचएफआई/ सीएच बैंक को निर्देश दिया जाता है कि बिक्री उद्घोषणा दस्ती, स्पीड पोस्ट, कूरियर द्वारा तथा संपत्ति के किसी उपयुक्त भाग में उसे चिपकाकर सीडीज को उपलब्ध कराएं तथा परिक्षेत्र में ड्रम का वादन कराएं तथा उसकी एक प्रति अधिकरण की सूचना पटल पर लगवाएं।
16. बिक्री उद्घोषणा क्षेत्र में व्यापक प्रचार वाले अंग्रेजी तथा क्षेत्रीय भाषा के समाचार पत्र में प्रकाशित कराई जाए।
17. सीएचएफआई/ सीएच बैंक को निर्देश दिया जाता है कि समाचार पत्रों में विज्ञापन के प्रकाशन को सुनिश्चित करें तथा प्रकाशन का मूल प्रमाण सुनवाई की अगली तिथि को दाखिल करें।
18. अधोहस्ताक्षरी को बिना कोई कारण बताए किसी या सभी बोलियों को स्वीकार या निरस्त करने, यदि अनुपयुक्त पाई जाती है, या किसी समय नीलामी को स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं तथा इस संदर्भ में उनका निर्णय अंतिम तथा मान्य होगा।
संपत्ति की अनुसूची

बिक्री की जाने वाली संपत्ति का विवरण	संपत्ति या इसके किसी भाग पर निर्धारित राजस्व	किसी अन्य ऋणभार का विवरण, जिसके लिए संपत्ति उत्तरदायी है	दावे, यदि कोई हो, जिसे संपत्ति पर रखा गया हो तथा कोई अन्य ज्ञात विवरण जिसमें उसकी प्रकृति एवं मूल्य हो
ए–28, 1 ला तल, ब्लॉक–ए, न्यू जाफराबाद, शाहदरा, दिल्ली–110032 (माप 901 वर्ग फीट)	ज्ञात नहीं	ज्ञात नहीं	ज्ञात नहीं

ई–नीलामी के उद्देश्य से सर्विस (ट्रैक परिणामों क्वा स्पीड पोस्ट तथा कूरिअर सहित) तथा दस्ती, समाचार पत्रों में प्रकाशन तथा व्यापक प्रचार के मूल प्रमाणों के साथ ई–नीलामी बिक्री सूचना का शपथ पत्र दाखिल करने के लिए मामले को 29.1.2019 को सूचीबद्ध कराई जाए।
(अविनाश चन्द्रा),
रिकवरी अधिकारी–II,
डीआरटी–II, दिल्ली

प्रपत्र – 'जी'
अभिरूचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण
दिवाला और ऋण शोध अक्षमता (कार्पोरेट व्यक्तियों के लिए ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 36क (1) के अधीन

प्रासंगिक विवरण

1.	कार्पोरेट देनदार का नाम	श्री सी प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड
2.	कार्पोरेट देनदार के निगमन की तिथि	09/07/2010
3.	प्रक्रियाधीन शिकायत अधीन कार्पोरेट देनदार निगमित/पंजीकृत है	रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज, नई दिल्ली कम्पनी अधिनियम 1956 के अंतर्गत
4.	कार्पोरेट देनदार की कार्पोरेट पहचान संख्या/सीमित दायित्व पहचान संख्या	U70200DL2010PTC205607
5.	कार्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई) का पता	पंजीकृत कार्यालय: सी–23, ग्रेटर कैलाश एन्क्लेव, पार्ट–I, नई दिल्ली – 110048 निगमित कार्यालय: (पंजीकृत कार

याकूब के लिए दया अनुरोध वाला मंत्री का पत्र वायरल

असलम शेख ने इसके लिए भाजपा को ठहराया जिम्मेदार

मुंबई, 31 दिसंबर (भाषा)।

कांग्रेस विधायक असलम शेख को महाराष्ट्र मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने के एक दिन बाद, 1993 के मुंबई सिलसिलेवार बम विस्फोट के दोषी याकूब मेमन के लिए दया का अनुरोध करने वाला उनका एक पुराना पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

